फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

सोमवार, 25 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 128, पृष्ठ 24
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

गेंदबाजों के दम पर छह रनों से जीता गुजरात 21

मुइज्जू जिद्दी न बनें, भारत से मतभेद सुलझाएं 22




MAXLIFE
SUPERSPECIALITY HOSPITAL
&
FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
आप सभी को
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
कैथ लैब
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मॉड्यूलर आपरेशन
एडवांस आईसीयू
एडवांस एनआईसीयू
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O.
स्त्री प्रसूति एवं निःसन्तान रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व चिकित्सक: एसआरएमएस, बरेली
गुरुतेग बहादुर अस्पताल, दिल्ली
• स्त्रियों की समस्त बीमारियों एवं माहवारी की गड़बड़ी का इलाज
• दर्द रहित प्रसव की सुविधा।
आई.सी.यू. अच्छे वेंटीलेटर व डायलिसिस से सुसज्जित
डॉ. अरशद
एमएस
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ.जावेद
एमबीबीएस एमडी
फिजिशियन
डॉ. सिद्धार्थ सिंह
एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच
न्यूरोसर्जन
डा. अनीस बेग
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ
भूतपूर्व चिकित्सक लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल, दिल्ली
• समय से पूर्व जन्में बच्चों के लिए प्रीमेच्योर बेबी के लिए रेडियन्ट वार्मर, सी-पैप मशीन
• नवजात शिशुओं में पीलिया के लिए फोटोथैरेपी मशीन
• Birth Asphyxia (जन्म पर न रोना) का इलाज
सुविधायें:- एंजीयोक्लासी, एजींयोग्राफी, इको, पेस्मेकर की सुविधा 2. आधुनिक नर्सरी- नवजात शिशु का आधुनिक मशीनों से इलाज 3. डायलिसिस की सुविधा 4. समस्त रोग प्रसव (डिलीवरी) की सुविधा, सेजेरियन (ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी) 5. आई.सी.यू. की सुविधा, वेंटिलेटर, डायलिसिस से सुसज्जित सस्ते रेटों में 6. एन.डी.बी.एच. (बिना टांके के बच्चेदानी निकालने की सुविधा) 7. हृदय डायबिटीज टी.बी. सांस एवं गुर्दा रोग 8. दूरबीन विधि द्वारा पित्त की थैली व गुर्दे का ऑपरेशन 9. हैड इंजरी ट्रामा के मरीजों का बेहतरीन इलाज।
Medical Department & NICU Supported by cloud Physician
Maxlife Superspeciality Hospital sindhu nagar, bareilly
मो. 9927091555, 0581-2541298, 0581-2541299


aap
AAM AADMI PARTY
आम आदमी पार्टी
उत्तर प्रदेश
ईज.मौ.हैदर
अध्यक्ष रोहिलखण्ड प्रान्त
संजय सिंह
सांसद राज्य सभा
रंगों के महापर्व
होली
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एड. सुनीता गंगवार
उपाध्यक्ष रोहिलखण्ड जोन आम आदमी पार्टी (उ.प्र.)
M.A., M.Ed., L.L.B., P.G. Diploma in Journalism
Managing Director : Sunita Hospital
अध्यक्ष, पैनी नज़र सामाजिक संस्था (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 9045203952, 9997791702

फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2080

सोमवार, 25 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 128, पृष्ठ 24
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कृति बोलीं-हल्दी सेरेमनी में मुल्तानी मिट्टी का यूज किया 21

नौकरी में पिछड़ने से युवाओं का बदल रहा व्यवहार 22

होली की उमंग



पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट में होली खेलती महिलाएं।

# वीके सिंह, अश्विनी, संतोष, संघमित्रा व वरुण का कटा टिकट

## बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार, पीलीभीत से जितिन प्रसाद, मेरठ से अरुण गोविल बनाए गए प्रत्याशी

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को 111 उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी कर दी। पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री वीके सिंह की जगह गाजियाबाद से स्थानीय विधायक अतुल गर्ग को टिकट दिया है जबकि बिहार के बक्सर से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काटकर उनके स्थान पर मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया गया है। पीलीभीत से वर्तमान सांसद वरुण गांधी का टिकट काटकर उनके स्थान पर राज्य सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि उनकी मां मेनका गांधी को सुल्तानपुर से फिर से टिकट दिया गया है। बरेली से संतोष गंगवार और बदायूं से संघमित्रा का टिकट कट गया है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को ओडिशा के संबलपुर से उम्मीदवार बनाया गया है।

पार्टी की इस सूची में फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का भी नाम है। उन्हें हिमाचल प्रदेश के मंडी से टिकट दिया गया है। कुछ देर पहले ही भाजपा में शामिल होने वाले पूर्व सांसद नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र से भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एक बार फिर बेगूसराय से चुनाव लड़ेंगे जबकि बिहार से ताल्लुक रखने वाले अन्य केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय उजियारपुर से, आरके सिंह आरा से, रामकृपाल यादव पाटलिपुत्र से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद को एक बार फिर पटनासाहिब से और सुशील कुमार सिंह को औरंगाबाद से टिकट दिया गया है। राज्यसभा सदस्य विवेक ठाकुर को नवादा से उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह पूर्वी चम्पारण से जबकि संजय जायसवाल एक बार फिर पश्चिमी चम्पारण से चुनाव लड़ेंगे। झारखंड के दुमका से भाजपा ने सीता सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। सीता सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी हैं और पिछले दिनों उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ वायनाड सीट से भाजपा ने केरल इकाई के पूर्व अध्यक्ष के सुरेंद्रन को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा अब तक 291 लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है।

### यूपी से 13 उम्मीदवारों के नामों का एलान

सहारनपुर से राघव लखनपाल, मुरादाबाद–सर्वेश सिंह, मेरठ से अरुण गोविल, गाजियाबाद–अतुल गर्ग, अलीगढ़ से सतीश गौतम, हाथरस (अजा)–अनूप वाल्मीकि, बदायूं–दुर्विजय सिंह शाक्य, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार, पीलीभीत–जितिन प्रसाद, सुल्तानपुर–मेनका गांधी, कानपुर–रमेश अवस्थी, बाराबंकी (अजा) सीट से राजरानी रावत, बहराइच (अजा) सीट से अरविन्द गोंड को उम्मीदवार बनाया गया है।

- भाजपा की 5वीं सूची में 111 नामों की घोषणा, मेनका को सुल्तानपुर कंगना रनौत को मंडी से टिकट

अवकाश सूचना

समस्त सुधि पाठकों, अभिकर्ताओं, विज्ञापनदाताओं और हॉकर बंधुओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं। होली के अवसर पर 25 मार्च को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 27 मार्च को प्रकाशित होगा। – संपादक

रमज़ान मुबारक
चौदहवां रोज़ा इफ्तार - 25 मार्च 2024
सुन्नी - 06:30 बजे | शिया- 06:38 बजे
पंद्रहवां रोज़ा सहरी - 26 मार्च 2024
सुन्नी - 04:46 बजे | शिया- 04:39 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
एम. के.
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/11, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

# केजरीवाल ने ईडी की हिरासत से जारी किया लिखित आदेश

## जलमंत्री आतिशी को सीवर और पानी की समस्या दूर करने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से पहला लिखित आदेश भेजा है जिसमें उन्होंने जल मंत्री आतिशी को राष्ट्रीय राजधानी में सीवर और पानी की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए हैं। केजरीवाल द्वारा ईडी हिरासत से भेजे गए आदेश की प्रति आतिशी ने रविवार को यहां साझा किया। मुख्यमंत्री ने अपने आदेश में कहा कि मुझे पता चला है कि दिल्ली के कुछ इलाक़ों में पानी और सीवर की काफ़ी समस्याएँ हो रही हैं। इसे लेकर मैं चिंतित हूँ। चूँकि मैं जेल में हूँ, इस वजह से लोगों ज़रा भी तकलीफ़ नहीं होनी चाहिए। गर्मियां भी आ रही हैं। जहां भी पानी की कमी है, वहाँ उचित संख्या में टैंकरों का इंतज़ाम कीजिए।

मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को उचित आदेश दीजिए ताकि जनता को किसी तरह की परेशानी न हो। जनता की समस्या का तुरंत और समुचित समाधान होना चाहिए। ज़रूरत पड़ने पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना का भी सहयोग लें। वह आपकी ज़रूर मदद करेंगे। जल मंत्री आतिशी ने कहा कि कल जब मुख्यमंत्री की ओर से ये निर्देश मेरे पास आए तो मेरी आँखों में आँसू आ गए। मैंने सोचा कि कौन ऐसा व्यक्ति है जो इतनी विकट परिस्थिति में, जब उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया है और उन्हें पता नहीं है कि वो जेल से कब बाहर आयेंगे, जनता के बारे में सोचता है। कौन ऐसा व्यक्ति है को अपने बारे में न सोचकर दिल्ली वालों के बारे में सोचता है। कौन ऐसा व्यक्ति है जो अपनी इतनी बड़ी तकलीफ़ के बारे में न सोचकर दिल्लीवालों के छोटे-छोटे पानी और सीवर से जुड़ी समस्याओं के बारे में सोचता है।

### जेल से चलेगी सरकार



- केजरीवाल का पत्र दिखातीं दिल्ली की जलमंत्री आतिशी

### इंडिया गठबंधन 31 मार्च को दिल्ली में करेगा महारैली

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गोपाल राय ने रविवार को कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया देश के हितों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली करेगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले के संबंध में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल (55) को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया था जिसके बाद उक्त घोषणा की गई है। इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस ('इंडिया') के घटक 'आप' और कांग्रेस ने यहां एक प्रेस वार्ता में रैली का एलान किया। आप की दिल्ली ईकाई के संयोजक राय ने कहा कि रैली में 'इंडिया' गठबंधन का शीर्ष नेतृत्व शामिल होगा।

### केजरीवाल का आदेश पटकथा का हिस्सा : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत से जल मंत्री को दिए गए उनके निर्देश को पहले से लिखी कहानी करार दिया। इसके साथ ही उनकी गिरफ्तारी को दिल्ली के लोगों के लिए जश्न का कारण बताया। तिवारी ने कहा कि ईडी की हिरासत में एक अपराधी (आरोपी) है और उसका हवाला देकर आज एक कहानी लिखी गई कि दिल्ली में पानी और सीवर से जुड़ी सुविधाएं अव्यवस्थित हैं।

# सूखा राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कर्नाटक

- केंद्र सरकार पर आरोप, नहीं मिल रही धनराशि

**नई दिल्ली।** कर्नाटक सरकार ने सूखा प्रबंधन के लिए राज्य को राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनडीआरएफ) से आर्थिक सहायता देने का केंद्र सरकार को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। याचिका में यह भी घोषित करने का अनुरोध किया गया है कि केंद्र का एनडीआरएफ के मुताबिक सूखा प्रबंधन के लिए वित्तीय मदद न देने का कदम संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत प्रदान किए गए राज्य के लोगों के मौलिक अधिकारों का प्रथम दृष्टया उल्लंघन है। इसमें कहा गया है कि राज्य गंभीर सूखे की चपेट में है जिससे उसके लोगों की जिंदगी पर असर पड़ रहा है और 2023 के खरीफ मौसम के लिए कुल 236 में से 223 तालुक को सूखा प्रभावित घोषित किया गया है।

याचिका में कहा गया है कि 196 तालुक को गंभीर रूप से प्रभावित श्रेणी में रखा गया है तथा बाकी के 27 तालुक मध्यम रूप से प्रभावित श्रेणी में हैं।

# डंपर ने ट्रैक्टर-ट्राली को मारी टक्कर, 4 की मौत



सावित्री



रवि



रामवती



कविता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक

**अमृत विचार :** रामपुर जिले में डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि 11 गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामूली घायल पांच लोग घर चले गए। ट्रॉली में करीब 20 लोग सवार थे। होली पर घटना से मृतकों के घर मातम छाया है।

बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव हल्दी खुर्द निवासी मंजू यादव परिजनों व रिश्तेदारों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव बूजपुर निवासी बेटी के घर छोछक देने गई थी। शनिवार की रात करीब एक बजे घर लौटते समय हाईवे स्थित धर्मपुरा गांव के संपर्क मार्ग के पास डंपर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ट्राली में सवार गांव की ही कविता (18), रवि उर्फ टिंकू यादव (18), रामवती (45) तथा सावित्री (30) निवासी कर्पिया हप्पू थाना मिलक की मौत हो गई। जबकि मंजू ,सोनाक्षी, संतोष, अंजलि, अमित, रमन, सोनू , अंजना, आरती, जोगराज, अंकुल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। डंपर चालक मौका पाकर फरार हो गया। सूचना पर मृतकों एवं घायलों के परिजन मौके पर पहुंचे। एडीएम प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य, एसडीएम राजेश कुमार, सीओ रविन्द्र प्रताप सिंह, कोतवाल धनंजय सिंह भी पहुंचे।



- मुरादाबाद से बरेली आते समय हुआ हादसा, 11 लोग घायल

# चार्जिंग के दौरान फटा मोबाइल, चार बच्चों की मौत, पति-पत्नी भी झुलसे

- हालत गंभीर होने से पत्नी दिल्ली एम्स के लिए रेफर

मेरठ, एजेंसी

मेरठ के पल्लवपुरम क्षेत्र स्थित एक मकान में मोबाइल चार्ज किए जाने के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। जिसके कारण चार बच्चों की मौत हो गई और उनके माता-पिता घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि पल्लवपुरम थाना क्षेत्र की जनता कालोनी में जोनी नामक व्यक्ति के घर में शनिवार की रात मोबाइल फोन चार्ज किए जाने के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।

जिसमें जोनी, उसकी पत्नी बबीता और चार बच्चे सारिका (10), निहारिका (आठ), संस्कार उर्फ गोलू (छह) और कालू (चार) गंभीर रूप से झुलस गए। सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां देर रात निहारिका और गोलू की मौत हो गई जबकि सारिका और कालू ने रविवार सुबह दम तोड़ दिया। पिता जोनी 20 प्रतिशत झुलस गया उसकी हालत खतरे से बाहर है लेकिन पत्नी बबीता को दिल्ली एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) रेफर किया गया है। जोनी ने बताया कि निहारिका, गोलू एवं कालू मोबाइल पर गेम खेल रहे थे और इसी दौरान मोबाइल चार्ज भी हो रहा था। उसने बताया कि इसी दौरान शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।





अस्पताल में भर्ती घायल और फटा हुआ मोबाइल।

# फोन टैपिंग मामले में तेलंगाना में दो पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

**हैदराबाद।** फोन टैप करने और कुछ कंप्यूटर सिस्टम एवं आधिकारिक डेटा को नष्ट करने के आरोप में हैदराबाद पुलिस ने शनिवार देर रात अतिरिक्त डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) तिरुपथन्ना और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एन. भुजंग राव को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पुलिस अधिकारी क्रमशः विशेष खुफिया ब्यूरो (एसआईबी) और खुफिया विभाग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में काम कर चुके हैं। अधिकारियों पर एसआईबी के निलंबित डीएसपी डी. प्रणीत राव के साथ मिलीभगत करने का आरोप है, जिन्हें बीआरएस सरकार के दौरान फोन टैप में गिरफ्तार किया था।

# बदायूं डबल मर्डर : परेशान पिता ने फूंकी बाइक, आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दो बेटों की हत्या से दुखी पिता लोगों की तरह-तरह की बातों से आपा खो बैठा और अपनी बाइक में आग लगाकर उसमें कूदकर आत्मदाह का प्रयास किया। एसएसबी ने उन्हें रोक लिया और समझाकर शांत किया।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी ठेकेदार विनोद कुमार के बेटे आयुष और आहान उर्फ हन्नू की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने उसी रात हत्यारोपी साजिद को मार गिराया था जबकि दूसरा आरोपी जावेद बरेली में पकड़ा गया। पुलिस के खुलासे से परिवार असंतुष्ट था ही साथ ही आस-पड़ोस के लोगों ने तरह-तरह की बातें शुरू कर दीं। यह बातें पीड़ित परिवार तक पहुंचीं तो वे परेशान हो उठे। रविवार सुबह लगभग साढ़े 8 बजे विनोद अपने दूसरे मकान से बाइक लेकर नए घर पर पहुंचे। तिराहे पर बाइक में आग लगा दी। अपनी कार लाकर उसमें भी आग लगाने की बातें करने लगे। आग में कूदकर आत्मदाह का प्रयास किया लेकिन एसएसबी के जवानों ने रोक लिया। अग्निशमन की गाड़ी बुलाकर आग बुझाई गई। तब तक बाइक जल चुकी थी। सीओ सिटी आलोक मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई पहुंचे और विनोद से बात की। विनोद ने बताया कि उनके दो बेटों की मौत हो गई है। लोग उनके परिवार को लेकर गलत बात कर रहे हैं जिससे पूरा परिवार परेशान है।



- बेटों की हत्या के बाद लोगों की बातों से परेशान है परिवार

> रविवार सुबह विनोद कुमार ने घर के बाहर तिराहे पर अपनी बाइक जला दी। अग्निशमन विभाग ने आग बुझाई। विनोद को ऐसा न करने को समझाया गया है। – **गौरव विश्नोई**, प्रभारी निरीक्षक।

# पूर्व वायुसेना प्रमुख राकेश भदौरिया भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व वायुसेना प्रमुख राकेश कुमार सिंह भदौरिया और तिरुपति के पूर्व सांसद वरप्रसाद राव रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में दोनों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।

भदौरिया भारतीय वायुसेना के 26वें प्रमुख थे। तत्कालीन एयर चीफ मार्शल भदौरिया जून 1980 में वायु सेना की लड़ाकू शाखा में शामिल हुए थे। भदौरिया की गिनती वायु सेना के उन चुनिंदा पायलटों में होती हैं जिन्होंने राफेल विमान उड़ाया है। भाजपा में शामिल होने के बाद भदौरिया ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अद्भुत नेतृत्व और अद्वितीय दूरदर्शिता से प्रभावित हैं। राव ने 2014 में वाईएसआर कांग्रेस के टिकट पर आंध्र प्रदेश के तिरुपति से 16 वीं लोकसभा का चुनाव जीता था।



- तिरुपति के पूर्व सांसद वरप्रसाद राव ने भी ली भाजपा की सदस्यता

# धनंजय बने जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष

जेएनयू छात्र संघ चुनाव

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र संघ चुनाव में वामपंथी उम्मीदवार धनंजय सिंह ने एबीवीपी के उमेश सी अजमीरा को 922 मतों से हराकर अध्यक्ष पर जीत दर्ज की है। धनंजय 1,361 मतों से आगे चल रहे थे। एबीवीपी के उमेश सी अजमीरा दूसरे स्थान पर थे। अंततः धनंजय को जीत हासिल हुई। उपाध्यक्ष पद पर वाम के उम्मीदवार अविजीत घोष विजयी हुए हैं। एबीवीपी की दीपिका शर्मा को हार का सामना करना पड़ा। सचिव और संयुक्त सचिव पद पर भी वाम मोर्चा के प्रत्याशियों को विजय मिली है। वाम मोर्चे ने एक तरह से क्लीन स्वीप किया है।

# बसपा ने जारी की उप्र के 25 प्रत्याशियों की पहली सूची

- लोकसभा चुनाव : पीलीभीत से अनीस अहमद खां, आंवला से आबिद अली और शाहजहांपुर सीट से दोदराम वर्मा लड़ेंगे चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें 16 प्रत्याशियों के नाम हैं जिसमें 7 मुस्लिम हैं। कुछ ही घंटों के अंतराल पर 9 प्रत्याशियों की अन्य सूची भी जारी की। अगर अन्य सीटों पर भी क्षेत्रीय जातिगत समीकरण देखते हुए बसपा ने मुस्लिम, पिछड़ा, दलित प्रत्याशी उतारे तो मुकाबला त्रिकोणीय होगा।

फिलहाल पहली सूची में किसी महिला प्रत्याशी का नाम नहीं है। रविवार को कैराना से श्रीपाल राणा के साथ सहारनपुर से माजिद अली के नाम पर भी बसपा प्रमुख मायावती ने अंतिम मुहर लगा दी है। सहारनपुर से माजिद अली कांग्रेस के इमरान मसूद को टक्कर देंगे।

मुजफ्फरनगर से दारा सिंह प्रजापति, बिजनौर से विजेंन्द्र सिंह, नगीना से सुरेंद्र पाल सिंह और मुरादाबाद से मोहम्मद इरफान सैफी पर विश्वास जताया है। उधर, संभल से शौलत अली, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन, मेरठ से देववृत्त त्यागी, बागपत से प्रवीण बंसल, गौतमबुद्ध नगर से राजेंद्र सिंह सोलंकी, बुलंदशहर से गिरीश चंद्र जाटव, आंवला से आबिद अली, पीलीभीत से अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू और शाहजहांपुर से दोदराम वर्मा को टिकट दिया गया है। जीशान खां को रामपुर सीट से प्रत्याशी घोषित किया गया है।

बसपा की दूसरी सूची में नौ और उम्मीदवार घोषित किए जिसमें हाथरस (आरक्षित) से हेम बाबू धनगर, मथुरा से कमलकांत उपमन्यु, आगरा (आरक्षित) से पूजा अमरोही, फतेहपुर सीकरी से राम निवास शर्मा, फिरोजाबाद से सतेन्द्र जैन सौली, इटावा (आरक्षित) से सारिका सिंह बघेल, कानपुर से कुलदीप भदौरिया, अकबरपुर (कानपुर देहात) से राजेश कुमार द्विवेदी और जालौन (आरक्षित) से सुरेश चंद्र गौतम उम्मीदवार होंगे।

### मायावती भी बनाएंगी मोर्चा

समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर अपने बूते लोकसभा चुनाव लड़ने निकलीं अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल को जल्द ही बसपा का साथ मिल सकता हैं। नए गठबंधन में अपना दल (कमेरावादी) के साथ ही जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) समेत अन्य छोटे दल भी शामिल हो सकते हैं। अपना दल और बसपा में सहमति लगभग पांच सीटों पर बन गई है, लेकिन सिंबल को लेकर अंतिम निर्णय होना है। बसपा की मंशा पल्लवी पटेल को अपने सिंबल पर चुनाव लड़ाने की है।

### मुरादाबाद से एसटी हसन, बिजनौर से दीपक सैनी सपा प्रत्याशी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए दो और प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी ने मुरादाबाद से एसटी हसन और बिजनौर लोस. सीट से दीपक सैनी को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में प्रदेश की 80 सीटों में सपा ने अब तक 46 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री आजम खां से सीतापुर जेल में मुलाकात की थी। दोनों में कई सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने पर चर्चा हुई थी। सूत्रों के अनुसार आजम ने अखिलेश को रामपुर सीट से चुनाव लड़ने की सलाह देते हुए कहा था कि इससे पश्चिमी यूपी में पार्टी को फायदा हो सकता है।


कोरल मोटर्स प्रा. लि. की तरफ से सभी शहरवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
MARUTI SUZUKI ARENA
होली
कीमतें बढ़ने से पहले
खरीदने का आखिरी मौका.
अपनी पसंदीदा मारुति सुजुकी एरीना कार खरीदें अभी
WAGONR ALTO ALTO K10 S-PRESSO ERTIGA BREZZA SWIFT DZIRE CELERIO EECO
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
CORAL MOTORS PVT. LTD.
STATION ROAD, BAREILLY
9258066326, 9105056701, 7302889109
BISALPUR ROAD, PILIBHIT
8958500041
ASAM ROAD, PURANPUR
8958500042
PILIBHIT ROAD, BISALPUR - 7983543744
4KM. BAREILLY ROAD, KHERA NAWADA, BADAUN
8958500090, 9690020306
BADAUN ROAD, SAHASWAN-8958500099


MASTER EGG DAILY PROTEIN PARTNER
MASTER EGG™
DAILY PROTEIN PARTNER
रोज खायें फार्म के ताजे अंडे
आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वाद
सेहत
संतुष्टि
HAPPY HOLI
ISO 9001:2015
QUALITY MANAGEMENT SYSTEM
ISO 22000:2018
FOOD SAFETY MANAGEMENT SYSTEM
ISO 14001:2015
ENVIRONMENTAL MANAGEMENT SYSTEM
HACCP
HACCP CERTIFIED COMPANY
fssai
License Number : 12724009000037
C.V.SINGH
(Advocate)
HIMANSHU
GANGWAR
Produced & Packed By :
VRINDA POULTRY FARM
Vill. Tulsipur, Rithaura Abhaypur Road, Bareilly (U.P.)
REGD. OFFICE: D/103, Krishna County Apartments, Mini Bypass Karamchari Nagar, Bareilly (U.P.)
Call For Distributorship : 7060013234
www.Masteregg.in




# कुतुबखाना पुल पर मांझे से पहला हादसा, युवती की गर्दन कटी

## कपड़े खरीदने आई थी बाजार, पुल से स्कूटी पर गुजरते समय गले में फंसा मांझा, सड़क पर गिरने से भाई भी घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कुतुबखाना पुल शुरू हुए अभी 12 ही दिन हुए हैं कि उस पर मांझे की वजह से कपड़े खरीदने बाजार आई एक युवती की गर्दन कट गई। स्कूटी गिरने से साथ बैठा भाई भी घायल हो गया। युवती को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

संजयनगर में रहने वाली पूजा यादव ने बताया कि रविवार को वह स्कूटी से कपड़े और कुछ और सामान खरीदने भाई के साथ स्कूटी से बाजार में आई थीं। कुतुबखाना पुल पर गुजरते समय चाइनीज मांझा उनकी गर्दन में फंस गया। स्कूटी रोकने से पहले ही उनकी गर्दन मांझे से कट गई और खून बहने लगा। हड़बड़ाहट में स्कूटी भी गिर गई। इस हादसे में उनके साथ उनका भाई भी सड़क पर गिरने से घायल हो गया।

**• दो सप्ताह भी नहीं हुए हैं अभी पुल पर आवागमन शुरू हुए**

हादसे के बाद राहगीरों की मदद से पूजा को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इससे पहले भी किला पुल, शहामतगंज पुल, चौपुला समेत कई स्थानों पर चाइनीज मांझे से कई लोग जख्मी हो चुके हैं लेकिन इसके बावजूद पुलिस- प्रशासन शहर में चाइनीज मांझे के कारोबार पर रोक नहीं लगा सका है।


अस्पताल में भर्ती पूजा।

### पुल पर मांझे से सुरक्षा के इंतजाम नहीं

शहर में बने पुलों पर चाइनीज मांझे की वजह से हादसे होना आम बात है। इसी वजह से कई पुलों पर तार लगाकर ऐसे इंतजाम किए गए हैं कि मांझा अगर पुल के ऊपर टूटकर गिरे तो उस पर गुजर रहे लोगों तक न पहुंचे लेकिन कुतुबखाना पुल पर ऐसा कोई इंतजाम नहीं किया गया। जबकि इस इलाके में भी जमकर पतंगबाजी होती है।

24 18वीं लोकसभा का चक्रव्यूह
एक झटके में बदले समीकरण... 35 साल बाद बरेली की राजनीति में खत्म हुआ 'संतोष युग'... पेज- 12

## दावा: आज पूरे दिन जारी रहेगी बिजली आपूर्ति

बरेली, अमृत विचार : होली पर सोमवार को 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने का दावा किया गया है। मुख्यालय के निर्देश पर अधिकारियों ने तैयारी की है। मोबाइल ट्रांसफार्मर भी तैयार रखे गए हैं। कहा गया है कि जेई और एसडीओ के साथ संविदा कर्मचारी भी होलिका स्थल के आसपास बिजली लाइनों को चेक करते रहे। अफसरों के अनुसार फाल्ट होने की सूचना पर कर्मी तत्काल मौके पर जाएंगे और उसे ठीक करेंगे। हालांकि रविवार को रामबरात के दौरान एहतियात के तौर पर कुछ घंटे आपूर्ति बंद रखी गई।

रंगों में रमे राम और हुरियारों में हुआ संग्राम
पेज- 16

## पेशी से पहले आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा की तबियत बिगड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा खां की शनिवार रात अचानक तबियत बिगड़ गई। सांस लेने में दिक्कत के साथ सीने में दर्द की शिकायत पर डॉक्टर से चेकअप कराया गया। डॉक्टर ने उन्हें आराम की सलाह दी है। 2010 के दंगे के केस में 27 मार्च तक तौकीर को अदालत में पेश होना है।

मौलाना तौकीर की तबियत बिगड़ने की सूचना पर सौदागरान में उनके आवास पर समर्थकों का तांता लग गया। आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि प्राथमिक इलाज के बाद मौलाना को थोड़ी राहत मिली है लेकिन डॉक्टर ने उन्हें आराम के साथ अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है। बता दें कि पांच मार्च को तौकीर को शहर में 2010 के दंगे का मुख्य आरोपी करार देते हुए अदालत में तलब किया गया था। अदालत में पेश न होने पर गैरजमानती वारंट जारी कर दिया गया। इस पर मौलाना को हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ी। हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक उन्हें 27 मार्च तक ट्रायल कोर्ट में पेश होना है।

## देहरादून से लखनऊ कल से नियमित चलेगी वंदे भारत

**बरेली, अमृत विचार :** देहरादून-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस मंगलवार से नियमित रूप से चलेगी। सोमवार को छोड़कर सप्ताह के छह दिन ट्रेन का संचालन होगा।

वंदे भारत एक्सप्रेस निर्बाध रूप से चलाने के लिए रेलवे ने छह ट्रेनों के समय में बदलाव किया है। होली पर इस ट्रेन के टिकट बड़ी संख्या में टिकट उपलब्ध हैं। 2545 लखनऊ जंक्शन-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस मंगलवार से लखनऊ जंक्शन से 05.15 बजे प्रस्थान कर बरेली जंक्शन से 08.35 बजे, मुरादाबाद जंक्शन से 09.57 बजे हरिद्वार से 12.15 बजे छूटकर देहरादून 13.35 बजे पहुंचेगी। वापसी में 22546 देहरादून-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस 26 मार्च से देहरादून से 14.25 बजे प्रस्थान कर हरिद्वार से 15.31 बजे, मुरादाबाद जंक्शन से 17.45 बजे, बरेली जंक्शन से 19.05 बजे छूटकर लखनऊ जंक्शन 22.40 बजे पहुंचेगी। ट्रेन में आठ चेयरकार कोच लगेंगे, जिसमें एक एक्जीक्यूटिव श्रेणी का चेयर कार कोच होगा।

## बरेली से काशीपुर तक चलेगी मेमू ट्रेन

**बरेली, अमृत विचार :** लंबे समय से इज्जतनगर रेल मंडल में मेमू ( मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) ट्रेनों का संचालन करने की मांग की जा रही थी। अब मंडल चार रेक मेमू ट्रेनों की प्राप्त हुई हैं। सोमवार से होली के मौके पर इसका संचालन भी शुरू हो जाएगा।

बरेली सिटी काशीपुर डेमू ( डीजल मल्टीपल यूनिट) ट्रेन को मेमू में बदला जाएगा। 05351 काशीपुर बरेली सिटी सोमवार से नई रेक के साथ चलेगी। वहीं काशीपुर बरेली सिटी डेमू के स्थान पर 05352 काशीपुर बरेली सिटी मेमू ट्रेन का संचालन किया जाएगा। वहीं, रामनगर मुरादाबाद, लालकुआं मुरादाबाद रूट पर मेमू ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।













आप सभी को
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं




आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
Holi
उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग
सहायक अभियन्ता संघ
बरेली मण्डल
इं. ताबिश अली
मण्डल अध्यक्ष
(S.D.O. Rohilkhand Canal Division Bareilly)
इं. विशाल मिश्रा
क्षेत्रीय सचिव
(S.D.O. Sagar Division Pilibhit)
इं. संदीप सिंह चौधरी
महासचिव
(S.D.O. I & P Division Bareilly)
इं. लाल सिंह
अध्यक्ष
(S.D.O. I & P Banda)


Happy Holi
Happy Holi


शकुन्तला इण्डेन गैस
इंडियनऑयल
Indane
होली
आप सभी को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
पारस शुक्ला
सलिल शुक्ला


डॉ. भीमराव अम्बेडकर अमर रहें
बहुजन आम पार्टी जिन्दाबाद
बाबा सन्त गाड्गे अमर रहें
एड. ओम प्रकाश भास्कर
राष्ट्रीय महासचिव
संजय गुप्ता
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
आंवला लोक सभा प्रभारी
अजय वर्मा
प्रदेश महासचिव
बरेली लोकसभा प्रभारी
राजेश कुमार दिवाकर
प्रदेश उपाध्यक्ष
राम पाल दिवाकर
मंडल अध्यक्ष
बरेली
बहुजन आम पार्टी
आप सभी देशवासियों को
होली
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
जय प्रकाश भास्कर (धोबी)
राष्ट्रीय अध्यक्ष
बहुजन आम पार्टी
के साथ जुड़ने के लिए सम्पर्क करें:- 8218920216

# ट्रेन में भीड़ इतनी... एसी और जनरल कोच एक जैसे

## लखनऊ मेल, काशी विश्वनाथ जैसी ट्रेनों का भी बुरा हाल, महिला कोच में भी घुसे पुरुष, हाथ झाड़कर बैठा रहा रेलवे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली पर ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। एसी कोच की हालत जनरल जैसी हो गई। कई ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं थी। भीड़ के कारण रविवार देर रात तक ट्रेनों का बुरा हाल रहा। परेशान यात्रियों ने एक्स पर शिकायतें कीं, लेकिन भीड़ के आगे रेल प्रशासन बेबस नजर आया।

रविवार को अवध असम एक्सप्रेस, सियालदह एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के अंदर भीड़ रही। देर रात लखनऊ मेल और पद्मावत एक्सप्रेस में भी यात्री परेशान रहे। काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस के कोच एस-3 में सफर कर रहे शेरबहादुर नाम के यात्री ने रेल अधिकारियों को एक्स पर सलाह देते हुए कहा कि स्लीपर क्लास में उतने ही टिकट बांटे, जितनी बर्थ है, महीनों पहले आरक्षण कराने के बावजूद स्थिति बेहद खराब है।

शौचालय और ट्रेन की गैलरी पूरी जाम कर दी है। नवनीत उपाध्याय नाम के यात्री ने रेल अधिकारियों को बताया कि तत्काल टिकट बुक कराना ही अपने आप में सबसे बड़ी चुनौती है, लेकिन तत्काल टिकट लेने का क्या मतलब हुआ, जब ट्रेन में चढ़ने की बारी आई तो लखनऊ मेल दरवाजे ही बंद कर लिए गए हैं। हालांकि, लंबी दूरी के स्टेशनों वाली भीड़ शनिवार को जा चुकी थी, लेकिन रविवार को बरेली के आसपास जिलों के स्टेशनों पर जाने वाले यात्रियों की भीड़ अधिक रही। दिनभर यात्री परेशानी से जूझते रहे। कुछ लोगों ने ट्रेन के गेट पर लटक कर सफर किया।


एसी कोच में भरी यात्रियों की भीड़।


महिला कोच में चढ़ते पुरुष यात्री।


जंक्शन पर आई काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए यात्रियों को जूझना पड़ा।

### श्रमजीवी क्लोन स्पेशल ट्रेन चलाई

रेल प्रशासन ने बड़ी संख्या में होली स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। बरेली जंक्शन से ही करीब दो दर्जन से ज्यादा होली स्पेशल ट्रेनें होकर गुजर रही हैं, लेकिन इसके बाद भी यात्रियों को राहत नहीं मिली। रविवार को रेल प्रशासन ने श्रमजीवी क्लोन स्पेशल ट्रेन का संचालन किया। नई दिल्ली से राजगीर के बीच चलाई गई स्पेशल ट्रेन का ठहराव जंक्शन पर भी हुआ।

### जीआरपी ने जंक्शन पर की चेकिंग

**बरेली, अमृत विचार :** होली के चलते जंक्शन पर रविवार को आरपीएफ व जीआरपी अलर्ट रही। ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त स्टाफ प्लेटफार्म पर लगाया गया था। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि उन्होंने स्टाफ के साथ प्लेटफार्म, ट्रेनों, आरक्षण कार्यालय, वेटिंग रूम, पार्सल कार्यालय, सर्क्युलेटिंग एरिया आदि को चेक किया। ट्रेनों में जहरखुरानी की घटनाओं के चलते भी यात्रियों को जागरूक किया गया।

### बस में जहर खुरानी गिरोह के शिकार हुए तीन यात्री

**बरेली, अमृत विचार :** होली पर रोडवेज बस और ट्रेनों में जहरखुरानी गिरोह सक्रिय हो गए हैं। शनिवार को रोडवेज बसों में यात्रा कर रहे तीन लोगों को जहरखुरानी गिरोह के सदस्यों ने निशाना बनाया। पुराने और सेटेलाइट बस अड्डे से बेहोशी ही हालत में तीन लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बेहोश होने के कारण तीनों की पहचान नहीं हो सकी है।

### नियमित ट्रेनों के साथ होली स्पेशल ने भी कराया इंतजार

**बरेली, अमृत विचार:** रविवार को होली स्पेशल ट्रेनों और नियमित ट्रेनों ने यात्रियों को खूब इंतजार कराया। उपासना एक्सप्रेस 11 घंटा, 04017 नई दिल्ली होली स्पेशल ट्रेन पांच घंटा, 04533 जयनगर सरहिंद होली स्पेशल 1 घंटा 16 मिनट, 04059 आनंद विहार होली स्पेशल चार घंटा, 04529 भटिंडा होली स्पेशल एक घंटा, 04067 दरभंगा दिल्ली होली स्पेशल आठ घंटे की देरी से आई। वहीं, नियमित ट्रेनों में 12328 उपासना एक्सप्रेस 11 घंटा, 04018 गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन 2 घंटा 18 मिनट, 19269 पोरबंदर मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 2 घंटा 19 मिनट, 12357 दुर्गियाना एक्सप्रेस 2 घंटा 8 मिनट, 15624 कामाख्या भगत की कोठी एक्सप्रेस 2 घंटा 21 मिनट की देरी से जंक्शन पर पहुंची।

## अतिरिक्त बसें चलाईं फिर भी परेशान होते रहे यात्री

**बरेली, अमृत विचार :** परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों का संचालन करने का जो दावा किया था वह होली से एक दिन पहले हवाई साबित हुआ।

सेटेलाइट और पुराने बस अड्डे पर कई रूटों के लिए बसें न मिलने पर यात्रियों को परेशानी हुई। उन्हें बस के लिए कई घंटों इंतजार करना पड़ा।

दिल्ली और लखनऊ से आने वाली बसें फुल थीं। सुबह नौ बजे पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर और लखीमपुर खीरी के लिए यात्री एक साथ आने से दिक्कत और बढ़ गई। वर्कशॉप से बसों को मंगाकर यात्रियों को रवाना कराया गया। वहीं, डग्गामार वाहन चालकों की चांदी रही। उन्होंने यात्रियों से मनमाना किराया वसूला।




## होली के जुलूस पर विवाद फिर गरमाया दुवावट


तहसील परिसर में धरने पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, नवाबगंज

- होलिका दहन न करने के साथ चुनाव में वोट भी न डालने का किया एलान
- एसडीएम-सीओ के आवास पर शुरू किया धरना अफसरों से गर्मागर्मी

**अमृत विचार :** हाफिजगंज के गांव दुवावट गांव में माहौल फिर गर्म हो गया है। होली पर जुलूस को गैरपरंपरागत बताकर प्रशासन के रोक लगा देने से गुस्साए लोगों ने होलिका दहन न करने के साथ लोकसभा चुनाव में मतदान न करने का एलान कर दिया है। इसके साथ सीओ और एसडीएम आवास के सामने धरने पर भी बैठ गए हैं। गांव के लोगों की ओर से सोशल मीडिया पर एक जुलूस का वीडियो पोस्ट कर दावा किया गया है कि जुलूस परंपरागत है और पुलिस की ही मौजूदगी में पहले निकला था।

एसडीएम गोविंद सिंह मौर्य ने बताया कि दुवावट का जुलूस त्योहार रजिस्टर में दर्ज नहीं है और शासन का कड़ा आदेश है कि नई परंपरा की शुरुआत न होने दी जाए। गांव के लोगों ने एक पुराना वीडियो दिखाया तो है लेकिन नियमों के मुताबिक जुलूस त्योहार रजिस्टर पर अंकित होना चाहिए। इसी कारण जुलूस निकालने पर रोक लगाई गई है। प्रशासन की सख्ती के बाद दुवावट के तमाम लोग शाम को हिंदू जागरण मंच के हरपाल गंगवार के नेतृत्व में एसडीएम और सीओ आवास के सामने विरोध जताने धरने पर बैठ गए।

तहसील परिसर में तमाम ग्रामीणों के इकट्ठे हो जाने पर नवाबगंज चौकी इंचार्ज विदेश कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। इसके बाद एसडीएम गोविंद सिंह मौर्य ग्रामीणों से बात करने पहुंचे। एसडीएम ने इस दौरान लोगों से नियमों के तहत जुलूस की अनुमति के लिए प्रार्थना पत्र देने को कहा तो हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने इससे इन्कार कर दिया। उनका कहना था कि इसके लिए अब समय नहीं है। जैसे जुलूस पहले निकलता रहा है, वैसे ही इस बार भी उसकी अनुमति दी जाए।

हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों की इस पर एसडीएम से नोकझोंक भी हुई। हालांकि एसडीएम ने साफ कर दिया कि बिना अनुमति के गांव में जुलूस नहीं निकलने दिया जाएगा। इसके बाद प्रदर्शनकारी यह चेतावनी देकर चले गए कि वे न होलिका दहन करेंगे और न ही चुनाव मतदान। गांव के लोगों का यह एलान सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

### विधायक बोले- गांव में जुलूस निकलेगा

नवाबगंज के विधायक डॉ. एमपी आर्य ने कहा है कि अपना त्योहार मनाने का हक सभी को है। उन्होंने इस बारे में प्रशासन के अधिकारियों से बात की है। जुलूस निकलेगा लेकिन उसके साथ डीजे नहीं चलेगा। डीजे ब्रहमदेव मंदिर पर लगेगा। दुवावट में होली का जुलूस निकाला जाएगा।

## महामंडल विधान का हुआ विसर्जन

**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर गार्डन स्थित जैन मंदिर में आठ दिनों से चल रहे अष्टहानिका पर्व में रविवार को इंद्र ध्वज महामंडल विधान का विसर्जन संपन्न हुआ।

श्री महावीर निर्वाण समिति की ओर से विधायक संजीव अग्रवाल ने दिव्यांग रवि शंकर को बैटरी चलित व्हीलचेयर प्रदान की। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जैन, मीडिया प्रभारी सौरभ जैन, संदीप जैन, अतुल जैन, सुमन अरोड़ा जैन, अजय जैन, सुनील जैन, अनिल जैन, डॉ. पीकेजैन, त्रिशला जैन, कृष्ण कुमार जैन, राजीव जयपति आदि मौजूद रहे।







happy Holi
होली की हार्दिक शुभकामनायें


AJAY PRATIMA HOSPITAL
डॉ. अजय कुमार गुप्ता
MBBS,DCH, MD
बाल रोग विशेषज्ञ
मेम्बर ऑफ एपीबी
डॉ. प्रतिमा गुप्ता
गयनेकोलॉजिस्ट
एवं
प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज कुमार गुप्ता
जनरल सर्जन
डॉ. शिप्रा वार्ष्णेय
MBBS,DOMS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय प्रतिमा हॉस्पिटल
अजय प्रतिमा अस्पताल
Emergency No.
9837341154
9456045530
Multi Speciality Hospital 57, Brijlok Colony, Bareilly
Tel. No. 0581-2543014, Fax No. : 0581-2540148





रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. योगेश शंखधार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एस.सी., बी.एच.एम.एस. (कानपुर)
डी.एन.एच.ई. (न्यू दिल्ली) महामंत्री होम्योपैथिक डॉक्टर्स
मो. 9457608347, 8400360357
विशेषताएं
● एलर्जी ● एक्जिमा ● सोरायसिस ● व्यसन मुक्ति ● घबराहट ● चर्मरोग ● एसिडिटी ● मोटापा ● ल्यूकोडर्मा ● माईग्रेन ● गुप्तरोग ● पथरी ● सायनस ● सायटिस ● एनीमिया ● लकवा ● पाइल्स ● गठिया ● अस्थमा एवं श्वसन सम्बन्धी रोग ● होम्योपैथिक प्रतिरोधक एवं होम्योपैथी टिटनेस ● नपुंसकता ● मुहांसे ● वंशानुगत रोग ●साइटिका ●डिप्रेशन ● मानसिक रोग ● हृदय रोग ● मलेरिया ● ब्लड प्रेशर ● डायबिटीज एवं ● गुर्दा सम्बन्धी रोग ● टाइफाइड ● टासिलडटिस ● बच्चों के रोग इत्यादि की त्वरित चिकित्सा
हमारे उद्देश्य-सम्पूर्ण एवं त्वरित चिकित्सा
विश्वास आपका, सेवा हमारी
महेश्वरी हैल्थ केयर
पता 1: मिनी बाईपास रोड, भारत गैस एजेन्सी के सामने, बरेली
सोमवार से शुक्रवार 10:30 बजे से 2:00 बजे तक
शनिवार 5:30 बजे से 8:30 बजे तक
पता 2: जिला परिषद के पास, चौपला रोड, बरेली
सोमवार से शुक्रवार 5:30 बजे से 8:30 बजे तक
शनिवार 10:30 बजे से 2:00 बजे तक




आप सभी को होली हार्दिक शुभकामनाएं
फेको की अत्याधुनिक तकनीक से दुनिया के सबसे
छोटे चीरे द्वारा मोतियाबिंद का आपरेशन
An ISO 9001 : 2008 Certified Hospital
पारिजात चैरिटेबिल आई हास्पिटल
पारिजात आई केयर एण्ड रिसर्च सेन्टर
Stellaris 1.4 mics
1.4 mm pinhole cataract surgery
डॉ. भ्रमरेश शर्मा
MBBS, MS (Ophtho.)
Consultant Eye Surgeon
+91-9412565559
Key benefits
Smaller cut¹
Faster heading²
Enchanced safety²
Better results²
Desigened to :
Improve contrast in vision³
Preserve depth of vision³
Reduce hazy vision³
Minimise the chances of PCO³
(Micro inclsion Cataract surgery)
Add.: Sood Dharamkanta, Macnier Road, Bareilly
Contact : 0581-2549085, 89793-00360, 89790-69333
प्रत्येक रविवार-प्रात 9-3 बजे दूधिया मंदिर के सामने
ज्ञान कॉलोनी, पीलीभीत। मो. 8868875655, 7417617676


MAHENDRA GAYATRI HOSPITAL
निकट कुदेशिया फाटक, बरेली। मो. 9411090551
25 MARCH 2024
आप सभी को
रंगों का महापर्व
होली
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
डा. गायत्री सिंह गंगवार
D.G.O.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशषज्ञ
डा. महेन्द्र सिंह गंगवार
M.D. (Paedia.)
क्रिटिकल केयर एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
चेयर मैन महेन्द्र गायत्री ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स
डा. कुशाग्र सिंह
M.S. (Sugery), FMAS, DMAS
लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
मो. 7983368142
महेन्द्र गायत्री स्कूल ऑफ नर्सिंग
महेन्द्र गायत्री पैरामेडीकल कालेज
महेन्द्र गायत्री कालेज ऑफ फार्मेसी
धनवन्तरी आयुर्वेदिक मेडीकल कॉलेज
चिटौली, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली। Mob. 9410405769, 7599203105
•B.Sc. NURSING •A.N.M. •G.N.M., •D.P.T.
•D.OPT. •DIPLOMA O.T. •B.A.M.S. •D. PHARMA
उच्च शिक्षा एवं उच्चीकृत क्लीनिक ट्रेनिंग


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
AMBIENCE
COOLING CORPORATION LLP
TOSHIBA VRF
Unveilling The Next Generation in Cooling
Carrier
अरविन्द कुमार
मो. 9719101668
UG-22, Awadh Plaza, Janakpuri, Bareilly- 243122
ambiencecooling@gmail.com

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अप्युन्मत्तात् प्रलपतो बालाच्च परिजल्पत:।
सर्वत: सारमादद्यात् अश्मभ्य इव काञ्चनम्॥

व्यर्थ बोलने वाले, मंदबुद्धि तथा बेसिर-पैर की बोलने वाले बच्चों से भी सारभूत बातों को ग्रहण कर लेना चाहिए। जैसे पत्थरों में से सोने को ग्रहण कर लिया जाता है।

## संपादकीय

# होली और लोकतंत्र का पर्व

होली प्राचीन समय से ही विशेष महत्व का पर्व रहा है, जो समाज में उमंग के साथ-साथ सामाजिक समरसता का भी संदेश देता है। होली न केवल भारत में, बल्कि संपूर्ण विश्व में अलग-अलग ढंग से मनाया जाने वाला त्योहार है। होली सबका उत्सव है। मनुष्यों के साथ देवों का भी। इसमें गरीब, अमीर का भेद नहीं है। श्वेत-श्याम, वर्ण-सवर्ण सभी साथ-साथ होली खेलते हैं। होली पर भारत सामगान हो जाता है। होली गीतों में व्याकरण नहीं चलता। यहां आनंद ही संज्ञा है और आनंद ही सर्वनाम। अन्य उत्सवों के भांति होली का कोई सुव्यवस्थित ढंग नहीं है। होली में आनंद ही गोत्र है और आनंद ही सबकी जाति। तैत्तिरीय उपनिषद् में आनंद की व्याख्या है, 'सैषा आनंद मीमांसा भवति।' कहते हैं कि मनुष्य स्वस्थ हो। शिक्षित हो। बल संपन्न हो। धन संपदा हो, यह मनुष्य को आनंद से भरता है, लेकिन इसका सौ गुना आनंद मनुष्य गंधर्व आनंद होता है। गंधर्व आनंद गीत-संगीत और नृत्य से परिपूर्ण होता है। इसमें शीत और ग्रीष्म का मिलन है। यहां मर्यादा, शील और स्वच्छंदता साथ-साथ है। होली असंभव को संभव करती है।

इस बार होली के साथ देश में लोकतंत्र का पर्व भी शुरू हो चुका है। भले ही लोकतंत्र का पर्व पांच साल बाद आता है, लेकिन इस बार होली के साथ इस पर्व का महत्व और भी बढ़ जाता है। एक ओर होली के गीत हवा में तैर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर चुनावी नारे भी हवा तैरने लगे हैं। साथ ही जिस तरह होली पर होलियारे अपने साथियों को रंगने के लिए घेराबंदी और जुगत लगाते हैं, उसी प्रकार चुनावी होलियारों की भी लोकतंत्र के पर्व पर अपने प्रतिद्वंद्वियों को हार के रंग में रंगने की भी जुगत शुरू हो चुकी है। नेताओं को यहां होली से भाईचारे की सीख लेते हुए यह बात याद रखनी होगी कि उनका विरोधी सिर्फ चुनावी प्रतिद्वंद्वी है, न कि उनका दुश्मन है। देश में जिस तरह राजनीतिक विद्वेष और वैमनस्यता बढ़ रही है, राजनेताओं को चाहिए कि होली की आग में उसका दहन कर देश और समाज को एकता और सद्भावना का संदेश दें। इसी तरह देश की आवाम भी अपने आपसी द्वेष, ईर्ष्या और कटुता को त्याग कर होली पर्व के भाईचारे के संदेश को आत्मसात कर समाज की एकता के लिए आगे आए। यह इसलिए भी जरूरी है कि जब देश के विभिन्न क्षेत्रों में नकारात्मकता बढ़ रही है, तब इसकी आवश्यकता कहीं अधिक है कि होली के माध्यम से आपसी एकता, शांति एवं सद्भाव के रंगों को और गाढ़ा किया जाए। यह बात सभी को समझनी होगी कि सामूहिक समाज ही किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होती है। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि इस होली पर आपसी प्रेम और सकारात्मकता के विविध रंगों से तन के साथ मन भी भीगे।

# वसंत के मादक मधुमास में काम- रति का राग-रसोत्सव


डॉ. रामानंद शुक्ल
अयोध्या

**चातुर्मास का मतलब चारमास चतुराई से चित्त-मन की चंचलता को एक जगह सुस्थिर दत्तचित्त एकाग्र करके साधना करें। गमनागमन का निषेध। यह धूमावती-ज्येष्ठा (निऋति) की विधिवत उपासना का काल है। दस महाविद्याओं में यह लक्ष्मी की विधवा बड़ी बहन हैं। वसंत प्रेम-सौन्दर्य, गीत-संगीत का मधुमय काल है।**

होली फाल्गुन मास के वसंत ऋतु में होती है। नक्षत्रों की नामावली में फाल्गुन दो हैं। एक पूर्वा फाल्गुन और दूसरा उत्तरा फाल्गुन। इन्हीं के नाम पर फाल्गुन मास का नामकरण हुआ है। महाभारत में इसका निर्वचन इस प्रकार किया गया है, उत्तराभ्यां फल्गुनीभ्यां नक्षत्राभ्यामहं दिवा। जातो हिमवतः पृष्ठे तेन मां फाल्गुनं विदुः। इसे वसंत काल कहा गया है। बोधायन के गृह्यसूत्रों में राशियों के नामादि मिलते हैं, मीनमेषयोर्मेषवृषयोर्वा वसंतः। अर्थात् मीन-मेष और विकल्प से वृष राशि को वसंत लिखा है। फाल्गुन में होली तक का समय वसंत होता है। वसंत का परिपक्व रस ही मधुमास का काल है, चैत्र और वैशाख। चित्रा से चैत्र बना है। इस चन्द्रमास का नामकरण चित्रा नक्षत्र पुंज में चन्द्रमा के स्थित होने के कारण पड़ा है। ज्योतिष में भी चैत्र को मधु कहा गया है और वैशाख को माधव, मधुस्तथा माधवसंज्ञकश्च। विशाखा नक्षत्र है। विशाख से ही वैशाख बना है। यह चन्द्रमास का दूसरा महीना है। मधुमास काम का सखा है। मधु मायने सुमन (फूलों का) रस, शहद-मकरंद अर्थात रसराग-रंग का महीना। यह मदनोद्दीपक होता है। अतः ऋतुओं का यौवन-उल्लास और आनंद है वसंत। प्रकृति की पल्लवित-पुष्पित प्रेमाभिव्यक्ति है वसंत। इसमें सुगंध है, मस्ती है। मतवालापन-मादकता और अल्हड़पन है। इस समय पराग-पूरित पवन, विविध वर्णी-बहुरंगी पुहुप खिल उठते हैं। मधूक-मधूलिका, पलाश-सेमल के विकसित पुष्पों के सौंदर्य-सुगंध से खेत, वन-बागों में बहार आ जाती है।

रंग-बिरंगी चिड़ियां चहकने लगती हैं। कोयल कुहकने लगती है। उसकी काकली में मधुरिमा घुली होती है। यह प्रकृति की भाषा, बात- बतकही को सुनने-समझने का महीना है। प्राकृतिक वनस्पतियों के विभिन्न कुल-गोत्र गमक-महक और खिल उठते हैं। संवेदना का विस्मय-विमुग्धकारी विस्तार हो जाता है। रागरस चूने-टपकने लगता है। रसाल बौरा जाते हैं। उनसे मदगंध गिरने लगता है। उसे पीकर भौरें मदमस्त-मतवाले होकर भनभनाने लगते हैं। गली-गली, क्यारी-क्यारी मुकुलित कलियों को भी छेड़ने लगते हैं। हमारे यहां षड्ऋतु वर्णन है। बारहमासा गाया-

**रंग-बिरंगी चिड़ियां चहकने लगती हैं। कोयल कुहकने लगती है। उसकी काकली में मधुरिमा घुली होती है। यह प्रकृति की भाषा, बात- बतकही को सुनने-समझने का महीना है।**

बजाया जाता है। बारह महीनों के पृथक-पृथक सूर्य होने के कारण द्वादशादित्य हैं। विष्णु पुराण और महाभारत में उनका नामोल्लेख किया गया है। मकर के सूर्य से दो-दो राशिगत सूर्य के कारण छः ऋतुएं होती हैं। मकर-कुंभ (शिशिर), मीन-मेष (वसंत), वृष-मिथुन (ग्रीष्म), कर्क-सिंह (वर्षा), कन्या-तुला (शरद), वृश्चिक-धनु (हेमंत) ऋतुओं से ही मासों का भी विभाजन है। पावस (सावन-भादों), शरद (आश्विन-कार्तिक), हेमंत (मार्गशीर्ष अर्थात् अगहन-पूस), शिशिर (माघ-फाल्गुन), लेकिन इस पर वसंत का आधिपत्य हो गया है और शिशिर सुटुक गया है। वसंत (चैत-वैशाख) और ग्रीष्म (ज्येष्ठ-आषाढ)। इनमें चातुर्मास ऋतुओं का, प्रकृति का संन्यासाश्रम है। यह नदियों के रजस्वला होने का काल है। इसलिए इस महीने में नदी स्नान का निषेध है।

चातुर्मास का मतलब चारमास चतुराई से चित्त-मन की चंचलता को एक जगह सुस्थिर दत्तचित्त एकाग्र करके साधना करें। गमनागमन का निषेध। यह धूमावती-ज्येष्ठा (निऋति) की विधिवत उपासना का काल है। दस महाविद्याओं में यह लक्ष्मी की विधवा बड़ी बहन हैं। वसंत प्रेम-सौन्दर्य, गीत-संगीत का मधुमय काल है। इनसे संबंधित देवताओं की उपासना का पर्व है। यह ऋतुओं के यौवन में श्रृंगार का संचारी भाव है। कामदेव-रति, मातंगी-गंधर्व, अप्सराएं, यक्ष-यक्षिणियों की वैभव-ऐश्वर्य हेतु साधना-सिद्धि का उपयुक्त समय है, वसंत और मधुमास। अप्सरा की साधना-सिद्धि हेतु सर्वाधिक सशक्त समय है यह। अद्भ्यः सरन्तीति अप्सराः। जल से उत्पन्न होती हैं, इसलिए अप्सरा कही जाती है। जलक्रीड़ा इन्हें अतीव पसंद भी है। आगमोपासना में सम्मोहन-वशीकरण के काम्यप्रयोग उक्त महीने में ही किए जाते हैं। वैसे तो प्रतिदिन प्रातर्वेला (सूर्योदय) से नौ बजे तक वसंतकाल रहता है। इस अवधि में भी ये प्रयोग प्रशस्त कहे गए हैं। क्रूर दिन-तिथि को छोड़कर। इस समय समग्र प्रकृति पुष्पों-मंजरियों से लद जाती है। गदरा जाती है। प्रमदा हो जाती है। मदमस्त-मस्त हो जाती है। इसलिए इसे ऋतुराज कहते हैं। शिशिर का माघ-फाल्गुन वसंत है। चैत-वैशाख मधुमास है। मधुमास में फसलों का रस पक जाता है। राम का आविर्भाव इसी मास में हुआ था, नौमी तिथि मधुमास पुनीता। सुकल पक्ष अभिजित हरि प्रीता। तभी तो वह सो आनंद सिंधु सुखरासी हैं। आज फाल्गुन शिशिर से खिसक करके वसंत का हो गया है। इसकी पूर्णता का अंतिम दिन रंगपर्व है। इसके बाद चैत-चैती विरह-वेदना के दिन शुरू हो जाते हैं। वसंत का प्राणधाम है काम। कामदेव, सृजन-सृष्टि की कामना के संचार का देवता। प्रेम-श्रृंगार, सौन्दर्य का उपासक। रतिराग भैरव हैं। रति इसकी भैरवी और राग है भैरव। प्रकृति के प्यार का मधुर महोत्सव है। कामदेव की पत्नी रति अप्रतिम सौन्दर्य-लावण्यमयी देवी है। काम पुरुष है और रति स्त्री। रति प्रेम या अनुराग को उत्पन्न करती है। यह छठीं अवस्था है। तुलसीदास ने तो उदात्त चरितनायक अपने आराध्य के सामने काम के सौन्दर्य को म्लान कर दिया, कोटिक काम लजावन हारी। राम के सम्मुख करोड़ों काम निस्तेज हो भी कैसे न जो श्री जी की देहद्युति की विच्छुरित सौन्दर्य-छवि से संसिक्त हैं राम। सीता जी उनकी आह्लादिनी चिद्शक्ति उनसे अभिन्न हैं। उनमें घुलीमिली है उनकी अपार सौंदर्यराशि। जैसे शब्द में ध्वनि- अर्थ और जल में तरंग। मदन मन को प्रफुल्लित कर देता है, माद्यति अनेन मदनः। मदयतीति मदनः अर्थात् आनंद प्रद। मादक-आनंददायक, पागलपन। भौरें पगला जाते हैं। हर्षोत्साह से भर देता है। संकल्प-विकल्पात्मक मन को मथ देता है, इसलिए मन्मथ है, मनः मथ्नाति मन्मथः। इसलिए यह प्रेम-पुलक देवता है। तप के रंग में भंग डालकर साधक की साधना-संयम को बदरंग करना इसका सहज स्वभाव है। मन से जायमान उत्पन्न होने के कारण यह मनोज- मनसिज (मनसि+जन) है। इसकी उत्पत्ति शरीर में गुदगुदी वाले स्थान से है। नीलगिरि पर्वत पर तपरत शिव ने अपने अग्नि वाले तीसरे नेत्र की धधकती क्रोधाग्नि ज्वाला से दग्ध करके काम को अनंग कर दिया। बाद में सुरों की स्तुति-विनयाधान से आशुतोष ने प्रमन प्रसन्न होकर सबके चित्त चंचरीक में बसने का वरदान प्रदान किया। यह सृजन के लिए समुद्यत करता है। यह विश्वकेतु है। पूरे विश्व के मनरूपी डंडे में इसका केतु (झंडा) लहराता-फहराता रहता है। इसे मीनकेतु भी कहते हैं। मीन-ध्वजधारी है यह। मकरध्वज भी इसका पर्याय है। मकर (घड़ियाल) और मछली जिसके ध्वज पर स्थित हों। यह इक्षुदंडधारी है, इष्यते असौ माधुर्यात्। यह मीठा होता है। भोग-मोक्षप्रदायिका तंत्रोपासिता श्रीविद्या-षोडशी का भी यही अस्त्र है। काम को पुष्पसायक-पंचशर या पुष्पचाप, पुष्पधंवा, कुसुमशर भी कहते हैं। पांच पुष्प उसके बाण हैं, अरविन्दमशोकं च चूतं च नवमल्लिका। नीलोत्पलं च पञ्चैते पञ्चबाणस्य सायकाः। कार्य के प्रभाव की दृष्टि से इन्हें भी पंचबाण कहा गया है, उन्मादनस्तापनश्च शोषणः स्तम्भनस्तथा। संमोहनश्च कामस्य पञ्च बाणाः प्रकीर्तिताः॥ उज्ज्वलनीलमणि के अनुसार काम की दस दशाएं होती हैं।

वसंत-मधुमास एवं मदनोत्सव का रस और रंगों से गहरा संबंध है। नौ ग्रहों का राजा सूर्य रंगों का आदि स्रोत है। सुगंध का संबंध पृथ्वी से है, इसलिए न्यायशास्त्र परिभाषित करता है, गंधवती पृथिवी। उदय से लेकर अस्त तक सूर्य की सप्तरंगी किरणें-रश्मियां पृथ्वी को आच्छादित- आह्लादित करती हैं। सात रंग ही सूर्य के घोड़ों के प्रतीक हैं। गुलाबी-लाल रंग मन को प्रेम-सौन्दर्य और शौर्य की ओर आकृष्ट करता है। नीला सकारात्मक सोच, नारंगी सात्विक ऊर्जा-उत्साह, पीला सात्विक बुद्धि-स्तंभन, बैगनी राजसभाव, आसमानी आकाश का रंग ज्ञान की व्यापकता का, क्योंकि शब्दगुणकमाकाशम्। शब्द का आश्रय आकाश है। शब्द आकाश का गुण है। आकाश विभु है। विस्तृत है। अनंत है। शब्द की ध्वनि-तरंगें आकाश में विलीन हो जाती हैं। ये सारे रंग शरीर में भी भरे हैं। ये रंग कुण्डलिनी सहित अष्ट चक्रांकित शरीर की यौगिक शक्ति को जाग्रत करते हैं। वसंत और मधुमास में रसरंगों का बृहद विस्तार हो जाता है। विविध रंग के पुष्प विकसित होते, खिलते हैं। यह ऋतु रोगरोधक औषधीय मधु शहद का भी प्रबल स्रोत है।

## प्रसंगवश

# होली की लोक परंपरा



**होलिका दहन का एक महत्वपूर्ण अंग था कि होलिका की आग को अपने घर ले जाते थे और चूल्हे में रखते थे।**


डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

होलिका दहन पर शहर के चौराहे-चौहारे, गली-कूचों में होलिका लगा दी जाती है। सड़क के पार्कों के हरे पेड़ काटकर होलिका में कूड़ा करकट पुराने सड़े गले सामान के साथ लकड़ी के कुंदे भी डालकर होलिका माता बना दिया जाता है।

यह हमारी उत्सवधर्मिता है, धर्मप्राण चंदा उगाहू युवा वर्ग की धार्मिकता है जिसका चरम दर्शन होलिका दहन के बाद होली खेलने में दिखाई पड़ता है। प्रहलाद और उसकी बुआ होलिका के मिथक से इतर लोक परंपरा में हर गांव में होली का एक चौरा होता था, हर परिवार अपनी क्षमता के अनुसार होलिका में लकड़ी डालता था। होलिका जलने के पहले नवान्न की बालियों के साथ, उबटन का छीजन, नजर उतारा राई नमक लेकर लोग इकट्ठा होते थे।

होलिका को गांव के कल्याण की देवी मानकर उसे तापते थे और परिक्रमा करते हुए गाते थे-हल्लई माता देई आशीष लरिका जियई लाख बारिस। होलिका दहन का एक महत्वपूर्ण अंग था कि होलिका की आग को अपने घर ले जाते थे और चूल्हे में रखते थे। होली के पकवान इसी आग को आगे बढ़ाकर बनाए जाते थे और इस आग को चुल्हे में वर्ष भर संरक्षित करते थे। सक्षम परिवार जिसके चूल्हे में दोनों जून भोजन बनाता था, उसी के चूल्हे की आग को ले जाकर लोग अपना चुल्हा जलाते थे। होलिका पर्व की यह लोक परंपरा लुप्त हो गई है। हर घर में जो गैस का चुल्हा जलने लगा है? अतीत को तो याद रखें।

# जिंदगी के रंग होली के संग


रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

**होली पर रंगों का उत्सव हमें सचेत करता है और हम रंगों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। क्या आपने बारिश के बाद आसमान में उभरे इंद्रधनुष को देखा है? ऐसा लगता है जैसे सारे जहां में रंगों की बारिश हो रही है। इंद्रधनुष के सात रंगों में सारा जहां समाया हुआ लगता है। हमारे आसपास और प्रकृति में जो रंग छिपे हुए हैं, हम उन्हें देखने की कोशिश ही नहीं करते हैं। इस प्रकृति में हजारों रंग बिखरे हुए हैं। अकेले एक रंग का कोई महत्व नहीं होता। एक रंग दूसरे रंग के साथ मिलकर ही एक नया रंग बनाता है।**

होली में मस्ती का रंग हम सब पर चढ़ता है, लेकिन होली के बहाने जिंदगी के विभिन्न रंगों के बारे में सोचना वाकई दिलचस्प है। जिंदगी को ठीक तरह से समझने के लिए जीवन में विभिन्न रंगों का होना बहुत जरूरी है। हर रंग हमारे जीवन को एक नया अर्थ देता है। कभी-कभी हमारी जिंदगी के कैनवास पर दुख के रंग की कूची अपने आप चल जाती है और हम दुखी हो जाते हैं।

हालांकि कोई इंसान यह नहीं चाहता कि उसकी जिंदगी में दुख का रंग भी हो, लेकिन वास्तविकता यह है कि दुख का रंग हमारी जिंदगी में शामिल अन्य रंगों को और ज्यादा चटकदार बनाता है। इसका अर्थ यह नहीं कि मैं जिंदगी में दुख को शामिल करने की वकालत कर रहा हूं। अगर हमारे जीवन में मात्र एक ही रंग होगा तो हमें जीवन के यथार्थ का पता नहीं चल पाएगा। दुख-सुख रूपी रंगों के माध्यम से ही हमारे जीवन की एक मुक्कमल तस्वीर बनती है। दरअसल हम अपने जीवन में इस कदर व्यस्त हो जाते हैं कि जिंदगी में घुले विभिन्न रंगों को देख ही नहीं पाते हैं।

होली पर रंगों का उत्सव हमें सचेत करता है और हम रंगों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। क्या आपने बारिश के बाद आसमान में उभरे इंद्रधनुष को देखा है? ऐसा लगता है जैसे सारे जहां में रंगों की बारिश हो रही है। इंद्रधनुष के सात रंगों में सारा जहां समाया हुआ लगता है। हमारे आसपास और प्रकृति में जो रंग छिपे हुए हैं, हम उन्हें देखने की कोशिश ही नहीं करते हैं। इस प्रकृति में हजारों रंग बिखरे हुए हैं। अकेले एक रंग का कोई महत्व नहीं होता। एक रंग दूसरे रंग के साथ मिलकर ही एक नया रंग बनाता है। इंद्रधनुष के सात रंग जब एक साथ होते हैं तो उनकी खूबसूरती देखने लायक होती है। इसलिए प्रकृति की खूबसूरती एक रंग के साथ दूसरे रंग के मिलन या समन्वय पर निर्भर करती है। विभिन्न रंगों का मिलन यह भी प्रदर्शित करता है कि प्रकृति में कोई भी रिश्ता मेल-मिलाप या आपसी समन्वय तथा सहयोग की भावना के बिना खूबसूरत नहीं हो सकता। सहयोग की भावना का यह रंग हमारे आसपास तथा समाज में हर दिन देखने को मिलता है। विभिन्न धर्मों एवं वर्गों के बीच घुले सहयोग एवं प्यार के रंग द्वारा ही आज हमारे समाज का अस्तित्व बना हुआ है।

क्या आपने प्यार के रंग में रंगे हुए प्रेमियों को देखा है? प्यार का गुलाबी रंग अपने आप उनके चेहरे पर उभर आता है। घबराहट में हमारे चेहरे का रंग उड़ जाता है तो गुस्से में लाल हो जाता हैं। फूल और पत्तियों की खूबसूरती उनके रंग के कारण ही तो है। रंगों का महत्व यहां तक ही सीमित नहीं है। अनेक स्थानों पर विभिन्न रंगों से रोगियों का उपचार भी किया जाता है। इस तरह रंग हमारे स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। रंग केवल खूबसूरती के लिए ही नहीं हैं, बल्कि ये बोलते भी हैं। चित्रकार जब अपनी कूची चलाता है तो वह रंगों के माध्यम से कैनवास पर अपनी भावनाएं उड़ेलता है। यह बात अलग है कि हम में से कुछ लोग रंगों की भाषा या तो समझते नहीं हैं या फिर जानबूझकर समझना नहीं चाहते। साहित्य में भी किसी एक विचारधारा का रंग लेखक पर भारी पड़ता है और उसका साहित्य भी उसी रंग में रंगा हुआ दिखाई देता है।

ऐसे बहुत से रंग भी हैं, जो हमारी जिंदगी के कैनवास को बदरंग कर देते हैं। नफरत का रंग हमारी जिंदगी के कैनवास पर हमेशा एक काले धब्बे की तरह दिखाई देता है। यह काला धब्बा ही पूरी तस्वीर का रंग बदल देता है। नफरत का यह रंग हर जगह उपलब्ध है। नफरत का काला रंग केवल मुट्ठी भर लोगों की पसंद है और ये ही लोग विश्व में खतरे का लाल रंग फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कारण साल भर भारत समेत पूरे विश्व में आतंकवाद के नाम पर खून की होली खेली जा रही है। हालांकि आज भी अधिकतर लोगों की पसंद प्यार का गुलाबी रंग ही है और शायद इसीलिए आतंकवाद लगातार मात खा रहा है तो आइए, इस विश्वास को और ज्यादा पक्का करते हुए विभिन्न रंगों के साथ प्यार के गुलाबी तथा शांति के सफेद रंग से होली खेलकर सही मायनों में होली को एक नया अर्थ दें।

## सोशल फोरम

# गाड़ी चलती रहनी चाहिए


तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

गेराज में मिस्त्री गाड़ी को खोले उसकी बीमारी का कारण खोजने में लगा हुआ था। आखिर उसने एक पुर्जा निकाला और कहा "साब जी ये खराब हो गया है। बदलना होगा। नया ले आईए।" मरता क्या न करता। आखिर बाजार से उसे नया पुर्जा लाकर दिया। मिस्त्री उसे फिट करने में लग गया, लेकिन बहुत कोशिश के बाद भी वो पुर्जा फिट नहीं हुआ। "सर जी ये तो नहीं लगेगा। दूसरा लाना होगा।" "लेकिन इसमें क्या दिक्कत है। हूबहू तो है ये।" "हूबहू होने से क्या हुआ सर। लगता है ओरिजनल नहीं, डुप्लीकेट है। इसलिए सेट नहीं हो रहा।" ये कहते हुए मिस्त्री ने उस पुर्जे को कूड़ेदान में फेंक दिया। आखिर अधिकृत दुकान से मैं ओरिजनल पुर्जा लाने चल दिया, लेकिन रास्ते भर कई ख्याल मेरे मन मे आते रहे। "आखिर ओरिजनल कौन है?" "वो जो हूबहू नकल भर है और सही से फिट हो जाता है या वो जो थोड़ा अलग है।" देखा जाए तो हमारी समाजरूपी गाड़ी भी ऐसी ही है। इसे भी सब कार्बन कॉपी ही चाहिए। जिस किसी ने भी समाज से असहमति जताने की या थोड़ा दाएं-बाएं चलने की, इसके नियमों को बदलने की कोशिश की उसे डुप्लीकेट करार देकर फेंक दिया जाता है। असहमतियों को यहां विद्रोह के रूप में देखा जाता है। समाज को अपनी गाड़ी की ज्यादा चिंता है बनिस्पत समाज के लोगों के, समाज के किस पुर्जे पर ज्यादा दबाव है? कौन कष्ट में है? कहां थोड़े बदलाव की जरूरत है, कहां परंपराएं हमें नुकसान पहुंचा रही हैं। इसकी उसे कोई चिंता नहीं। बस समाजरूपी गाड़ी सही से चलती रहनी चाहिए। शक्ल सूरत, रूप रंग, कद काठी, अचार व्यवहार, सोच विचार में हर प्राणी अपने आप में अनूठा है और एक दूसरे से भिन्न है। प्रकृति नकल में विश्वास नहीं रखती। अगर कहीं कुछ नकल है भी तो वो भूलवश है। सदियों से हमारी एक ही कोशिश है। धर्म, जाति, आस्था, परंपरा, विश्वास के नाम पर हम नकल गढ़ रहें हैं। यही नकली लोग यहां ओरिजनल कहलाते हैं और जो वास्तव में ओरिजनल हैं, जो लीक से थोड़ा हटकर सोचने और करने का साहस दिखाते हैं, उन्हें यहां डुप्लीकेट कहकर किनारे कर दिया जाता है। नक्कालों की आज की इस दुनिया में असल के लिए कोई गुंजाइश नही है। क्योंकि गाड़ी चलती रहनी चाहिए।

**- फेसबुक वॉल से**

# भारत की आत्मा हैं त्योहार


डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

**मथुरा, वृंदावन और बरसाने की होली देखने लोग देश-विदेश व दूर-दराज से आते हैं। इन स्थानों पर होली की बात ही निराली होती है, यहां की होली तो दुनियाभर में प्रसिद्ध है। होली का त्योहार भारत की आत्मा है।**

होली एक ऐसा त्योहार है, जिस हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। होली खासकर हिन्दुत्व का एक सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाईचारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूलकर गले लगते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। बच्चे और युवा रंगों से खेलते हैं।

यह भारत सहित पूरी दुनिया में बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाता है। यह त्योहार हमेशा फाल्गुन महिने की पूर्णिमा को मनाया जाता है। क्या बच्चे, क्या बुढ़े, क्या युवा, महिलाएं सभी बड़े उत्साह से होली के त्योहार को मनाते हैं। एक दूसरे पर रंग, गुलाब फेककर कबीरा गाते हैं, फगूआ गाते हैं और बोलते हैं, "बुरा न मानों, होली है"। छोटे बड़ों के माथे पर रंग लगाकर उनका पैर छुते हैं और आशीर्वाद लेते हैं। होली का त्योहार हर साल नई उर्जा और नई ऊष्मा लेकर आता है और सबको अपने रंग में रंग जाता है। कुछ साल पहले तक यह हाल था कि जैसे ही होली का त्योहार करीब आता, "पानी बचाओ" और "जल ही जीवन है" जैसे कैंपेन चलने लगते। ऐसा लगता मानों होली मनाना जैसे कोई पाप हो गया हो।

साल के 365 दिन लोग रोज नहा रहे है, पेशाब, पखाना कर रहे है, कपड़े धो रहे हैं, कचरा साफ कर रहे है, सड़क गली पानी से साफ की जा रही है, लेकिन इन सबसे पानी बर्बाद नहीं होता, मगर लोटा भर पानी से होली क्या खेल लो, पानी बर्बाद होने लगता है, भारत सहित दुनिया के जल स्रोत सुखने लगते है। एक वक्त तो ऐसा होने लगा था कि आम जनमानस ऐसे कैंपेन की वजह से पानी बर्बादी की ग्लानी से भर जाता था। वह सोच भी नहीं पाता था कि मुश्किल से एक लोटा पानी होली के दिन इस्तेमाल करने से कौन सा पाप हो जाता है कि चारों तरफ "जल बचाओ" नारे सुनाई देने लगते हैं। जबकि सालभर मल-मुत्र त्याग करने के बाद जब उस पर पानी फेरा जाता है तो होली वाले दिन के मुकाबले कई हजार गुणा पानी बर्बाद होता है। नहाने, धोने पर पानी की बर्बादी का गुणा भाग तो और भी ज्यादा है।

धीरे-धीरे लोग अब जागरूक होने लगे हैं। वे समझने लगे हैं कि जब पूरे साल नहाने, धोने और पानी बहाने के बाद भी पानी बर्बाद नहीं हो रहा है, जल स्रोत सूख नहीं रहे है तो एक दिन के होली के त्योहार खेलने से कौन सी आफत आ जाएगी। कुछ साल पहले से होली के रौनक फिर से लोट आई है। होली मनाने का आलम यह है कि जो गांव जवार होली पर फगुआ के लिए जाने पहचाने जाते थे, अब वो सब शहरी होली हुड़दंग में बहुत पीछे छुट गए हैं। एक वक्त था, जब होली गांव-जवार की रौनक हुआ करती थी, लेकिन अब शहरों ने उसकी यह रौनक छीन ली है।

अब शहरों में होली का त्योहार बहुत हर्षोल्लास से मनाया जाता है। शहरी जीवन होली के दिन रंगों से कुछ ज्यादा ही सराबोर हो जाता है। शहर भागम-भाग वाली नीरस जीवन से होली का त्योहार काफी हद तक निजात दिलाता है। शहरों की होली अब ज्यादा आकर्षक होती है। यह अलग बात है कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान से संबंधित होली का पारंपरिक रूप आज भी अपने आकर्षक अस्तित्व को बनाए हुए है। मथुरा, वृंदावन और बरसाने की होली देखने लोग देश-विदेश व दूर-दराज से आते हैं। इन स्थानों पर होली की बात ही निराली होती है, यहां की होली तो दुनियाभर में प्रसिद्ध है। होली का त्योहार भारत की आत्मा है।

मुगल होली को ईद-ए-गुलाबी या आब-ए-पालशी कहते थे और बड़ी ही धूमधाम से उसे मनाते थे। राजा अकबर भी होली खेलते थे। नवाब मोहम्मद शाह रंगीला की लाल किले के रंगमहल में होली खेलते हुए एक बहुत प्रसिद्ध पेंटिंग भी है। औरंगजेब के सत्ता में आने के बाद मुगल दरबार में होली नहीं खेली जाती थी। अमीर खुसरो, बुल्ले शाह, रसखान, रहीम जैसे मुस्लिम कवियों ने होली की शान में रचनाएं लिखी है। दिल्ली में ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह और लखनऊ के पास सूफी देव शरीफ की मजार पर हर साल होली का त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार रंगों का त्योहार है। खुशियों का पर्व है। एकता और भाईचारे का महोत्सव है।

# भगत सिंह और लोहिया का सामाजिक दर्शन


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

**लोहिया जी भी भगत सिंह की तरह शोषण विहीन समाजवादी व्यवस्था चाहते थे। स्वाधीनता सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया भगत सिंह के विचारों की प्रतिमूर्ति थे।**

भगत सिंह ब्रिटिश उपनिवेशवादियों व पूंजीपतियों के लिए खतरा बन चुके थे। शहीदे आजम भगत सिंह की जिंदगी और उनकी सामाजिक समझ प्रेरणादायी है। उनका सपना ब्रिटिश हुकूमत से आजादी के साथ-साथ वंचितों, मजलूमों और श्रमिकों को सामाजिक व्यवस्था आजादी का था। जब वे फरवरी 1931 में जेल में 'क्रांतिकारी कार्यक्रम का मसविदा' लिखा। इसमें उन्होंने दो टूक लिखा कि "श्रमिकों के शासन से कम कुछ नहीं चाहते। भारत में साम्राज्यवादी एवं उनके मददगार हटाकर जो कि आर्थिक व्यवस्था के पैरोकार हैं जिनकी जड़ें शोषण पर आधारित हैं को आगे आना होगा। हम गोरी बुराई की जगह काली बुराई को लाकर कष्ट उठाना नहीं चाहते।"

इसी तरह नौजवान राजनीतिक कार्यकर्ताओं के नाम पत्र में भगत सिंह साफ-साफ कहते हैं कि "भारत सरकार का प्रमुख लार्ड रीडिंग की जगह यदि सर पुरुषोत्तम दास ठाकुर ले लें तो इससे जनता में क्या फर्क पड़ेगा? एक किसान को इससे क्या फर्क पड़ेगा। यदि लार्ड इरविन की जगह तेज बहादुर सप्रू आ जाएं।" छुआछूत जैसी घातक बीमारी उन्हें बहुत आहत करती थी। 1928 में किरती पत्रिका में विद्रोही नाम से 'अछूत का सवाल' नामक लेख में उन्होंने लिखा कि हमारे देश जैसे बुरे हालात किसी दूसरे देश के नहीं होंगे, 30 करोड़ वाले देश में 6 करोड़ लोग अछूत कहलाते हैं। ऐसे थे भगत सिंह सिंह जिनके दिल में वतन की स्वतंत्रता के साथ-साथ सामाजिक स्वतंत्रता की भावना थी। लोहिया जी भी भगत सिंह की तरह शोषण विहीन समाजवादी व्यवस्था चाहते थे। स्वाधीनता सेनानी डॉ राममनोहर लोहिया भगत सिंह के विचारों की प्रतिमूर्ति थे। उनका जन्म गांधीवादी हीरालाल व चंदादेवी के घर में अकबरपुर में हुआ था। लोहिया जाति प्रथा के विरुद्ध क्रांति को प्रोत्साहित करना चाहते थे।

लोहिया के दिल में भगत सिंह के लिए कितना सम्मान था, इसे ऐसे समझा जा सकता है कि जब भगतसिंह को फांसी हुई तो जिनेवा में लीग ऑफ नेशन का अधिवेशन हुआ। भारत की ओर से बीकानेर के महाराजा प्रतिनिधि थे। वे दर्शक दीर्घा में जाकर बैठ गए, उन्हें लग रहा था महाराज भगत सिंह की फांसी व गांधीजी की यात्रा में हुई अत्याचार का विरोध करेंगे, लेकिन महाराज तो अंग्रेजों की शान में कसीदे पढ़ने लगे। कहने लगे अंग्रेजों के राज में अमन चैन है तो उन्होंने नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वे अपने समर्थकों से अपने जन्मदिन को मनाने को मना करते थे, क्योंकि उनके जन्म और भगत सिंह व उनके साथियों का शहीद दिवस है।


डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
आँवला
IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक

नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गड्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286
- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग
पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय :
सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक


ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
- कान का बहना, कम सुनाई देना - चक्कर आना - सिर में दर्द - नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना - नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना - सोते समय खर्राटे आना - आवाज का बैठ जाना - मुंह न खुलना - चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना - खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले - गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
- कान के पर्दे में छेद - नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी - गले में टांसिल - मुँह में कैंसर - गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ - लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन - नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी - गले में मांस के कारण बैठी आवाज - आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)
डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
- दाँतों का डिजिटल X-Ray - दाँतों की नस का इलाज (RCT) - अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) - दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना - फिक्स दाँत (Bridges) - बत्तीसी बनाना (Complete Denture) - बिना दर्द के दाँत निकालना - लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) - हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) - टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) - बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- - नाक, कान, गला रोग - दन्त रोग - हड्डी व जोड़ रोग - चर्म रोग - जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) - गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) - गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) - पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- - घबराहट - छाती में दर्द या भारीपन - सांस फूलना - पैरों में सूजन - हाई ब्लडप्रेशर - हाई कोलेस्ट्रोल - डाइबिटीज (शुगर) - सीने या पेट में जलन या दर्द - हार्ट अटैक - हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
PRIME HOSPITAL
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
- मेडिसिन विभाग - सर्जरी विभाग - स्त्री एवं प्रसूति विभाग - मानसिक रोग विभाग - हड्डी रोग विभाग - न्यूरो विभाग - बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
ADITYA
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# प्रेमिका के चक्कर में बीवी को दिया तीन तलाक

## एसएसपी के आदेश पर पति समेत 10 पर रिपोर्ट

- ससुराल वालों पर दहेज में कार और फ्लैट मांगने का भी आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : प्रेमिका से शादी करने के लिए बीवी को तीन तलाक दे दिया। एसएसपी के आदेश पर थाना बारादरी में पति समेत 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। ससुराल वालों पर दहेज में कार और फ्लैट भी मांगने का आरोप है।

नवादा शेखान में रहने वाली सोहेला ने एसएसपी को शिकायती पत्र दिया था कि उनका निकाह 14 अप्रैल 2013 को कानपुर के अजीतगंज कॉलोनी में रहने वाले मोहम्मद नवाज के साथ हुआ था।

शादी के कुछ समय बाद ही पति और ससुराल वाले दहेज में लग्जरी कार और फ्लैट की मांग करने लगे। इन्कार करने पर उन्हें मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद कई बार पंचायत हुईं, लेकिन पति और ससुराल वाले नहीं माने। इसी बीच नवाज के एक दूसरे समुदाय की युवती से अवैध संबंध हो गए। उसने उनके जेवर भी उसे दे दिए। इसके बाद 20 मार्च 2024 को पति ने घर आकर उनके साथ मारपीट की और तीन तलाक दे दिया। उनकी मां के 18500 रुपये और सोने की अंगूठी भी ले गया। बारादरी पुलिस ने सोहेला के पति मोहम्मद नवाज, सास आसमां बेगम, ससुर इश्तियाक अहमद, ननद राफिया, खातून, हबीबा, नंदोई मोहसिन, आफरान, कामिल और देवर मोहम्मद शादाब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# फार्मासिस्ट ने जालसाजी से बनवा लिए दो मेडिकल स्टोर के लाइसेंस

- औषधि निरीक्षक ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट लिखाई

**बरेली, अमृत विचार** : एक फार्मासिस्ट ने फर्जी तरीके से दो आधार कार्ड बनाकर दो मेडिकल स्टोर के लाइसेंस प्राप्त कर लिए। खुलासा होने पर औषधि निरीक्षक ने थाना कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

औषधि निरीक्षक बबिता रानी ने बताया कि मीरगंज के मोवात गांव निवासी दीपेन्द्र पुरी ने एफएसडीए के विभागीय पोर्टल पर कूटरचित तरीके से दो प्रोफाइल तैयार कर आईडी जनरेट कर ली। आरोपी ने तत्कालीन औषधि निरीक्षक से अनुमोदन भी करा लिया। आरोपी ने शैक्षिक प्रमाण पत्र एक जैसे अपलोड किए, जिससे उसका भेद खुल गया। आरोपी ने गाजियाबाद में दो मेडिकल स्टोर खोल लिए, जबकि एक व्यक्ति एक ही मेडिकल स्टोर खोल सकता है।

## सेवानिवृत्त सीओ के दो बेटों के घरों में पकड़ी बिजली चोरी

**बरेली, अमृत विचार** : विद्युत टीम ने चेकिंग अभियान में मुंशीनगर में सेवानिवृत्त सीओ के दो बेटों के घरों में बिजली चोरी पकड़ी। दोनों के खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। विद्युत टीम ने शनिवार रात चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम को मुंशीनगर कॉलोनी में सेवानिवृत्त सीओ दलवीर सिंह के बेटे हमेंद्र सिंह और देवेन्द्र सिंह के मकान पर मीटर बाईपास कर बिजली चोरी होती मिली। टीम ने वीडियोग्राफी करने के बाद दोनों के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि बिजली चोरी रोकर लाइन लॉस कम किया जा रहा है, ताकि गर्मी में लोगों को बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सके।

## उधार के रुपये मांगने पर दुष्कर्म केस में फंसाने की धमकी

**बरेली, अमृत विचार** : उधार दिए रुपये मांगने पर महिला ने युवक को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। मामले में एडीजी के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने महिला और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी के हाता फाल्तूनगंज निवासी ब्रजकिशोर ने बताया कि एक महिला ने बैंक से कर्ज लिया था, जिसकी वजह से बैंक कर्मी उन्हें आए दिन परेशान करते थे। दो वर्ष पहले महिला ने अपनी मजबूरी बताते हुए 1.50 लाख रुपये उधार लिए थे। रुपये मांगने पर महिला टालमटोल करने लगी। तब उन्होंने सख्ती से रुपये मांगे तो महिला ने दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और पुलिस से शिकायत करने को कहा। विरोध किया तो दो अज्ञात लोगों को बुला लिया और तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि महिला के कहने पर कुछ लड़के रास्ता रोककर उन्हें धमकाते हैं।

## होटल में फायरिंग करने वालों पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार** : बारादरी के सैलानी स्थित होटल में फायरिंग करने वाले तीन लोगों के खिलाफ बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, फायरिंग का वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। बारादरी के एजाजनगर गौटिया निवासी तौसीफ ने बताया कि शनिवार रात 12 बजे वह सैलानी स्थित एक होटल पर खाना खाने गए थे। तभी वहां चकमहमूद निवासी अरमान, शोएब और एक अज्ञात व्यक्ति आया। आरोप है कि तीनों गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। कुछ लोगों ने बचाने की कोशिश की तो शोएब के कहने पर अरमान ने फायर किए। इस दौरान वहां भगदड़ मच गई। इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने बताया कि आरोपियों को तलाश किया जा रहा है। वायरल वीडियो में आरोपी दो फायर करते हुए दिख रहे हैं।

## किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**बरेली, अमृत विचार** : छत पर पानी लेने गई किशोरी अचानक लापता हो गई। मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर की शिकायत पर बारादरी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। नजीबाबाद के सावित्री एंक्लेव निवासी डॉ. दीक्षा सिंह ने पुलिस को बताया कि वह एक मेडिकल कॉलेज में कार्यरत हैं। उनके पास बेटे की देखभाल के लिए काजल नाम की लड़की रहती है। 23 मार्च को रात साढ़े दस बजे काजल छत पर पानी के लेने के लिए गई थी, लेकिन वह वापस नहीं आई। उन्होंने शक जताया है कि एक युवक उसे बहलाकर ले गया है।

## बेसमेंट की खोदाई से घर की गिरी दीवार, पड़ोसी घायल



**बरेली, अमृत विचार** : बेसमेंट की खोदाई के दौरान पड़ोसी व्यक्ति के मकान की दीवार ढह गई, जिसमें दबकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फायर ब्रिगेड ने घायल को मलबे से बाहर निकाला और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली थाना क्षेत्र के पुराना बस अड्डा के पास एक होटल के पीछे बिलाल कुरैशी बेसमेंट की खोदाई करा रहे थे। इस दौरान पड़ोसी अमीनुद्दीन के मकान की दीवार ढह गई। जिसके नीचे वह दब गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से मलबा हटाकर अमीनुद्दीन को बाहर निकाला। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में अभी तक पीड़ित पक्ष ने तहरीर नहीं दी है। पुलिस का कहना है कि शिकायती पत्र मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : ट्रेन से कटकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई, पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। रविवार सुबह दस बजे एक बुजुर्ग माधोपुर के पास रेल की पटरी पार कर रहे थे। अचानक अप लाइन पर राजधानी एक्सप्रेस आ गई, जिसकी चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और आरपीएफ ने लोगों से शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुजुर्ग की उम्र करीब 60 वर्ष बताई जा रही है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# संतोष ने दिलाया था दो बार का टिकट, अब उन्हीं की जगह छत्रपाल

सुरेश पांडेय बरेली

**अमृत विचार :** राजनीति कहें या इत्तफाक, आठ बार के सांसद संतोष गंगवार का टिकट काटकर भाजपा ने उनकी जगह उस नेता को बरेली सीट से प्रत्याशी घोषित किया है, जिसे वह पिछले दो विधानसभा चुनाव में ही टिकट देने को तैयार नहीं थी। बेहद दिलचस्प यह भी है कि छत्रपाल गंगवार को खुद संतोष गंगवार ने ही नीचे से ऊपर तक पैरवी कर टिकट दिलाया था।

इसमें से एक बार 2017 में तो वह किसी तरह चुनाव जीत गए थे लेकिन 2022 का चुनाव हार गए। उनकी इस हार से जिले में पार्टी ने एकमात्र उन्हीं की बहेड़ी सीट गंवाई।

छत्रपाल गंगवार ने 2017 के विधानसभा चुनाव में बहेड़ी सीट से टिकट का दावा किया था लेकिन पार्टी उन्हें चुनाव लड़ाने को तैयार नहीं थी। संतोष गंगवार की कड़ी पैरवी के बाद उन्हें टिकट मिल पाया और वह यह चुनाव जीत भी गए। 2022 के चुनाव में फिर उनकी छवि पर सवाल उठे तो हाईकमान ने फिर टिकट देने से हाथ खींच लिया लेकिन इस बार भी संतोष गंगवार उनकी पैरवी में आगे आए और उन्हें टिकट दिलाकर ही माने लेकिन वह इस चुनाव में नहीं जीत पाए। संतोष गंगवार का टिकट कटने की खबर आते ही उनके समर्थकों में नाराजगी साफ झलकने लगी। दरअसल कहा जा रहा है कि संतोष गंगवार को उनकी उम्र की वजह से टिकट नहीं दिया गया लेकिन समर्थकों का कहना है कि उनकी जगह जिन छत्रपाल को टिकट दिया गया है, वह भी 68 साल के हैं। लिहाजा हाईकमान का यह तर्क स्वीकार करने योग्य नहीं है। यह भी कहा जा रहा है कि पार्टी के ही कुछ लोग संतोष गंगवार का टिकट कटवाने के लिए जोर लगा रहे थे जो कामयाब भी हो गए।

- नीचे से ऊपर तक की थी पैरवी, हाईकमान नहीं था तैयार, 2017 में जीते मगर 2022 में गंवा दी बहेड़ी सीट



### समर्थकों ने शुरू की छत्रपाल और संतोष की तुलना

टिकट घोषित होते ही संतोष गंगवार के समर्थकों ने छत्रपाल गंगवार से उनकी तुलना शुरू कर दी। उनका कहना था कि जनता में संतोष साफ-सुथरी छवि के नेता हैं। आठ बार सांसद और मंत्री रहने के बाद भी उनके साथ भ्रष्टाचार का कोई मामला नहीं जुड़ा है। केंद्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास कोई अतिरिक्त सुरक्षा नहीं रही और उन्हें दुपहिया वाहन से चलने से भी हिचकिचाते नहीं देखा। उनकी सरल छवि और जनता के हर वर्ग पर मजबूत पकड़ ने ही उन्हे 35 साल सांसद बनाए रखा। दूसरी तरफ छत्रपाल गंगवार के साथ ऐसा नहीं है। इसी वजह से वह 2022 का चुनाव नहीं जीत पाए थे।

## जनता का मंच

### क्या चुने हुए नेता का दल बदलना विश्वासघात है?

**बरेली, अमृत विचार :** राजनीति में घटती नैतिकता का एक उदाहरण चुने हुए प्रतिनिधियों का दल बदल कर लेना भी है। 1985 में राजीव गांधी की सरकार में दल बदल को हतोत्साहित करने के लिए विधेयक पारित किया गया था लेकिन फिर भी यह सिलसिला नहीं रुका। आम लोगों का मानना है कि चुनाव जीतने के बाद एक पार्टी से दूसरी पार्टी में चले जाना जनता के साथ विश्वासघात है। ऐसे नेता जनता की सारी उम्मीदों पर पानी फेर देते हैं। इसके साथ लोकतंत्र के लिए विद्रूप भी बन जाते हैं।



अगर कोई नेता चुनाव जीतने के बाद पार्टी बदल लेता है तो यह जनता के साथ विश्वासघात ही है। ऐसे लोग स्वार्थ पूरा करने के लिए दल बदलते हैं और जनता की परवाह नहीं करते, उन्हें राजनीति के लिए अयोग्य मान लेना चाहिए। जनता का भरोसा सबसे महत्वपूर्ण होना चाहिए। **-अनवर खान**, सिविल लाइंस



हम नेता को वोट देते हैं तो उसकी पार्टी की विचारधारा का भी ध्यान रखते हैं। वह दूसरी पार्टी में जाने के बाद उसी की नीति के मुताबिक काम करने लगता है। यह जनता के साथ विश्वासघात है क्योंकि हर पार्टी की एक अलग विचारधारा होती है। कोई पार्टी धर्म तो कोई जाति को महत्व देती है। **- महिमा**, रामपुर बाग



अगर पार्टी में कोई नाइंसाफी हो रही है तो उसका साथ छोड़ना गलत नहीं है लेकिन ऐसा चुनाव लड़ने से पहले ही करना चाहिए, जीतने के बाद नहीं। स्वार्थ के लिए पार्टी बदल लेना गलत है। जनता सब भांप लेती है कि कोई पार्टी गलत रास्ते पर जा रही है या नेता खुद स्वार्थी हो गया। **- मोहम्मद आदिल**, बिहारीपुर



किसी भी नेता का चुनाव जीतने के बाद पार्टी बदल लेना जनता के साथ धोखा है। जिस सोच के साथ जनता अपने पसंदीदा नेता को वोट देकर विजयी बनाती है। इसका सीधा मतलब है कि वह नेता जनता के भरोसे को नहीं बल्कि स्वार्थ को महत्व देता है। ऐसे नेता की कोई विचारधारा ही नहीं होती। **-कुंदन**, रामपुर बाग



चुनाव जीतने के बाद पार्टी बदल लेना अपने क्षेत्र की जनता से घोर विश्वासघात है। जनता सिर्फ एक नेता को वोट नहीं देती बल्कि उसकी पार्टी की विचारधारा को भी वोट देती है। यह पूरी तरह राजनीतिक मर्यादा के विरुद्ध है कि कोई नेता चुनाव से पहले किसी पार्टी की विचारधारा के खिलाफ बोलकर जनता से वोट प्राप्त करता है और चुनाव जीतने के बाद उसी पार्टी में चला जाता है। यह सिर्फ पार्टी नहीं बल्कि जनता के साथ भी धोखा है। ऐसे नेताओं को दोबारा धोखाधड़ी का मौका नहीं देना चाहिए। **-डॉ. वंदना शर्मा**, प्रो. राजनीतिक शास्त्र, बरेली कॉलेज

# दस में से आठ बार भाजपा के खाते में डाली बरेली सीट मगर आखिरी चुनाव लड़ने की ख्वाहिश नहीं हुई पूरी

## दो मार्च को पहली सूची जारी होने के बाद से ही लगाए जाने लगे थे संतोष गंगवार का टिकट कटने के कयास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आजादी के बाद बरेली सीट पर भाजपा का कुल मिलाकर दस बार कब्जा रहा है, इसमें से आठ बार उसे यह सीट संतोष गंगवार की वजह से मिली लेकिन इसके बावजूद बढ़ती उम्र का पेच ऐसा फंसा कि नौवीं बार आखिरी चुनाव लड़कर रिकॉर्ड बनाने की उनकी ख्वाहिश पूरी नहीं हो पाई। संतोष की ओर से लगातार कोशिशों के बावजूद हाईकमान ने उनका दावा खारिज कर इस बार बहेड़ी के पूर्व विधायक छत्रपाल गंगवार पर भरोसा जताया।

इस बार संतोष गंगवार का टिकट कटने की आशंका काफी पहले से जताई जा रही थी। दो मार्च को भाजपा की पहली सूची में आंवला सीट पर धर्मेंद्र कश्यप का नाम शामिल होने के बावजूद संतोष गंगवार का टिकट घोषित नहीं किया गया तो यह आशंका और मजबूत हो गई। इसके बाद एक-एक कर जारी हुई तीन और सूची में उनका नाम शामिल नहीं किया गया तो लगभग तय हो गया कि उन्हें इस बार टिकट नहीं मिलेगा। इस बीच संतोष कई दिन तक दिल्ली में डेरा जमाए रहे। उनके समर्थक भी उम्मीद लगाए रहे कि पार्टी संतोष का टिकट काटने का जोखिम नहीं उठाएगी क्योंकि बरेली में कुर्मी बिरादरी का उनसे बड़ा नेता और कोई नहीं है। इसके अलावा दूसरे वर्गों पर भी उनकी बेहद मजबूत पकड़ है। इस सबके बावजूद होली की पूर्व संध्या उनके लिए निराशा भरा संदेश लेकर आई। संतोष गंगवार का दावा खारिज कर बहेड़ी के पूर्व विधायक छत्रपाल गंगवार को मैदान में उतार दिया गया। पार्टी के इस फैसले के बाद सियासी गुणा-भाग तेज हो गया है। बता दें कि संतोष गंगवार ने ही भारतीय जनता पार्टी का बरेली में खाता खोला था। इससे पहले दो बार जनसंघ के प्रत्याशी जीते थे। इनमें 1962 के विजयी उम्मीदवार ब्रजराज सिंह उर्फ आछू बाबू थे और 1967 के ब्रजभूषण लाल।



- होली की पूर्व संध्या पर निराशा भरी खबर मिलने से मायूस हुए संतोष के समर्थक
- संतोष से पहले जनसंघ के जमाने में बरेली से जीते थे ब्रजराज सिंह और ब्रजभूषण लाल

### पार्टी का निर्णय सर्वोपरि, अब आराम करूंगा

रविवार शाम को बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार का नाम घोषित कर दिए जाने के बाद संतोष गंगवार ने कहा कि पार्टी का निर्णय सर्वोपरि है। आठ बार से सांसद हूं। इस दौरान पार्टी ने कई बार मंत्री बनाया। लोकसभा चुनाव पूरे दमखम के साथ छत्रपाल गंगवार को चुनाव लड़ाया जाएगा। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ उनके लिए चुनाव प्रचार करेंगे। मई में चुनाव निपटने के बाद फिर आराम करूंगा।

### 1984 में पहली बार सांसद बने थे संतोष

संतोष गंगवार को भाजपा ने पहली बार 1984 में हुए लोकसभा के चुनाव में उतारा था, पहले ही चुनाव में जीतकर संतोष ने सीट पार्टी की झोली में डाली थी। इसके बाद संतोष गंगवार ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। एक के बाद एक हर चुनाव में वह विजय पताका फहराते रहे। पार्टी में कद बढ़ा तो कई बार वह केंद्रीय मंत्री भी बने। एक समय था कि उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद तक का दावेदार माना जाने लगा। लगातार छह बार सांसद रहने के बाद संतोष गंगवार 2009 में कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीन सिंह ऐरन से चुनाव हारे। 2014 में उन्होंने सीट वापस छीन ली और फिर 2019 का भी चुनाव जीता। अब टिकट कटने के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी उन्हें क्या जिम्मेदारी देगी।

### कई दिन से थे दिल्ली में, काम नहीं आई कोशिशें

पहली सूची में संतोष गंगवार का नाम नहीं शामिल होने के बाद एक तरफ उनका टिकट कटने की चर्चाएं चल रही थीं, दूसरी तरफ वह खुद दिल्ली में लगातार कोशिश में जुटे हुए थे। पिछले दिनों अमृत विचार से हुई बातचीत में उन्होंने उम्मीद भी जताई कि बरेली से इस बार भी वही चुनाव लड़ेंगे लेकिन आखिरकार उनकी कोशिशों पर पानी फिर गया। पहली सूची जारी होने से पहले संतोष गंगवार अपने निर्वाचन क्षेत्र में लगातार सक्रियता बनाए हुए थे।

## छत्रपाल सिंह की संघ से है नजदीकी

**बरेली, अमृत विचार :** मूल रूप से बरेली के दनखौड़ा गांव के रहने वाले छत्रपाल गंगवार 2017 का चुनाव जीतने के बाद योगी मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री रहे थे। बहेड़ी सीट से 2017 में वह दूसरी बार विधायक चुने गए थे। 2022 के चुनाव में सपा के पूर्व मंत्री अताउर्रहमान ने उन्हें करीब चार हजार वोटों से हराया था।

छत्रपाल गंगवार और सपा के अताउर्रहमान के बीच पिछले कई चुनावों में जोरदार मुकाबला होता रहा है। इसमें वर्ष 2012 का चुनाव खास तौर पर उल्लेखनीय है जिसमें छत्रपाल सिंह सिर्फ 18 वोटों से हार गए थे। छत्रपाल गंगवार ने रुहिलखंड यूनिवर्सिटी से 1977 में बीएड करने के बाद 1979 में पोस्ट ग्रेजुएशन किया था। 1980 से वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हैं। यह भी बता दें कि उत्तराखंड की सीमा से सटी बहेड़ी विधानसभा सीट पर पहला चुनाव 1957 में हुआ था। इस क्षेत्र में पहले लगातार कांग्रेस का दबदबा रहा। था। इसके बाद समाजवादी पार्टी हावी रही। छत्रपाल सिंह इस सीट पर जीतने वाले भाजपा के पहले उम्मीदवार थे।

### दुर्विजय ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को कहा धन्यवाद

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा के ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह को बदायूं से टिकट दिए जाने की संभावना अमृत विचार ने पहले ही जता दी थी। बदायूं से पार्टी का प्रत्याशी घोषित होते ही उन्होंने अपने फेसबुक एकाउंट पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद अदा किया।

## दूसरे दलों के नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह और जिलाध्यक्ष पवन शर्मा ने रविवार को पार्टी कार्यालय पर सपा समेत दूसरे दलों से आए नेताओं और ग्राम प्रधानों की पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। भोजीपुरा से सपा के पूर्व जिला सचिव अर्जुन सिंह नीटू, प्रधान लालता प्रसाद, अरविंद सिंह, वीरपाल, रवि जोहरी, राजीव मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, समीर अंसारी, वसीम अंसारी, मयूर सिंह, महेंद्र मौर्य, मनोज दिवाकर, विजय शुक्ला, बहेड़ी से बसपा के जोनल कॉर्डिनेटर रहे गंगाराम मौर्य, रामदयाल मौर्य, नन्हेलाल, मेवाराम समेत 15 से अधिक सभासद और 20 से अधिक प्रधानों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विधायक डॉ. डीसी वर्मा, पूर्व मंत्री बहोरन लाल मौर्य, वीरपाल गंगवार, राहुल साहू, मेघनाथ सिंह कठेरिया आदि उपस्थित रहे।



भाजपा कार्यालय पर कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# तीनों सीटों पर रखा जातिगत समीकरणों का ख्याल

## बरेली में कुर्मी की जगह कुर्मी और बदायूं में मौर्य की जगह पार्टी ने दिया शाक्य को टिकट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली मंडल की पांच में से तीन सीटों पर भाजपा ने टिकट तो बदल दिए लेकिन जातिगत समीकरण को नजरंदाज नहीं किया। बरेली में कुर्मी की जगह कुर्मी तो बदायूं में मौर्य की जगह शाक्य को टिकट दिया तो शाहजहांपुर से सटे पीलीभीत निर्वाचन क्षेत्र में जितिन प्रसाद को उतारने के पीछे वहां उनके परिवार का पुराना प्रभाव माना जा रहा है।

पिछले दो लोकसभा चुनाव में बरेली मंडल की सीटों पर भाजपा की जीत के पीछे धार्मिक आधार पर हुए ध्रुवीकरण को ही सबसे बड़ा फैक्टर माना गया था। खासतौर पर बदायूं जहां कुल 17 लाख वोटरों में से करीब आठ लाख यादव और मुस्लिम ही हैं, वहां भी पार्टी ने स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी संघमित्रा को इसी वजह से उतारा था क्योंकि वहां उनकी बिरादरी के वोटर भी बहुतायत में हैं। स्वामी प्रसाद के भाजपा छोड़ देने और पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी के पार्टी विरोधी बयानों की वजह से जब उनके टिकट कटने के दावे शुरू हुए, तभी पार्टी में उच्चस्तर पर जातिगत समीकरणों को ध्यान में रखकर ही दूसरे प्रत्याशियों की तलाश शुरू हुई थी।

बरेली में संतोष गंगवार का टिकट उनकी बढ़ती उम्र की वजह से काटे जाने की संभावना पहले से थी। पार्टी में अलग-अलग जाति के कई लोगों ने बरेली से टिकट का दावा किया था, लेकिन पार्टी ने यहां भी आखिरकार जातिगत समीकरणों को ही महत्व दिया और संतोष गंगवार की जगह बहेड़ी से चुनाव हारने वाले छत्रपाल सिंह गंगवार पर उसकी तलाश खत्म हुई। बदायूं में मौर्य-शाक्य बिरादरी के कई नेताओं के नामों पर विचार किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि बिल्सी के विधायक हरीश शाक्य और दातागंज के पूर्व विधायक सिनोद शाक्य के नाम पर भी विचार हुआ लेकिन अंत में दुर्विजय सिंह शाक्य के नाम पर सहमति बनी।




- पीलीभीत में जितिन के परिवार का पहले से प्रभाव, ब्राह्मण वोट भी ठीकठाक

### मंडल में कुर्मी वोटरों की संख्या सबसे अधिक

बरेली मंडल में कुर्मी वोट सबसे ज्यादा बरेली के पांच विधानसभा क्षेत्रों को प्रभावित करने की स्थिति में रहते हैं। सबसे ज्यादा कुर्मी वोट नवाबगंज, बहेड़ी, मीरगंज और भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र में है। इन सीटों पर कुर्मी वोटरों के रुख से ही अधिकतर हार-जीत तय होती है। इसके अलावा शहर और कैंट विधानसभा क्षेत्र में भी अच्छी तादाद में कुर्मी मतदाता हैं जो जिले के कुर्मी बहुल इलाकों से ही यहां आकर बसे हैं। बदायूं में कुर्मी मतदाताओं की संख्या अपेक्षाकृत इतनी नहीं है लेकिन पीलीभीत और शाहजहांपुर में ठीकठाक तादाद है।



### पाम संडे पर चर्चों में हुई विशेष प्रार्थनाएं

**बरेली, अमृत विचार :** मसीही समाज ने रविवार को पाम संडे मनाया। इस मौके पर ईसाई धर्मगुरुओं ने गिरजाघरों में विशेष प्रार्थनाएं कीं। पाम संडे पर चर्चों में खजूर की डालियों को लेकर मसीही समाज ने प्रभु यीशु को याद किया। खजूर रविवार की पास्टरों और फादरों ने व्याख्यान के जरिये धार्मिक महत्ता पर प्रकाश डाला। लोगों ने प्रमुख मार्गों पर रैलियां भी निकालीं। इसके बाद चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं की गईं।


## उर्स-ए-नासरी का आगाज

**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइन स्थित मस्जिद नौमहला में रविवार को दरगाह नासिर मियां के सालाना उर्स का आगाज हो गया। असर की नमाज के बाद साबिर पाक का कुल हुआ। मगरिब के वक्त दरगाह परिसर में सामूहिक रोजा इफ्तार हुआ। ईशा की नमाज और तरावीह के बाद मुशायरे की महफिल सजी। उर्स की सरपरस्ती सज्जादानशीन सुल्तान अहमद नसीरी ने की। दरगाह के खादिम शाने अली कमाल मियां नसीरी साबरी ने बताया कि सोमवार को अपराह्न 3 बजे नासिर मियां के विसाली कुल की रस्म अदा की जाएगी। मंगलवार को असर की नमाज के बाद मुख्य कुल होगा। इस दौरान जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी वारसी, नबी हसन, फहीम यार खां आदि मौजूद रहे।



## शहीदी दिवस पर नवाब खान बहादुर खान को किया याद

**बरेली, अमृत विचार :** 1857 की क्रांति के नायक और शहीदे आजम नवाब खान बहादुर खान का शहीदी दिवस मनाया गया। 24 फरवरी 1860 को उन्हें पुरानी कोतवाली (मौजूदा शास्त्री मार्केट) पर अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी पर चढ़ा दिया था। नवाब खान बहादुर खान के वंशजों व खान बहादुर खान मेमोरियल सोसाइटी के पदाधिकारियों ने रविवार को पुरानी जिला जेल स्थित उनकी मजार पर जाकर फातिहा पढ़ी। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष नवाब लियाकत अली खान, नवाब सलीम खान, कैफ अली खान, असद अली खान, असद खान, शगुफ्ता खान, सुरूर अली आदि मौजूद रहे। नवाब लियाकत अली खान ने मांग करते हुए कहा कि नगर निगम को खान बहादुर खान की मजार पर साफ सफाई की व्यवस्था करनी चाहिए।









Happy Holi
होली की हार्दिक शुभकामनायें


रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
Praveen Kumar Bajpai
Jr. Eng.
लोक निर्माण विभाग
बरेली


Happy Holi



Happy Holi
DINESH
NAMKEEN
Ashish Parchani
Managing Director
Parsakhera, Bareilly
Happy Holi
Dr. Kamini Gangwar
M.B.E.H., M.D., E.H., (Gynae)
Opp. Swadesh Bhushan Inter College, Madhinath, Bareilly
Resi : 570, Madhidnath Bareilly
9259550991, 8279686924


Happy Holi


रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
सभी क्षेत्रवासियों से अपील है कि अपने क्षेत्र को स्वच्छ बनाये रखें।
सौहार्द से मनायें त्यौहार
राजेश तिवारी
पूर्व सभासद
समाजसेवी




HOTEL LA
LAHAG & COMPANY
EXCLUSIVE OFFERS
ROOMS
Special Discount || Breakfast || Wifi
BANQUETS (KRISHNA LAWN)
Special Discount on Marriage Package
Special Discount on Sagai Package
Special Discount on Birthday / Get together
Special Rate for Corporates
Special Discount for Ladies Kitty.
RESTAURANT (KOCKTAIL & KURRIES)
Special Discount 20% on Food & Beverages
Buy Two get One free on Happy Hours
Available on Swiggy & Zomato
Call Us: 7830000020/74.
Address: 90 Civil Lines, Bareilly
Terms & Conditions may apply


बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
Hamesha Aapke Liye
खुशियों के रंग, मिठास के संग
आपके जीवन में लाएं
समृद्धि की उमंग।
आप सभी को होली की शुभकामनाएं
टोल फ्री नंबर पर कॉल करें (24x7): 1800 5700 | www.bankofbaroda.in | हमें फॉलो करें:

सभी क्षेत्रवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनायें
अरुण पटेल
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
शिखर गुप्ता
सचिव
ग्राम पंचायत सिंघाई मुरावान, वि.खं. विथरी चैनपुर, जनपद-बरेली




सभी क्षेत्रवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनायें
डॉ. विजेंद्र सिंह
MBBS, MD
श्री भोलानाथ ओमेगा हॉस्पिटल, निकट फिनिक्स मॉल के सामने, बिहारमान नगला, बरेली

सभी क्षेत्रवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनायें
उपेंद्र सिंह सोनकर
ग्राम प्रधान
युधिष्ठिर सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत नवदिया हरकिशन, वि.खं. विथरी चैनपुर, जनपद-बरेली




बरेली साधन सहकारी समिति कलापुर बरकापुर
वि.खं. बिथरी चैनपुर के
सभापति
देवेन्द्र सिंह पटेल
की तरफ से आप सभी
क्षेत्रवासियों को होली
हिन्दू नव वर्ष एवं नवरात्रि की
हार्दिक बधाई

आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
गुरु सोनी बुआ जी किन्नर
बल्लिया

कार्यालय ग्राम पंचायत रहमानपुर, वि.खं. मझगवां, बरेली
होली के शुभ अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों से
अपील
1. पशुओं का दूध निकाल कर खुला न छोड़ें।
2. साफ-सफाई में ग्राम पंचायत का सहयोग करें।
3. मास्क का प्रयोग करें,पूरी आस्तीन के कपड़े पहने।
4. पानी की टोटी को खुला न छोड़े। जल ही जीवन है।
5. अपने घरों में गमलों अथवा पुराने टायरों में पानी एकत्रित न होने दें।
6. खुले में शौच को न जाएं इससे संक्रामक रोगों के फैलने की संभावना अधिक रहती है।
7. बुखार आने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सक परामर्श लें और खून की जांच भी कराएं।
राघवेन्द्र शर्मा
विधायक-बिथरी चैनपुर
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
विद्याराम मौर्य
ग्राम प्रधान
मंडल अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा बिशारतगंज भाजपा
राजदीप कुमार सिंह
सचिव
ग्रा.पं. रहमानपुर वि.खं. मझगवां

FUTURE
GROUP OF INSTITUTIONS
Learn • Assimilate • Transcend
फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, बरेली
की ओर से होली की
हार्दिक शुभकामनाएं

मुकेश गुप्ता, चेयरमैन

ENGINEERING • MANAGEMENT • PHARMACY • MEDICAL SCIENCES
AYURVEDIC MEDICAL SCIENCE • TEACHERS EDUCATION
Campus: Bareilly-Luckow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9917480040 | visit us: www.futureinstitutions.org



कार्यालय ग्राम पंचायत दसीपुर, वि.खं. मझगवां, बरेली
होली के शुभ अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों से
अपील
1. पशुओं का दूध निकाल कर खुला न छोड़ें।
2. साफ-सफाई में ग्राम पंचायत का सहयोग करें।
3. मास्क का प्रयोग करें,पूरी आस्तीन के कपड़े पहने।
4. पानी की टोटी को खुला न छोड़े। जल ही जीवन है।
5. अपने घरों में गमलों अथवा पुराने टायरों में पानी एकत्रित न होने दें।
6. खुले में शौच को न जाएं इससे संक्रामक रोगों के फैलने की संभावना अधिक रहती है।
7. बुखार आने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सक परामर्श लें और खून की जांच भी कराएं।
राघवेन्द्र शर्मा
विधायक-बिथरी चैनपुर
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
रविंद्र कुमार
प्रधान पति
गुड्डी देवी
ग्राम प्रधान
राजदीप कुमार सिंह
सचिव
ग्रा. पं. दसीपुर, वि.खं. मझगवां (बरेली)

कार्यालय ग्राम पंचायत फुलासी, वि.खं. मझगवां, बरेली
होली के शुभ अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों से
अपील
1. पशुओं का दूध निकाल कर खुला न छोड़ें।
2. साफ-सफाई में ग्राम पंचायत का सहयोग करें।
3. मास्क का प्रयोग करें,पूरी आस्तीन के कपड़े पहने।
4. पानी की टोटी को खुला न छोड़े। जल ही जीवन है।
5. अपने घरों में गमलों अथवा पुराने टायरों में पानी एकत्रित न होने दें।
6. खुले में शौच को न जाएं इससे संक्रामक रोगों के फैलने की संभावना अधिक रहती है।
7. बुखार आने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सक परामर्श लें और खून की जांच भी कराएं।
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
नन्हेपाल
ग्राम प्रधान
सरिता दयाल
सचिव
ग्रा. पं. फुलासी, वि.खं. मझगवां (बरेली)


happy Holi
होली की हार्दिक शुभकामनायें


समस्त क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत शर्मा
(सहायक अध्यापक)
सुपुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा
(से.नि.प्र.अ.)
(जूनियर हाई स्कूल बल्ली)
कम्पोजिट विद्यालय कुतुबपुर, बरेली
बेसिक शिक्षा विभाग (उत्तर प्रदेश)




Happy Holi
2024


रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
M/s J.P. Bhatia
BHATIA Constraction Co.
Brick Industries
(A Class approved govt. contractor)
RCC Structures & Multi Storey Building by Computeriesed RMC Plant & Pump Road Carpetting by Wet Mix Plant & Computerised Hotmix Plant, Flyash Bricks Manufacturer
Off : A-31, Rajendra Nagar, Bareilly-243122 (U.P.)
Plant : NH-74, Village Faizullapur, Nawabganj, bareilly
Ph.: 2586170, 9837037743, 9719033350
E-mail : nitinbhatia04@yahoo.com


समस्त क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
रोशन लाल 'समाजसेवी'
(से.नि.प्र.अ.)
निवासी-ग्राम ढकिया मिलक
प्रधानाध्यापक
मो.नं. : 9639741156


होली की लख-लख बधाईयाँ
मंजीत सिंह बिट्टू
FASHION POINT
56, सिविल लाइन्स, निकट प्रसाद टॉकीज व निकट कुमार टॉकीज, बरेली मो. 8755622786


सभी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनायें
सुपीरियर इंडस्ट्रीज
अमित महर्षि
निदेशक
रामपुर रोड, सी.बी. गंज, बरेली


सभी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनायें
धर्मेन्द्र सक्सेना
वरिष्ठ समाजसेवी
निकट बड़ौदा बैंक, मढ़ीनाथ, बरेली




होली की हार्दिक शुभकामनाएं
PALLAVI
Ultrasound, Color Doppler,
3D/4D, Pathology, Digital X-Ray & ECG
P.P. Sharma, P.R.O.
7088400806
PHOOLO WALA MARKET, BALIYA ROAD,
DEVCHARA, BAREILLY-243 401


सभी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनायें
राजेश अग्रवाल
पार्षद
वार्ड नं. 35, रामपुर बाग, बरेली


सभी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनायें
प्रो. विनोद गंगवार
पूर्व फौजी आर्मी
मो. 7051633036
Bharat Petroleum
सचिन गंगवार
मैनेजर
मो. 6395031919
राधिका फ्यूल स्टेशन
अभु पूरा उर्फ जोखनपुर सहोड़ा, धनेटा-शीशगढ़ रोड, बरेली




रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
interLink FOODS
INTERLINK FOODS PRIVATE LIMITED
Registered Office :
Ground Floor, Rasvilas Salcon, Saket District Centre, Saket, New Delhi-110012
T: +91-11-41982300 F:+91-11-41982311
CIN : U15410DL2008PTC177846



# रंगों में रमे राम... हुरियारों का संग्राम

## धूमधाम से निकली रामबरात, हर तरफ बरसे रंग, हुरियारों के बीच हुई जमकर मोर्चाबंदी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली से एक दिन पहले रंगों की बारिश के बीच प्राचीन रामबरात धूमधाम से निकली। भगवान राम के रथ की अगुवाई में नृसिंह मंदिर से शुरुआत के बाद सड़कों पर रंग और गुलाल के गुबार उड़ने शुरू हो गए। जमकर हुड़दंग के बीच जगह-जगह हुरियारों के बीच मोर्चाबंदी हुई। कई जगह पुष्पवर्षा कर रामबरात का स्वागत किया गया।

श्री रामलीला सभा की ओर से बड़ी बमनपुरी के नृसिंह मंदिर में मंत्रोच्चार के बीच देवी-देवताओं के स्वरूपों की आरती उतारी गई और इसके बाद गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से रामबरात की शुरुआत हुई। मर्यादा पुरुषोत्तम के जयकारों के बीच रामबरात बिहारीपुर ढाल, इस्लामिया ग्राउंड, नॉवल्टी, कालीबाड़ी, बांसमंडी, मठ की चौकी, आलमगीरीगंज, नॉवल्टी चौराहा, रोडवेज, कालीबाड़ी, शहामतगंज, साहू गोपीनाथ, आलमगीरीगंज और बड़ा बाजार होते हुए देर रात फिर नृसिंह मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

कई जगह हुरियारों के बीच मोर्चाबंदी हुई। रामबरात में दर्जन भर से ज्यादा मनमोहक झांकियां और कीर्तन मंडली शामिल थीं। रामबरात देखने के लिए सड़कों के किनारे भीड़ इकट्ठी थी। इसके अलावा घरों और दुकानों की छतों भी लोगों से अटी हुई थीं। इससे पहले ब्रह्मपुरी रामलीला कमेटी के संरक्षक अनुपम कपूर, डॉ. विनोद पागरानी, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने विधिवत पूजन कर रामबरात की शुरुआत की। बरात में अध्यक्ष सर्वेश रस्तोगी, अंशु सक्सेना, महेश पंडित, पंकज मिश्रा, राजू मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, सुनील रस्तोगी, लवलीन कपूर, नवीन शर्मा, विवेक शर्मा, गौरव सक्सेना, दिनेश दद्दा, पंडित सुरेश कटिहा, सत्येंद्र पांडेय, महिवाल रस्तोगी, नीरज रस्तोगी, दीपेंद्र वर्मा, पंडित विनोद शर्मा, अनमोल रस्तोगी, कमल टंडन मौजूद रहे।

### रामबरात और नृसिंह शोभायात्रा में रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

रामबरात और नृसिंह शोभायात्रा की वजह से रविवार को पुलिस हाई अलर्ट पर रही। दोनों यात्राओं के रास्ते पर भारी तादाद में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। इसके अलावा छतों पर भी फोर्स तैनात किया गया था। भारी संख्या में पुलिसकर्मी शोभायात्राओं के साथ भी रहे। अफसरों ने बताया कि शोभायात्राओं के रूट पर दो हजार पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।



रामबरात के दौरान कालीबाड़ी में हुरियारों ने जमकर मोर्चा लिया और रंगों की बौछार की। ● अमृत विचार



राम बरात शुरू हुई तो लोगों को हुजूम सड़कों पर दिखा। ● अमृत विचार



रामबरात में हुरियारों की टोलियों के बीच मोर्चाबंदी हुई तो हर तरफ लोग रंगों की बौछारों से तरबतर होते दिखाई दिए। ● अमृत विचार

# धूमधाम से निकली भगवान नृसिंह की शोभायात्रा

- घंटाघर चौराहे पर हुई रामबरात में शामिल, कई जगह फूल बरसाकर लोगों ने किया स्वागत

**बरेली, अमृत विचार :** होली से पहले नृसिंह भगवान की शोभायात्रा भी धूमधाम से निकाली गई। कई आकर्षक झांकियों के साथ चाहबाई से शुरू हुए नृसिंह शोभायात्रा कई इलाकों से गुजरते हुए घंटाघर चौराहे पर रामबरात में शामिल हो गई। इस बीच कई जगह उसका फूल बरसाकर स्वागत किया गया।

चाहबाई पर शोभायात्रा की शुरुआत पूर्व पार्षद महेश पंडित ने भगवा ध्वज दिखाकर की। पुरोहित पंडित मन्नू महाराज और पंडित मनीष पाठक ने विधिवत पूजन के बाद भगवान नृसिंह की आरती की। इसके बाद शोभायात्रा चाहबाई के श्री चित्रगुप्त महाराज मंदिर से बानखाना घोसियान मस्जिद, श्री गौरीशंकर मंदिर, गुलाब नगर, बजरिया के प्राचीन श्री काली मंदिर, अग्रसेन विद्यालय, दयानंद चौक, नावल्टी रोड, रोडवेज, कालीबाड़ी से गुजरते हुए कुतुबखाना पुल होते हुए चाहबाई लौटकर संपन्न हुई।

शोभायात्रा का रास्ते में जगह-जगह जनसमूह ने स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल लोगों को सूक्ष्म जलपान भी कराया गया। शोभायात्रा पर घरों-दुकानों की छतों से फूलों और रंगों की बौछार की गई। यात्रा में संरक्षक विपुल लाला, अध्यक्ष पंडित मन्नू महाराज, अनुराग अग्रवाल, नीरू भारद्वाज, राहुल ठाकुर, गोविंद पटवा, मनीष पाठक, हनी शुक्ला, मानव पाठक, गौरव सक्सेना, नितेश सक्सेना, कुणाल सक्सेना, अलंकृत सक्सेना, वंशज भारद्वाज, गौतम पटवा, हिमांशु अग्रवाल, प्रवेश वर्मा, कमल कन्नौजिया, शुभम ठाकुर आदि लोग शामिल रहे।





राम बरात में शामिल लोग रंगों से सराबोर दिखे। हर ओर जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे। ● अमृत विचार

### फिर याद नहीं रखा राम की मर्यादा को



कहते तो रामबरात हैं लेकिन राम की मर्यादा हर साल तार–तार हो जाती है। इस बार भी रामबरात में शामिल हुरियारों ने न राम की मर्यादा का ख्याल रखा न नारियों की गरिमा और सम्मान का। नावल्टी टॉकीज के पास महिला हुड़दंग का शिकार हुई। खुलेआम शराब की बोतलें लहराते हुए जाम भी टकराए गए। अफसोस की बात यह भी कि किसी ने कोई रोकटोक भी नहीं की। ● अमृत विचार

### खूब उड़ा रंग-गुलाल



# होली के गीतों पर जमकर थिरके दांतों के डाक्टर

**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने रविवार को होटल रेडिसन में होली समारोह आयोजित किया, जिसमें डॉक्टर होली के गीतों पर जमकर थिरके और होली खेली। आईडीए के अध्यक्ष डॉ. दिनेश राय ने बताया कि इस बार होली शो राज कपूर के आरके स्टूडियो की थीम पर रखा गया था। सभी चिकित्सकों को सफेद रंग का ड्रेस कोड दिया गया। इस मौके पर कपल्स गेम, किड्स गेम, रेन डांस, स्विमिंग पूल में रंगों की होली, सिंगिंग, लकी ड्रा आदि कार्यक्रम हुए। सभी दंत चिकित्सक परिवार के कार्यक्रम में शामिल हुए। सचिव डा. अनूप आर्य, कोषाध्यक्ष डॉ. राघव चौधरी, डॉ. प्रेरणा गोयल, डॉ. सविता सक्सेना, श्वेता राय, डा. सोनल, डॉ. पुनीत आदि मौजूद रहे।



होटल रेडिसन में आयोजित होली महोत्सव में डॉक्टरों ने खूब उड़ाया गुलाया।

# बृजेन्द्र को महामूर्ख और इंद्रदेव को मूर्ख सम्राट की उपाधि

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन की ओर से रविवार को एक प्रेस क्लब में महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षा करते हुए रणधीर प्रसाद गौड़ 'धीर' ने रचना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि विनय सागर जायसवाल रहे। वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना को समाज शिरोमणि, डॉ. विनोद पागरानी को समाज गौरव, डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी को पांचाल गौरव, डॉ. राजीव गोयल को रुहेलखंड गौरव, कवियों में बृजेंद्र तिवारी को महामूर्ख, इन्द्रदेव द्विवेदी को मूर्ख सम्राट,रामधारी निर्मल को मूर्ख शिरोमणि, राम कुमार अफरोज को शाने बरेली, भारतेन्द्र सिंह को मूर्खाधिराज, शाद शम्सी को शाने रुहेलखंड, सरवत परवेज को शाने उत्तर प्रदेश, उपमेंद्र सक्सेना को मूर्ख गौरव की उपाधियों से सम्मानित किया गया।

# आईएमए: कवियों की महफिल में होली की रसधार



आईएमए के होली महोत्सव में मौजूद विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. डीसी वर्मा और पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### शिव पार्वती के स्वरूप से छेड़छाड़, हिंदूवादी संगठनों ने किया विरोध

आईएमए के होली महोत्सव में अचानक खलबली मच गई। दरअसल, शिव पार्वती के स्वरूप से डॉक्टरों ने छेड़छाड़ की। इसकी जानकारी हिंदूवादी संगठनों को लग गई। संगठनों के लोगों ने आईएमए हाल पहुंचकर विरोध जताया। हालांकि,दोनों पक्षों में वार्ता के बाद मामला शांत हो गया।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने होली महोत्सव किया आयोजित
- सदस्यों ने शिव बरात का किया मंचन, जनप्रतिनिधि भी पहुंचे

**अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) बरेली शाखा ने रविवार को होली महोत्सव आयोजित किया। इस मौके पर आईएमए के सदस्यों ने शिव बरात का मंचन किया। इस दौरान कवि सम्मेलन भी हुआ।

आईएमए सभागार में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद संतोष गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक सलोना कुशवाहा, डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्या, चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल, डॉ. आईएस तोमर आदि ने सभी को होली की बधाई दी। इससे पहले आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर कवि सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसका संचालन कवि रोहित राकेश ने किया। डा. निकुंज गोयल, डॉ.रवीश अग्रवाल, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. अजय भारती, डॉ. हर्षदीप साहनी, डॉ. राजकुमार आदि मौजूद रहे।



होली महोत्सव में पहुंचे बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल और डॉ. वरुण अग्रवाल। ● अमृत विचार

### पंजाबी सेवा संगठन ने मनाया होली महोत्सव

**बरेली, अमृत विचार :** पंजाबी सेवा संगठन ने रविवार को एक होटल में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। विशेष तौर पर पंजाबी व्यंजनों को तैयार किया गया था। संगठन में शामिल हुए नए सदस्यों का परिचय कराया गया। संदीप वाधवा ,मोहित अरोरा ,अभिषेक अरोरा, दीपक मालिक ,प्रदीप हिंदुजा , राजेंद्र अरोरा, अशोक अरोरा, अंकित खंडूजा, सुमित गुजराल, पंकज साहनी, गुरजीत सिंह, संजीव साहनी, विक्की बग्गा, जेके बजाज आदि मौजूद रहे।

# रंगोत्सव : भीड़भाड़ से देर रात तक बाजार गुलजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली के उल्लास में हर कोई सराबोर है। हर तरफ रंगोत्सव की रौनक है। बच्चों से लेकर बड़ों तक में उत्साह दिख रहा है। होली से एक दिन पहले रविवार को शहर के बाजार होली की खरीदारी से गुलजार रहे। दोपहर में सिविल लाइंस, कुतुबखाना, कोहाड़ापीर, आलमगीरी गंज, खोवा बाजार, राजेंद्र नगर, डीडीपुरम समेत शहर के शॉपिंग मॉल में भी भीड़ भाड़ रही। लोगों ने रंग-गुलाल, पिचकारी, कपड़ों से लेकर जूते-चप्पल आदि की जमकर खरीदारी की।

दो दिन पहले कुतुबखाना रोड पर अतिक्रमण अभियान चलाए जाने के बाद सड़क की पटरियों पर अस्थायी दुकानदारों का कब्जा रहा। इसके चलते बार-बार जाम की स्थिति बनती रही। सोमवार को होलिका दहन के बाद रंग खेला जाएगा।

**खूब बिके नमकीन, कचरी और पापड़ :** होली पर मेहमानों के स्वागत के लिए कचरी, पापड़, मूंग दाल और मसालेदार मूंगफली समेत अन्य नमकीन विक्रेताओं की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। शहामतगंज में किराना सामान के थोक विक्रेता मुनेश कुमार ने बताया कि दालमोठ, चिप्स, पापड़ आदि सामान की मांग ज्यादा रही।



डीडीपुरम में दुकान से रंग खरीदता ग्राहक। ● अमृत विचार

### 50 रुपये में दो गन्ने और बलगुरिया की माला

नवादा शेखान के राजू ने बताया कि होलिका पूजन के लिए गेहूं की एक बाली दस रुपये, बलगुरिया की एक माला 25 से 50 रुपये, एक गन्ना 30 तो जोड़ा 50 रुपये में बिका।

### बाजार में डेढ़ हजार रुपये किलो की गुझिया भी

इस बार भी बाजार में गुझिया की मांग ज्यादा है। नामी दुकानों पर डेढ़ हजार रुपये किलो तक की गुझिया उपलब्ध है। हालांकि, बाजार में गुझिया की काफी वैरायटी भी हैं। परंपरागत गुझिया के साथ ही केसरिया, चाशनी से पगी, मोतीचूर, खोवा व बेक करके चाशनी से बनाई हुई गुझिया भी मौजूद है।

# मेरी चुनरी में पड़ गयो दाग री ऐसा चटक रंग डालो...

- हरि मंदिर में हुई रस बरसाना भजन संध्या

**बरेली, अमृत विचार:** होली के उपलक्ष्य में श्री हरि मंदिर मॉडल टाउन में रविवार को रस बरसाना भजन संध्या का आयोजन हुआ। इस दौरान शिवम शर्मा ने मेरी चुनरी में पड़ गयो दाग री, ऐसा चटक रंग डालो, चलो री सखी फाल्गुन फाग मनाएं, मेरो खो गयो बाजोबंद रसिया होली में आदि होली गीतों से समां बांध दिया।

इस दौरान राधाकृष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। फूलों की होली खेली गई। फाग महोत्सव में भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि सोमवार को होली मिलन महोत्सव में श्री वैष्णो देवी बुआ दाती संकीर्तन मंडल भजनों की प्रस्तुति देगा। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सतीश खट्टर, सुशील कुमार, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, अश्विनी ओबरॉय, रंजन कुमार, अनिल, जितेंद्र दुआ, योगेश ग्रोवर, विमल सोंधी, निशा लखानी आदि मौजूद रहे।



मॉडल टाउन स्थित हरि मंदिर में गायक शिवम शर्मा के भजनों पर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# एक साथ उठीं तीन अर्थी, शोक में डूबा गांव

## होली से एक दिन पहले मीरगंज हल्दी खुर्द में पसरा मातम, घरों में नहीं जले चूल्हे

संवाददाता, बरेली/मीरगंज

**अमृत विचार :** बरेली रामपुर हाईवे पर शनिवार रात हुए हादसे ने मीरगंज के गांव हल्दी खुर्द की होली की खुशियों को मातम में बदल दिया। हादसे में चार लोगों की मौत के बाद तीन लोगों के शव घर पहुंचे तो पूरा गांव शोक में डूब गया। हर आंख नम थी। लोग डंपर चालक को कोस रहे थे। एक साथ सजाई गईं तीन चिताओं को परिजनों ने मुखाग्नि दी।

रामपुर के मिलक के पास हुए हादसे में गांव के रवि, अनीता, सावित्री और रामवती की मौत हो गई थी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जब रवि, अनीता और रामवती के शव गांव हल्दी खुर्द पहुंचे तो चीत्कार गूंज उठी। गांव में चूल्हे नहीं जले। हर आंख से आंसू बह रहे थे। वहीं, रवि के परिजन रो रोकर कह रहे थे कि यदि पता होता तो वे उसे कभी ट्रैक्टर ट्राली से नहीं भेजते। जब घर से तीन अर्थियां एक साथ उठीं तो परिजन बिलख पड़े। श्मशान भूमि में तीनों चिताएं एक साथ सजाई गईं। सावित्री के शव को ससुराल वाले अपने गांव करपिया हप्पू थाना मिलक ले गए। वहीं अंतिम संस्कार किया।



एक ही परिवार के चार लोगों की मौत के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

### बहन के यहां छोछक देने गया था रवि

हल्दी खुर्द गांव का रवि शनिवार को मुरादाबाद के गांव बुझपुर थाना मुंडापांडे में छोछक देने के लिए बहन के यहां ट्रैक्टर ट्राली से गया था। उसके साथ परिवार की महिलाओं समेत करीब 20 लोग थे। शनिवार को वापस आते वक्त रात 12 .30 बजे मिलक के पास हरियाणा पंजाब ढाबा के सामने ट्रैक्टर का डीजल खत्म हो गया। तब चालक ने ट्रैक्टर रोड पर खड़ा कर दिया और डीजल लेने चला गया। इसी दौरान पीछे से आए डंपर ने टक्कर मार दी थी।

# दहेज : फंदे पर लटकी मिली युवती, ससुराल वाले फरार

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** विवाहिता का ससुराल में शव फंदे पर लटका मिला। ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए। घर वालों ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नवाबगंज के गांव बरखना हरचंदपुर निवासी जावित्री की शादी तीन साल पहले क्योलड़िया के गांव जवेदा-जवेदी के श्यामाचरन से हुई थी। परिवार वालों ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे, उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। शनिवार रात जावित्री देवी को फंदे पर लटका हत्या करके ससुराल वाले फरार हो गए। सूचना पर पहुंचीं थाना प्रभारी निरीक्षक परमेश्वरी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सूचना पर मृतका के मायके वाले भी रोते - बिलखते पहुंचे। घटनास्थल पर पुलिस क्षेत्राधिकार हर्ष मोदी, नायब तहसीलदार भी पहुंचे। इस विषय में प्रभारी निरीक्षक ने बताया परिवार वाले मृतका के शव के साथ पोस्टमार्टम हाउस गए हैं अभी परिवार वाले ने कोई तहरीर नहीं दी है तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर के थाना किच्छा के गांव गऊघाट कठर्रा निवासी सलीम अहमद ने बेटी जुबैदा की शादी 10 मई 2020 को भोजीपुरा के गांव रत्ना चुन्नीलाल में साजिद अली से की थी। इस दौरान जुबैदा को दो बच्चे हुए। शनिवार की शाम पांच बजे सलीम अहमद को किसी रिश्तेदार ने बेटी की मौत की सूचना मिली तो वहां पहुंचे। सूचना पर भोजीपुरा थाना प्रभारी जगत सिंह भी पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं हैं। मायके वाले हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा। फिलहाल मृतका के पिता की तहरीर पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मृतका के पिता ने दहेज में दस लाख रुपये व एक कार मांगने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को मायके वालों को सौंप दिया।

### फूल तोड़ने गई किशोरी से छेड़खानी, खींचतान में शोहदे ने तोड़ा हाथ

**मीरगंज, अमृत विचार :** होली के लिए फूल तोड़ने गई किशोरी से शोहदे ने छेड़खानी की, उसके विरोध करने पर शोहदे ने खींचतान में उसका हाथ तोड़ दिया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। इससे मोहल्ले में आक्रोश है। एक महिला ने बताया कि उनकी नाबालिग बेटी शनिवार शाम छह बजे होली के लिए फूल तोड़ने के लिए खेतों में गई थी। इस दौरान पहले से घात लगाए बैठा उसी के मोहल्ले के लड़के ने छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी ने धक्का दे दिया जिस कारण किशोरी का हाथ टूट गया। किसी तरह किशोरी घर पहुंची और पूरी बात बताई। पीड़िता के परिजनों ने जब आरोपी के घर जाकर विरोध किया तो उन्होंने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने परिवार के साथ थाने में शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रॉली से टकराई बस, चालक की मौत

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** रोडवेज बस रविवार सुबह सीमेंट भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई, इस हादसे में चालक की मौत हो गई, जबकि परिचालक घायल हो गया। अमरोहा डिपो की गाड़ी जो अमरोहा से अयोध्या धाम चलती है। वह शनिवार को सवारियां लेकर सीतापुर तक गई थी। वहां से लौटते समय फतेहगंज बाईपास हाईवे से गुजर रही थी कि अचानक सीमेंट लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई , इसके बाद अनियंत्रित होकर सर्विस रोड पारकर गेहूं के खेत में जा घुसी।जिसमें चालक गणपत सिंह एवं परिचालक सत्येंद्र कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक और परिचालक को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान चालक गणपत सिंह की मौत हो गई है। परिचालक सतेंद्र कुमार का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। ट्रैक्टर चालक रात होने के कारण मौके से फरार हो गया। दुर्घटनाग्रस्त बस को पुलिस ने कब्जे लेकर थाने पर खड़ा कराया है।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस।

### बेटे के साथ बाइक से मायके जा रही वृद्धा गिरकर घायल

**रिठौरा, अमृत विचार :** कस्बे से सटे गांव चेनामुरार की रामलली भाई की गमी की होली में शामिल होने अपने बेटे वीरसहाय के साथ बाइक से रविवार को मायके जा रही थी। थाना भुता के गांव जगराजपुर –खाईखेड़ा के बीच किसी समय बाइक से उछल कर गिर गई और साड़ी का पल्लू पहिए में फंस गया। जिससे काफी दूर तक वह रोड पर घिसटती चली गई।पीछे से बंजरिया के अभिषेक सक्सेना आ रहे थे। उन्होंने अपनी बाइक तेज कर बेटे को बताया तब बाइक रोककर लहुलुहान मां को एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया।

### दो लाख की नशीली दवा के साथ चार पकड़े

**फरीदपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने रविवार को चार लोगों को नशीली दवाओं के साथ पकड़ा, जिन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया। फरीदपुर पुलिस ने रविवार को हर्षित गुप्ता , शिवम गुप्ता निवासी मोहल्ला फर्रखपुर फरीदपुर, अरुण मौर्य निवासी मोहल्ला कानून बयान और करन गुप्ता निवासी पीपल शाना चौधरी थाना भोजीपुरा को पकड़ा। इनके पास से से 98 डिब्बे प्रोक्सी ओम स्पास कैप्सूल जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत 200000 , तीन मोबाइल फोन, 31000 रुपये नकद पुलिस ने बरामद किए । वहीं अनमोल निवासी लाइन पर मठिया कस्बाबाद थाना फरीदपुर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

### आंवला में हुरियारों ने जमकर उड़ाया गुलाल



**आंवला, अमृत विचार :** होली पूर्व पर नगर में रंग की चौपाई निकाली गई। हुरियारों ने टैंकरों से रंग के मोर्चे खोले, नगरवासियों ने उनके ऊपर जमकर रंग, अबीर–गुलाल उड़ाया। होली दहन से पहले नगर के गंज मोहल्ला क्षेत्र के हुरियारे रंग की चौपाई लेकर पक्का कटरा क्षेत्र में आते हैं और अगले दिन पक्का कटरा से रंग की चौपाई गंज क्षेत्र में जाती है। इसी क्रम में पहले दिन रंग का पहला मोर्चा भुर्जी टोला चौराहे पर हुआ, इसके बाद किसान टोला, पक्का कटरा, स्टेट बैंक चौराहे पर रंग के मोर्चे खेले गए।

### 24 घंटे में दूसरी बार गोवंशीय पशुओं की ट्रेन से मौत

**फतेहगंज पूर्वी , अमृत विचार :** 24 घंटे में ट्रेन की चपेट में आने से दूसरी बार गोवंशीय पशुओं की कटकर मौत हो गई । रविवार शाम करीब पांच बजे राजरानी एक्सप्रेस विलपुर स्टेशन के आउटर सिग्नल से गुजरी तो गोवंशीय पशुओं का झुंड ट्रेन के सामने आ गया, जिससे दो पशुओं की मौत हो गई। इस दौरान ट्रेन को कई झटके लगे और वह बेपटरी होते होते बच गई। ट्रेन के इंजन में गोवंशीय पशुओं के अवशेष फंस गए जिससे राजरानी एक्सप्रेस करीब 20 मिनट तक बिलपुर स्टेशन पर खड़ी रही । ड्राइवर ने बिलपुर स्टेशन मास्टर को सूचना दी तो अप दिशा से गुजरने वाली ट्रेनों को कटरा समेत पीछे स्टेशनों पर रोका गया । शनिवार की शाम को भी इसी स्थान पर जनसाधारण एक्सप्रेस की चपेट में आने से सात गोवंशीय पशुओं की ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी।

### खाद्यान्न कम मिलने पर कोटेदार पर रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार :** पूर्ति विभाग ने एक दुकान के निरीक्षण में स्टॉक में राशन कम मिलने पर कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूर्ति निरीक्षक आंवला कुमार सौरभ ने बताया कि अंतपुर गांव के उचित दर विक्रेता त्रिभुवन सिंह की दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान में 23 .07 कुंतल चावल, 8 .32 कुंतल गेहूं और 5 .01 कुंतल बाजरा का स्टॉक कम पाया गया। उन्होंने डीएम की अनुमति के बाद अलीगंज थाने में कोटेदार त्रिभुवन सिंह के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### शोहदे से परेशान छात्रा ने परीक्षा छोड़ी

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** शोहदे की छेड़खानी से परेशान 8वीं की छात्रा परीक्षा देने स्कूल नहीं गई। परिजनों ने परीक्षा छोड़ने का कारण पूछा तो उसने पूरी बात बताई। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है,पुलिस मामले की जांच कर रही है। छात्रा गांव के ही सरकारी स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ती है। उसकी ही कक्षा में गांव का ही अरबाज पढ़ता है, वह उससे छेड़खानी करने के साथ पीछा करता है। एक बार बुरी नियत से उसे पकड़ भी चुका है। छात्रा के पिता ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### होली पर भुलाएं सब अपने गिले-शिकवे



**आंवला, अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने नगर स्थित अपने आवास पर होली पर कार्यक्रम करके लोगों को रंग लगाकर त्योहार की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आंवला की जनता उनका परिवार है। त्योहार घरवालों के साथ मिलकर मनाया जाता है। उन्होंने मौजूद लोगों से हालचाल जानें और होली को लेकर नवयुवकों को जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा होली का पर्व गिले शिकवे भुलाकर एक करने का काम करता है। इसके साथ ही मोहल्ला खेड़ा काली धाम मंदिर पर पहुंचे और भाजपाइयों के साथ पूजन किया।

### रंग-गुलाल के साथ खेली होली, गले मिले



**नवाबगंज, अमृत विचार :** विधायक डॉ. एमपी आर्य की ओर से आयोजित होली संगम में रविवार को क्षेत्र वासियों ने अबीर – गुलाल के साथ होली खेली। नगर के एक बारात घर में आयोजित होलिकोत्सव में पूर्व पालिकाध्यक्ष रविन्द्र सिंह राठौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरपाल, पिछड़ा मोर्चे के जिलाध्यक्ष राधे श्याम साहू, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. एके गंगवार, रवि गंगवार, राखी गंगवार, लेखराज गंगवार, मंडल अध्यक्ष राजीव गंगवार, रामपाल गंगवार,बब्लू गंगवार, निर्भय गंगवार, सर्वेश गंगवार, नत्थूलाल आर्य, केहरी सिंह, सत्येन्द्र गंगवार, जमुना प्रसाद फौजी, टी आर गंगवार, सरजू गंगवार, रत्नेश गंगवार, राममोहन गंगवार व तेजपाल पटेल आदि के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों ने विधायक के साथ होली खेलकर बधाई दी।

### संघ कार्यालय और नगर पालिका में खेली गई होली



**बहेड़ी, अमृत विचार :** आरएसएस कार्यालय सभागार में होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ, जिसमें वक्ताओं ने पर्व से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर चर्चा की। आपसी मतभेद भुलाकर रंगों के इस पर्व को भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। इस अवसर पर जिला संघ चालक आलोक गर्ग, पूर्व विधायक छत्रपाल गंगवार, अशोक गंगवार, रामेश्वर शर्मा अजय जायसवाल समेत अन्य मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद में अवकाश की पूर्व संध्या पर बड़े ही उत्साह से होली खेली गई। पालिकाध्यक्ष रश्मि जायसवाल, ईओ वीरेंद्र प्रताप सिंह व जेई विपिन कुमार को पालिका के कर्मचारियों ने रंग व गुलाल से सराबोर कर दिया। पालिका अध्यक्ष व ईओ ने सभी को जलपान कराकर पर्व की बधाई दी।

### कैंट हरि मंदिर से निकाली शोभायात्रा

**कैंट, अमृत विचार :** होलिका दहन की पूर्व संध्या पर सदर बाजार कैंट के श्री हरि मंदिर सत्संग भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रीराधा कृष्ण की मनमोहक झांकी और ढोल नगाड़ों पर होली के गीत गाती महिलाएं और श्रद्धालु नजर आए। इस दौरान लोगों ने फूलों और गुलाल से होली खेली गई। शोभायात्रा हरि मंदिर से आरम्भ होकर शंकर चौराहा, गोला बाजार, धोपेश्वर नाथ मंदिर, अहीर मोहल्ला से मदारी की पुलिया होते हुए हरि मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में दीपा मिश्रा, उमा अरोड़ा, रीता मेहता, गीता बेदी, पंडित नरेश उपाध्याय, कृष्ण मेहता, शशिकांत जायसवाल, डॉ. वैभव जायसवाल, श्रीधर शुक्ला, राजकुमार शर्मा, मुकेश कुमार, शान्तुज मिश्रा, रोहित चावला, अश्वनी शर्मा समेत अन्य रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित हो कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम महिमा सिंह है, जबकि स्कूल के शैक्षिक अभिलेखों में नाम महिमा सिंह बर्मन दर्ज है जो गलत है तथा दूसरी पुत्री का सही नाम वैष्णवी सिंह है। उसके शैक्षिक अभिलेखों में नाम वैष्णवी सिंह बर्मन दर्ज है जो गलत है। सही नाम दर्ज किया जाये। **संदीप सिंह पुत्र श्री अमर सिंह, निवासी- कटरा चांद खाँ, पुराना शहर, बरेली**

सूचना
मूल बैनामा दिनांकित 09.01.2014 बही सं. –01, जिल्द सं.– 6787, पृष्ठ सं.–197 से 238 पर क्रमांक 394 उपनिबंधक द्वितीय बरेली जोकि पिता स्व. लाल सिंह के नाम पर दर्ज था । 23.03.2024 को रास्ते में ले जाते वक्त कहीं गिर गया है, काफी तलाश किया मगर नहीं मिला । **जितेंद्र सिंह पुत्र स्व. लाल सिंह निवासी–147 जागृति नगर, बदायूं रोड, करगैना, थाना–सुभाषनगर, बरेली । मो.7906488425**

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान
डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
• शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
• धात रोग (Spermatorrhoea)
• स्वप्न दोष (Night Fall)
• वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
• निल शुक्राणु (Azoospermia)
• शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
• बांझपन (Sterility)
• सफेद पानी (Leucorrhoea)
• पेट में दर्द (Pelvic Pain)
• बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)
धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह अभी फोन करें : GURU AADIL JI 9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

सेंट पॉल बिलिवर्स ईस्टर्न चर्च
चनहेटी कलीसिया, बरेली
अनुग्रह राबर्ट, मदनलाल सोलंकी, धर्मपाल समस्त कलीसिया की ओर से पॉम सण्डे की हार्दिक शुभकामनाएं
फादर सुमित मैसी

डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician
● शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात ● पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। ● पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
● घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। ● सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
● पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।
लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384

गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact : 7906732664, 8445507002

Basubaral Saraswati Vihar
Senior Secondary School, Affiliated to C.B.S.E., Delhi
With Maths, Science, Commerce and Humanities Stream
Admission Open For Classes I to XIIth Session 2024-25
HURRY! Limited Seats are available
Special Features : ● Pollution Free 5 Acre Campus ● Normal Fees with Highest Values ● Smart Classes ● Digitization of School Administration ● CCTV Secured Campus ● Online Feedback of Students with Parent ● Transport Facility ● Leading School in Sports activities
Please Note : ● Admission will be on merit base/entrance exam ● New Session will be commenced from 1 April 2024 ● Regular Classes are running - Hurry up! ● Prospectus/Admission Forms are available in school
Apna Ghar Parisar, Bisalpur Road, Bareilly-243006
Mob.: 7983035601, 8791688082, 8869098082

निश्चित सफलता एवं उज्जवल भविष्य हेतु प्रवेश लें।
SMT. SHANTI DEVI HIGHER SECONDARY SCHOOL
ADMISSION OPEN 2024-25
● Highly Qualified & Trained Staff
● High Tech Computer Lab
● Science Lab
● Indoor Games
● 100% Result in Board Exams
● Yoga Education
Sita Sharma Founder
City Office : Near Phoenix Mall, Chhoti Vihar Bareilly
Contact : 9927692913
Website : ssddc.org smtshantidevibareilly


## कानपुर- बुंदेलखंड की 11 सीटों पर सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला

## जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर पार्टी प्रत्याशी तय करने में जुटी

## पार्टी ने कानपुर, कन्नौज,उन्नाव , इटावा, जालौन और अकबरपुर में उतारे उम्मीदवार

# बसपा के हाथी को सोशल इंजीनियरिंग के नए महावतों की तलाश

दिग्विजय सिंह, कानपुर



**अमृत विचार :** कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में ढाई दशक पहले दो तिहाई लोकसभा सीटों पर बसपा का डंका बजता था। टिकट के लिए दावेदार लाइन में लगे रहते थे। लेकिन भाजपा के मज़बूत उभार और सपा के पैर जमाने से हाथी की चाल धीमी पड़कर अब उस दलदल में फंस चुकी है, जहां से बाहर निकलने के लिए पार्टी एक बार फिर उन जातीय महावतों की तरफ देख रही है, जो उसकी सोशल इंजीनियरिंग को नए सिरे से परवान चढ़ा सकें।

बसपा ने अब तक जो प्रत्याशी घोषित किए हैं, उसके पीछे यही रणनीति नजर आ रही है। इंडिया गठबंधन और भाजपा ने बुंदेलखंड और कानपुर की 11 सीटों को जीतने के लिए एक- एक कर अपने तुरुप के पत्ते चलने शुरू कर दिए हैं। फतेहपुर, कन्नौज सीट छोड़ दें तो सपा ने अन्य सीटों पर चेहरे घोषित कर दिए हैं। भाजपा को अभी कानपुर सीट पर चेहरा घोषित करना है, कांग्रेस ने कर दिया है। इसके मुकाबले बसपा के हाथी की चाल धीमी पर सधी हुई है। पार्टी सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर काम कर रही है और बहुत सधे हुए तरीके से उम्मीदवार तय कर रही है। अभी इटावा, जालौन, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व उन्नाव सीट पर ही पार्टी ने उम्मीदवार उतारे हैं।

फर्रुखाबाद, कन्नौज और कानपुर सीट पर बसपा कभी नहीं जीती। 2019 में तो सपा से गठजोड़ के बाद भी इस क्षेत्र में जहां उसके उम्मीदवार लड़े वे हारे। क्षेत्र की सभी 11 सीटें भाजपा के कब्जे में हैं। उन्नाव, कानपुर, इटावा, अकबरपुर, हमीरपुर- महोबा, बांदा- चित्रकूट, झांसी, जालौन- गरौठा, फतेहपुर, फर्रुखाबाद सीट पर लगातार दो चुनावों से भाजपा का कब्जा है। पार्टी ने 2019 की मोदी लहर में कन्नौज सीट भी सपा से छीन ली थी। इन सीटों पर भाजपा को धूल चटाने के लिए न सिर्फ इंडिया गठबंधन अपनी चालें चल रहा है तो बसपा मुखिया मायावती भी नाप- तौल कर चेहरे घोषित करने में जुटी हुई हैं। यही वजह है कि टिकट वितरण में पार्टी बहुत जल्दबाजी के मूड में नजर नहीं आ रही है।

### उन्नाव व अकबरपुर में ब्राह्मण चेहरे पर दांव

पार्टी बांदा- चित्रकूट सीट पर किसी ब्राह्मण चेहरे को मैदान में उतारकर सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को और धार देना चाहती है। अकबरपुर सीट पर उसने भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले और सपा के राजाराम पाल के मुकाबले राजेश द्विवेदी को मैदान में उतार कर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का पूरा प्रयास किया है। बांदा सीट पर सपा के टिकट में बदलाव के कयास के कारण पत्ते बसपा नहीं खोल रही है। चर्चा है कि भाजपा के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र सपा से टिकट ला सकते हैं। भैरों के कदम का इंतजार बसपा को है। सपा में टिकट नहीं बदला तो पार्टी यहां ब्राह्मण चेहरे पर ही दांव लगाएगी। पार्टी ने उन्नाव सीट पर भी वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय को उतारा है और उसे उम्मीद है कि 2004 की तरह ही उसका ब्राह्मण वाला दांव कामयाब होगा। फतेहपुर सीट पर भी पूर्व विधायक आदित्य पांडेय बसपा से आ सकते हैं। वैसे यहां असलम शेर खां भी दावेदार हैं। कन्नौज सीट पर बसपा ने मुस्लिम चेहरा अकील अहमद को उतारा है तो कानपुर सीट पर ठाकुर जाति पर दांव लगाया है। हमीरपुर- महोबा सीट से किसी पिछड़ी जाति के नेता को समर में उतारा जा सकता है।

### बसपा के लिए बंजर जमीन जैसा क्षेत्र

कानपुर- बुंदेलखंड क्षेत्र बसपा के लिए बंजर जमीन जैसा है। 1999 और 2009 में हमीरपुर- महोबा सीट जीतने वाली बसपा पिछले चुनाव में दूसरे नंबर पर थी, लेकिन इस बार पार्टी के खेमे में टिकट को लेकर बहुत ज्यादा उत्साह नहीं दिख रहा है। यही स्थिति बांदा- चित्रकूट और जालौन- गरौठा सीट की भी है। 1999 के बाद से पार्टी यहां जीत के लिए तरस रही है। कन्नौज, फर्रुखाबाद, कानपुर सीट पर तो उसका कभी खाता ही नहीं खुला। उन्नाव में 2009 के बाद पार्टी जीत के करीब भी कभी नहीं पहुंची। फतेहपुर में भी 2004 के बाद पार्टी को जीत की दरकार है। 1991 में इटावा सीट से बसपा प्रमुख कांशीराम जीते थे तब से यहां पार्टी का कोई उम्मीदवार नहीं जीता। पार्टी यहां भी चेहरा तय कर दिया है।

## ऐसा था पहला आम चुनाव

चुनाव डेस्क, बरेली : देश का पहला आम चुनाव 25 अक्टूबर, 1951 से लेकर 21 फरवरी 1952 तक चला था। भारत का पहला लोकसभा चुनाव शुरू होकर खत्म होने में साल तक बदल चुका था। ये भारत का सबसे लंबा चुनाव था। पहले चुनाव में वोटिंग 4 महीने से अधिक समय तक चली थी। इस चुनाव में दुनिया की आबादी का करीब 17 फ़ीसदी हिस्सा मतदान करने वाला था। उस दौरान अलग-अलग तारीखों को मिलाकर कुल 17 दिन मतदान हुआ था। तब चुनाव आयोग ने पूरे देश में 1,96,084 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। भारत के पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुकुमार सेन थे।

## चुनाव कमाल का...

- 1948 से ही देश के नेताओं ने चुनावों की प्रक्रिया जुलाई शुरू कर दी थी। तब तक चुनाव कराने के लिए कोई कानून नहीं थे। डॉ भीमराव रामजी अम्बेडकर के नेतृत्व में, ड्राफ़्टिंग कमिटी (मसौदा समिति) ने कड़ी मेहनत कर संविधान का मसौदा तैयार किया था, जो 26 नवंबर, 1949 को पारित हुआ।
- 26 जनवरी, 1950 से संविधान लागू होने के बाद भारत को उस दिन चुनाव कराने के लिए नियम और उप-नियम मिले और देश आखिरकार भारत गणराज्य बना।
- 1950 में ही चुनाव आयोग का गठन किया गया और चुनाव कराने की ज़िम्मेदारी भारतीय नौकरशाह सुकुमार सेन को दी गई। वे भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त बने।
- 1951 में जवाहर लाल नेहरू चाहते थे कि चुनाव बसंत में हों। हालांकि, मुक्त, निष्पक्ष, और पारदर्शी तरीके से, इतने बड़े पैमाने पर चुनाव कराना कोई आसान काम नहीं था।
- 36 करोड़ थी भारत की आबादी, जो उस समय एक बड़ी चुनौती थी। संविधान के लागू होने पर, भारत ने वोट डालने के लिए उसी उम्र को योग्य माना जो तब दुनिया भर में अपनाई जा चुकी थी। इससे 21 साल से ज़्यादा उम्र वाले 17 .3 करोड़ लोग वोट डालने के लिए योग्य हो गए।
- 1951 में जनगणना के आंकड़ों के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र तय किए गए फिर देश की ज़्यादातर अशिक्षित आबादी के लिए, पार्टी के चुनाव चिह्न डिज़ाइन करने, मतपत्र, और मतदान पेटी बनाने से जुड़ी समस्याएं थीं। मतदान केंद्र बनाए जाने थे। साथ ही, यह पक्का करना था कि केंद्रों के बीच सही दूरी हो। मतदान अधिकारियों को नियुक्त कर प्रशिक्षण देना भी जरूरी था।

## कैंसिल वोट ने कई बार बदला

# जीत- हार का गणित

### बदला दौर

बैलेट पेपर से चुनाव के दौर में मतदाताओं की गलतियां देती रही प्रत्याशियों का झटका

ईवीएम से मतदान में निरस्त वोटों का झंझट खत्म

भीष्म सिंह देवल,संभल


**अमृत विचार:** ईवीएम से मतदान शुरु हुआ तो कैंसिल वोट का झंझट खत्म हो गया। बैलेट पेपर से मतदान के युग में कई बार कैंसिल वोट का आंकड़ा जीत हार का गणित ही बदल देता था। मुरादाबाद मंडल की सीटों पर कई बार ऐसा हुआ कि कैंसिल वोटों की संख्या जीत हार के अंतर से काफी ज्यादा थी। संभल लोकसभा सीट पर 1991 के चुनाव में हार जीत का अंतर 1705 था जबकि कैंसिल वोट की तादात 25 हजार से भी ज्यादा थी। इसी तरह 1996 के चुनाव में मुरादाबाद लोकसभा सीट पर जीत हार का अंतर 1885 था और निरस्त मतों की संख्या 7510 थी।

आजादी के बाद लेकर 1999 तक हुए हुए लोकसभा चुनावों में बैलेट पेपर से मतदान होता था। मतदाता को मतदान केंद्र में रखी स्याही वाली मुहर से अपनी पसंद के उम्मीदवार के सामने वाले खाने में ठप्पा लगाना होता था । ठप्पा लगाने के बाद मतदाता बैलेट पेपर को मौड़कर बैलेट बाक्स में डाल देता था। इस तरह मतदान में कम पढ़ा लिखा मतदाता ऐसी गलती कर बैठता था जिस कारण मतगणना में उसके वोट को कैंसिल करार दे दिया जाता था। इस हालात में उम्मीदवार चुनाव प्रचार के दौरान अपना चुनाव चिन्ह बताने के साथ ही मतपत्र का नमूना दिखाकर मतदाता को यह भी समझाते थे कि उन्हें किस तरह मुहर लगानी है जिससे कि उनका वोट कैंसिल न हो। मतदान केंद्र के बाहर कतार में लगे मतदाताओं को भी उम्मीदवारों के समर्थक समझाते रहते थे कि किस तरह मतदान करें जिससे कि उनका वोट कैंसिल होने से बचा रहे। बाहर ही नहीं मतदान केंद्र के अंदर एजेंट यह प्रयास करते थे कि वह अपने वोटर के बैलेट पेपर पर अपने हाथ से मुहर लगा दें ताकि वोट कारगर रहे। इस प्रयास में अक्सर मतदान केंद्र के अंदर झगड़े भी होते थे। वहीं तमाम प्रयासों के बावजूद कैंसिल वोटों का आंकड़ा हजारों तक पहुंचता था। कई बार इन्हीं कैंसिल वोट की वजह से जीतने वाला हार जाता था और हारने वाले को जीत मिल जाती थी।

### कब कितने मत हुए कैंसिल

| मुरादाबाद सीट | | संभल सीट | | रामपुर सीट | | अमरोहा लोकसभा सीट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लोकसभा चुनाव का वर्ष | कैंसिल मतों की संख्या | लोकसभा चुनाव का वर्ष | कैंसिल मतों की संख्या | लोकसभा चुनाव का वर्ष | कैंसिल मतों की संख्या | लोकसभा चुनाव का वर्ष | कैंसिल मतों की संख्या |
| 1977 | 5530 | 1977 | 5873 | 1977 | 9114 | 1977 | 6620 |
| 1980 | 6315 | 1980 | 6489 | 1980 | 9098 | 1980 | 7716 |
| 1984 | 8259 | 1984 | 8519 | 1984 | 11501 | 1984 | 9637 |
| 1989 | 19010 | 1989 | 18046 | 1989 | 28309 | 1989 | 17849 |
| 1991 | 16026 | 1991 | 25096 | 1991 | 22718 | 1991 | 14538 |
| 1996 | 7510 | 1996 | 5790 | 1996 | 12708 | 1996 | 7423 |
| 1998 | 6111 | 1998 | 9157 | 1998 | 9521 | 1998 | 6597 |
| 1999 | 6616 | 1999 | 7830 | 1999 | 10732 | 1999 | 8061 |

स्रोत:: भारत निर्वाचन आयोग की वेवसाइट




### संभल: हार जीत में 1705 वोट का अंतर कैंसिल हुए 25 हजार वोट

संभल। कैंसिल वोट से हार जीत का गणित बदलने का सबसे बड़ा मामला संभल लोकसभा सीट पर 1991 के लोकसभा चुनाव में सामने आया। इस सीट पर जनता दल उम्मीदवार के रूप में श्रीपाल सिंह यादव चुनाव मैदान में थे, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने मास्टर हरपाल सिंह को मैदान में उतारा था। दोनों के बीच दिलचस्प चुनावी मुकाबला हुआ और मतणगना से पहले दोनों उम्मीदवारों के समर्थक अपनी जीत पक्की मान रहे थे। मतगणना के दौरान बड़ी तादाद में कैंसिल वोट निकलने शुरु हुए तो दोनों उम्मीदवारों के पसीने छूटने लगे। कैंसिल वोट में भाजपा उम्मीदवार के वोटों की संख्या ज्यादा थी ऐसे में वह ज्यादा बेचैन थे। नतीजे घोषित हुए तो भाजपा उम्मीदवार हरपाल सिंह सिर पकड़कर बैठ गये। श्रीपाल सिंह यादव 1705 वोट अंतर से चुनाव जीत गये थे। मतगणना में 25 हजार 96 वोट निरस्त घोषित किये गये थे। श्रीपाल सिंह यादव को 1,20, 134 वोट मिले थे जबकि हरपाल सिंह को 1,18,429 वोट मिले थे। संभल लोकसभा सीट के इतिहास में कैंसिल वोट का यह सबसे बड़ा आंकड़ा था। न तो इससे पहले कभी इतने वोट कैंसिल हुए और न ही इसके बाद। 1989 के लोकसभा चुनाव में 18 हजार 429 वोट कैंसिल हुए थे। इसके अलावा बाकी चुनावों में कैंसिल वोट का आंकड़ा कभी दस हजार के पार नहीं गया।

### रामपुर में 1989 व 1998 के चुनाव में दिया कैंसिल वोट ने झटका

रामपुर लोकसभा सीट पर भी कैंसिल वोट के आंकड़े ने उम्मीदवारों को एक नहीं दो बार झटका दिया। जितने वोट से जीत हार हुई उससे ज्यादा तादाद यहां भी कैंसिल वोट की रही। 1989 के लोकसभा चुनाव में रामपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर नवाब जुल्फिकार अली खां चुनाव मैदान में उतरे थे जबकि भारतीय जनता पार्टी ने उनसे मुकाबले के लिए राजेंद्र कुमार शर्मा को टिकट दिया था। दोनों के बीच दिलचस्प चुनावी मुकाबला हुआ था। नवाब जुल्फिकार अली खां को 1 लाख 59 हजार 144 वोट मिले थे जबकि राजेंद्र कुमार शर्मा को 1 लाख 48 हजार 352 वोट मिले थे। इस तरह 10 हजार 792 वोट के अंतर से कांग्रेस के नवाब जुल्फिकार अली खां को विजयी घोषित कर दिया गया था। इस चुनाव में कैंसिल हुए वोटों की संख्या 28 हजार 309 थी। इसके बाद 1998 के लोकसभा चुनाव में भी रामपुर की सीट पर कैंसिल वोट ने उम्मीदवारों को टेंशन दी। इस बार भाजपा से मुख्तार अब्बास नकवी चुनाव मैदान में उतरे थे जबकि कांग्रेस ने बेगम नूरबानो को टिकट देकर मुकाबले पर उतारा था। मुख्तार अब्बास नकवी को 2 लाख 65 हजार 116 वोट मिले जबकि बेगम नूरबानो को 2 लाख 60 हजार 150 वोट मिले। इस तरह 4 हजार 966 वोट के अंतर से भाजपा के मुख्तार अब्बास नकवी को विजयी घोषित कर दिया गया। इस चुनाव में 9 हजार 521 वोट कैंसिल घोषित किये गये थे।

### मुरादाबाद: दो बार बदला कैंसिल वोट से जीत हार का गणित

मुरादाबाद लोकसभा सीट पर एक नहीं दो बार कैंसिल वोट का आंकड़ा जीत हार के अंतर से कहीं ज्यादा था। ऐसे में इस सीट पर कैंसिल वोट की वजह से दो बार जीत हार का गणित बदला। बात 1991 के लोकसभा चुनाव की है। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर जनता दल उम्मीदवार हाजी गुलाम मौहम्मद व भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार बीपी सिंघल के बीच दिलचस्प चुनावी मुकाबला हुआ था। मतगणना हुई तो कम अंतर से दोनों के बीच जीत हार का परिणाम आया। हाजी गुलाम मौहम्मद 13 हजार 978 वोट से चुनाव जीते जबकि 16 हजार 26 वोट कैंसिल माने गये थे। इसके बाद 1996 में हुए लोकसभा चुनाव में भी कैंसिल वोट की संख्या जीत हार के अंतर से कहीं ज्यादा रही। 1996 में समाजवादी पार्टी उम्मीदवार डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क और भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार संदीप अग्रवाल मुख्य चुनावी मुकाबले में थे। सपा उम्मीदवार डॉ. बर्क को 1 हजार 885 वोट के अंतर से विजयी घोषित किया गया था। इस चुनाव में 7 हजार 510 वोट कैंसिल माने गये थे जबकि 700 बैलेट पेपर मिसिंग माने गये थे। सपा के डा. बर्क को 2 लाख 42 हजार 30 वोट मिले थे जबकि भाजपा के संदीप अग्रवाल को 2 लाख 40 हजार 145 वोट मिले थे।

## चुनावी तीर



भाजपा ऑपरेशन कमल के तहत सत्तारूढ़ कांग्रेस के प्रत्येक विधायक को इस्तीफा देने के लिए 50 करोड़ रुपये की पेशकश कर रही है। आयकर विभाग छापेमारी करता है, क्या अवैध तरीकों से धन इकट्ठा करने वाले अमीर लोग केवल विपक्षी दलों में हैं? क्या भाजपा में कोई ऐसा नहीं है? वे भ्रष्टाचार के पितामह हैं।

**- सिद्धरमैया,** मुख्यमंत्री कर्नाटक



कांग्रेस ने सदैव ही दमनकारी नीति को अपनाया है जिससे हर वर्ग के लोगों को कड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार की असफलताएं बताने पर पत्रकारों को परेशान किया जाता था। आपातकाल के दौर में कांग्रेस ने मीडिया पर सेंसरशिप लागू कर आवाज को दबाया। अब जबकि मीडिया इन्हें इनका असली चेहरा दिखा रहा है ।

**- दिया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री राजस्थान

## पच्चीस वर्षों में 71 प्रतिशत ज्यादा मतदाता

**जयपुर,** राजस्थान में 19 एवं 26 अप्रैल को दो चरणों में होने वाले लोकसभा आम चुनाव-2024 में करीब पांच करोड़ 34 लाख मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे और पिछले 25 वर्षों में इनमें 71 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई हैं। निर्वाचन विभाग के अनुसार राज्य में अब तक लगभग पांच करोड़ 34 लाख मतदाता हैं जिनमें दो करोड़ 76 लाख 62 हजार 10 पुरुष एवं दो करोड़ 55 लाख 43 हजार 935 महिला मतदाता हैं जबकि 619 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। प्रदेश में पांच करोड़ 32 लाख छह हजार 564 मतदाताओं के अलावा करीब एक लाख 41 हजार सर्विस मतदाता हैं। प्रदेश में वर्ष 1999 में हुए 13वीं लोकसभा चुनाव के समय 3 .11 करोड़ मतदाता थे जो पिछले 25 वर्ष में बढ़कर 5..34 करोड़ हो गए और इनमें इस दौरान 71..70 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई हैं। वर्ष 2004 में 14वीं लोकसभा के चुनाव में 3 .47 करोड़ मतदाता थे जो इसके पिछले चुनाव के मतदाताओं से 11 .57 प्रतिशत अधिक थे।

## बसपा का नया प्रयोग, उम्मीदवारों से पहले प्रचारकों की सूची

**नई दिल्ली, ब्यूरो। अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा, कांग्रेस सहित सभी दल अपने उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने में दिन रात लगे हुए हैं। मगर बहुजन समाज पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की सूची से पहले प्रचारकों की सूची जारी कर एक नया प्रयोग किया है। बसपा के कोषाध्यक्ष श्रीधर ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों की सूची शनिवार को सौंप दी है। सूची में उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के अलावा किसी भी महिला स्टार प्रचारक का नाम नहीं है।

सूची में उनके भाई एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी आनंद, रामजी गौतम, घासीराम पटेल, डा. राम लखन सिंह कुशवाह, अवधेश प्रताप सिंह राठौड़, विकास पटेल व रत्नाकर चतुर्वेदी के नाम है। पार्टी का सबसे ज्यादा फोकस उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में है।

## 2009 में अस्तित्व में आई बिजनौर जिले की नगीना (सुरक्षित) सीट

# नगीना लोकसभा सीट : तीन बार चुनाव, तीनों बार अलग पार्टी को मिली जीत

संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** जिले की नगीना (सुरक्षित) सीट का उदय डेढ़ दशक पहले 2009 में हुआ था। यहां तीन बार हुए संसदीय चुनाव में हर बार अलग अलग दल के नेता को जनता ने चुनकर लोकसभा में भेजा। सपा, भाजपा और बसपा को यहां से जीत मिल चुकी है। अब चौथी बार चुनाव हो रहा है।

2008 में परिसीमन के बाद 2009 में अस्तित्व में आई नगीना सुरक्षित लोकसभा सीट से तीन सांसद चुने गए हैं। मतदाताओं ने तीनों बार अलग-अलग दलों के सांसद चुने हैं। चौथी बार करीब 16 लाख मतदाता अपना रहनुमा चुनेंगे। पूर्व में यह सीट बिजनौर लोकसभा के अन्तर्गत आती थी।वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद नगीना लोकसभा (सुरक्षित) सीट के रूप में अस्तित्व में आई। 2009 में हुए लोकसभा के चुनाव में सपा के यशवीर सिंह पहली बार सांसद बने। 2014 में भाजपा के यशवंत सिंह व समाजवादी पार्टी के यशवीर सिंह के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें भाजपा के यशवंत सिंह 92,390 मतों के अंतर से जीत गए। वर्ष 2019 में बसपा-सपा गठबंधन के प्रत्याशी गिरीश चंद्र भाजपा के यशवंत सिंह को 1,66,832 मतों से हराकर लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

अब हो रहे चौथे लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ओम कुमार व सपा ने पूर्व जज मनोज कुमार व बसपा ने सुरेंद्र पाल को अपना प्रत्याशी बनाया है। इस सीट से आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर भी चुनाव मैदान में है। करीब 16 लाख मतदाता इस सीट पर अपना सांसद चुनेंगे।



गिरीश चंद।



डा. यशवंत सिंह।



यशवीर सिंह।

### पांच विधानसभा क्षेत्र हैं इस लोकसभा में

नगीना लोकसभा के अंतर्गत पांच विधानसभा आती है। जिनमें नहटौर व धामपुर से भाजपा के व नूरपुर, नगीना, नजीबाबाद से सपा के विधायक है। नगीना लोकसभा सुरक्षित सीट है।इस सीट के अंतर्गत नहटौर व नगीना विधानसभा भी सुरक्षित सीट है।इस लिहाज से एससी वर्ग इस सीट पर अहम भूमिका में रहता है। वर्ष 2019 में इस सीट पर कुल 1009456 (66%) मतदाताओं ने अपने वोट डाले थे।अब इस चुनाव में मतदाता अपना सांसद चुनेंगे।

### यह हैं सीट के आंकड़े

नगीना लोकसभा के अंतर्गत 1776 मतदान केंद्र है। कुल 16 लाख मतदाता 19 अप्रैल को प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम का बटन दबाकर करेंगे।

## खीरी सीट पर 1996 में 26 उम्मीदवार थे, 40 फीसदी पड़े थे वोट

# जब-जब उम्मीदवारों में दिखा जोश तो मतदाताओं ने दिखायी सुस्ती

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** खीरी संसदीय सीट पर जब-जब उम्मीदवारों की संख्या बढ़ी, तब-तब मतदाता उदासीन हो गए। ऐसा नहीं कि हर बार ऐसा हुआ हो, लेकिन अधिकांश चुनावों में यही रुझान दिखाई पड़ा। वर्ष 1996 में खीरी में सर्वाधिक 26 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे, तब यहां सिर्फ 40 फीसदी लोगों ने वोट डाले। हालांकि 1971 के लोकसभा चुनाव में न तो उम्मीदवारों ने जोश दिखाया और न मतदाताओं ने। उस चुनाव में केवल तीन उम्मीदवार थे और केवल 32 फीसदी ही मतदान हो सका था।

खीरी संसदीय सीट पर मतदाताओं का मूड ज्यादातर उम्मीदवारों के जोश से विपरीत रहा। उम्मीदवार बढ़े तो वोट प्रतिशत कम हो गया। उम्मीदवार कम हुए तो लोग वोट डालने निकल पड़े। 1996 के चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या सर्वाधिक 26 थी, तब मतदान सिर्फ 40 फीसदी हो सका। 1980 के चुनाव में 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे और मतदान हुआ था सिर्फ 38.70 फीसदी। वर्ष 1998 में कुल 13 उम्मीदवार थे, मतदान 46.86 फीसदी रहा। 1991 में 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान मैदान में थे, लेकिन 47.98 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।

इसके उलट 1951 में मात्र छह उम्मीदवार थे और 59.94 फीसदी मतदान हुआ था। 1962 के चुनाव में महज पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। 43.12 फीसदी मतदान हुआ। 1967 के चुनाव में मात्र चार प्रत्याशी थे और मतदान 47.10 फीसदी हुआ । 1977 के चुनाव में तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, 48.05 प्रतिशत मतदान हुआ था।। हालांकि 1957 के चुनाव अपवाद हैं जब तीन प्रत्याशी थे और मतदान सिर्फ 38.11 फीसदी हुआ था।

- 1951 में मात्र छह उम्मीदवार थे और 59.94 फीसदी मतदान हुआ था




### वर्ष 2014 में मतदान 60, 2019 में 64 फीसदी के पार

इसे बदलाव की बयार मानें या फिर मतदाता जागरूकता परिणाम का असर कि 2014 और 2019 में मतदान में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। 2014 में खीरी संसदीय क्षेत्र में 64 .59 प्रतिशत और धौरहरा संसदीय क्षेत्र में 68 .05 फीसदी मतदान हुआ जो खीरी और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के इतिहास में अधिकतम मतदान का रिकार्ड है। 2019 के चुनाव में खीरी सीट पर मतदान 64 .22 प्रतिशत हुआ।

## क्या होता है टेंडर वोट

- यदि आप वोट डालने मतदान केंद्र पर पहुंचते हैं, और आपको पता चलता है कि आपका वोट पढ़ चुका है। तो निराश न हों आपके लिए चुनाव आयोग ने 'टेंडर वोट' व्यवस्था की है। आप इस टेंडर वोट के जरिए पुराने वोट को चैलेंज कर सकते हैं और नया वोट डाल सकते हैं। चुनाव आयोग के नियम के सेक्शन 42 के अनुसार पीठासीन अधिकारियों को पहले से इस संदर्भ में खास दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। साथ ही उनके वोटिंग के वक्त मिलने वाले किट में टेंडर वोट भी उन्हें दिए जाते हैं। दावा पेश करते ही पीठासीन अधिकारी आपके बैलेट पेपर उपलब्ध कराएगा। इसके बाद आपका मतपत्र लिफाफे में बंद कर भेज दिया जाएगा। चुनाव अधिकारियों को मतदान खत्म होने के बाद भी इसका ब्यौरा आयोग को देना होता है।

# कन्नौज फतह के लिए अखिलेश खुद उतरेंगे मैदान में

### खोए किले को मजबूत करने के लिए पिछड़ा वर्ग को साधने में जुटे सपा मुखिया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पुराने खोए किले को वापस पाने के लिए सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव खुद लोकसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ेंगे। इसका ऐलान होली के आसपास हो जाएगा। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र फतह करने के लिए उन्होंने कई दलों में सेंधमारी भी की है। कहा जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री के पास पांचों विधानसभा क्षेत्रों की राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी है।

पूर्व मुख्यमंत्री कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के कई बार संकेत दे चुके हैं। बताया गया है कि 21 मार्च को लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा क्षेत्र से कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता सपा मुखिया से मिलने लखनऊ पहुंचे थे। कई पिछड़ा वर्ग के नेता दूसरे दलों से आकर सपा में शामिल भी हुए हैं। भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो होली से पहले सपा मुखिया अपने घर सैफई जाएंगे। त्योहार मनाने के बाद लौटेंगे। इस बीच 24 से 27 मार्च तक वह चुनाव लड़ने का औपचारिक ऐलान कर सकते हैं। दो दिन पहले लखनऊ में जब कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात की तो चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी का ऐलान करने की मांग रखी। कुछ लोगों ने सपा मुखिया से ही लोकसभा क्षेत्र कन्नौज से चुनाव लड़ने की बात कही।

इस पर उन्होंने कहा कि कोई और लड़ेगा क्या। मतलब वह खुद ही मैदान में उतरने वाले हैं। वर्ष 2019 में सपा ने जो सीट खोई थी, उसे वापस पाने के लिए चुनावी समर में कूदेंगे। हालांकि जीत-हार का फैसला तो जनता 13 मई को वोट से करेगा। उसका निर्णय चार जून को मतगणना में आएगा।

**पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव व पुत्र वधु डिंपल यादव भी रह चुकी हैं कन्नौज से सांसद**



#### चुनाव को लेकर यह है चर्चा में

वर्ष 1998 से लेकर 2014 तक लगातार कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से सपा के ही प्रत्याशी जीतते रहे हैं। पहले प्रदीप यादव सांसद बने। उनके बाद 1999 में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के सिर जीत का सेहरा बंधा। उनके दो जगह से चुनाव लड़कर जीतने के बाद कन्नौज सीट से इस्तीफा देकर बेटे अखिलेश यादव को राजनीति का सफर शुरू कराया। वर्ष 2000 में उन्होंने उपचुनाव जीता। 2004, 2009 में अखिलेश यादव तीसरी बार कन्नौज क्षेत्र से सांसद चुने गए। वर्ष 2012 में जब यूपी में सपा की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री बनने की वजह से अखिलेश यादव ने इस्तीफा देकर कन्नौज सीट से पत्नी डिंपल यादव को उसी साल निर्विरोध सांसद बनवाने में कामयाबी पाई। 2014 में डिंपल चुनाव जीत गईं। 2019 में वह भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक से चुनाव हार गईं। भाजपा ने फिर से सांसद सुब्रत पाठक को चौथी बार पार्टी प्रत्याशी बनाया है। हालांकि वह 2019 में पहली बार ही सांसद बने हैं।

#### अखिलेश से मिले एक पूर्व मंत्री

भरोसेमंद सूत्रों की माने तो एक पूर्व मंत्री ने भी सपा मुखिया से मुलाकात की है। उनकी पिछड़ा वर्ग में अच्छी पकड़ मानी जाती है। कहा जा रहा है कि वह एक नेताजी से उनके व्यवहार को लेकर नाराज भी हैं। जल्द ही वह सपा में शामिल हो सकते हैं या अखिलेश यादव के लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनने पर उनकी खुलकर मदद भी कर सकते हैं। पिछड़ा वर्ग में आने वाले लोधी-राजपूत समेत अन्य वर्गों के लोग सपा में शामिल हो चुके हैं, कई कतार में भी हैं। क्षेत्र को मजबूत करने के लिए रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र से कमलेश दिवाकर को भी पार्टी में तरजीह दी गई है। इससे माना जा रहा है कि पुराने किले को मजबूत किया जा रहा है।

## करीब 6 लाख 90 हजार से जीते थे भाजपा के पाटिल

**चुनाव डेस्क, बरेली :** लोकसभा चुनाव 2019 में वोटों के लिहाज से सबसे बड़े अंतर से जीत सीआर पाटिल ने ने दर्ज की थी। वह भाजपा के टिकट पर नवासारी लोकसभा सीट से चुनाव लडे. और 6,89,668 वोटों के अंतर से जीते थे। भाजपा के ही सुभाष बहेड़िया सबसे बड़ी जीत के मामले में दूसरे नंबर पर रहे। उन्होंने भीलवाड़ा लोकसभा सीट से 6,12,000 वोटो से जीत दर्ज की थी। भाजपा के रंजनबेन भट्ट ने वडोदरा सीट से 5,89,177 मतों के अंतर से बड़ी जीत हासिल की थी। पश्चिमी दिल्ली से प्रवेश वर्मा ने भाजपा के टिकट पर 5,78,486 वोटों से जीत हासिल की थी। गांधीनगर से अमित शाह ने 5,57,014 वोटों से विजय प्राप्त की थी। इसके अलावा सबसे छोटी जीत दर्ज की थी भाजपा के भोलानाथ ने। वह मछलीशहर से मात्र 181 वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे। आरामबाग से तृणमूल कांग्रेस की अपरूपा पोद्दार ने 1142 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी।

### एक-दूसरे के रंग में भंग डालने की पूरी तैयारी कर रहे हैं राजनीतिक दल

# 2024 में जम जाए रंग, बस इसी की हो रही जंग

सतीश श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में भले ही सभी लोकसभा क्षेत्रों में राजनीतिक दल उपने उम्मीदवार की घोषणा न कर सकें हों। मगर प्रदेश में एनडीए व इंडिया गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला तय है। यह जरूर है कि कुछ क्षेत्रों में बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बना सकती है। चुनाव में फतेह हासिल करने के लिये दोनो प्रमुख गठबंधन हर तरह प्रयास कर रहे हैं।

कल तक इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी रालोद अब एनडीए का हिस्सा है। अपना दल कमेरावादी पार्टी की पल्लवी पटेल सपा का साथ छोड़कर रालोद के साथ जा चुकी हैं। आवाजाही का दौर जारी है। जो चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में इस चुनाव में किसकी होली जलेगी और किसका रंग जमेगा। यह तो मतदाता ही तय करेगा।

2024 का चुनाव का चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि इंडिया गठबंधन के साथ एनडीए के मिशन अस्सी की भी अग्नि परीक्षा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साख और सरकार के काम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी कसौटी पर है। इंडिया गठबंधन के मुख्य घटक समाजवादी पार्टी को भरोसा है कि पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक गठबंधन के पक्ष में एकजुट होगा। जातीय जनगणना का वादा कर राहुल गांधी ने भी इस नारे को हवा दे दी है।

इंडिया गठबंधन की दूसरी घटक आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में चुनाव तो नहीं लड़ रही है लेकिन वह गठबंधन की उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए कार्य कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में जो गुस्सा है। इसका लाभ इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को उत्तर प्रदेश में भी मिलेगा।

भारतीय जनता पार्टी को टिफिन बैठकें, बूथ जनसंपर्क अभियान, अयोध्या मुद्दे को लेकर उत्पन्न माहौल तथा ढाई करोड़ लाभार्थियों पर भरोसा है। लेकिन अयोध्या की जिस सीट को लेकर भारतीय जनता पार्टी को आती हाथ में विश्वास हैं। वहां के सामान्य सीट पर भाजपा के उम्मीदवार सांसद लल्लू सिंह के मुकाबले इंडिया गठबंधन के घटक समाजवादी पार्टी ने दलित उम्मीदवार पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद को खड़ा कर कड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी है।

उत्तर प्रदेश को जानने के लिए 1991 और उसके बाद हुए में उत्तर प्रदेश की राजनीति को समझना जरूरी है। यही वह साल था जहां से मंडल-कमंडल की राजनीति ने जोर पकड़ा, जब धर्म और जाति के आधार पर उत्तर प्रदेश के वोटरों का बंटना शुरू हुआ। इसके साथ ही कांग्रेस का पतन शुरू हुआ। राम मंदिर आंदोलन की राजनीति से भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में हिंदुओं का ध्रुवीकरण शुरू किया। इसी दौरान दलितों और पिछड़ों को सामाजिक न्याय दिलाने की मंडल की राजनीति से समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी फलने-फूलने लगी। भारतीय जनता पार्टी ने 1991 के विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 221 सीटों पर जीत हासिल की थी। यहीं से कांग्रेस का उत्तर प्रदेश में राजनीतिक ग्राफ गिरने लगा। इसके बाद कांग्रेस 2004 में कांग्रेस देश में सरकार बनाने में कामयाब रही। यह नहीं 2009 के चुनाव में उसे उत्तर प्रदेश से भी 21 सीटें हासिल हुई। लखनऊ और आसपास की सीटों पर पांचवें चरण में मतदान होना है। लेकिन माहौल जितना होली के रंग में नहीं लगा है उससे अधिक चुनावी रंग में रंग चुका है। आने वाले दिनों में होली मिलन समारोह में भी इसका चटक रंग दिखेगा।

**देश में किसको कब कितनी सीट**

| चुनावी वर्ष | कांग्रेस | भाजपा |
|---|---|---|
| 1984 | 415 | 02 |
| 1989 | 197 | 85 |
| 1991 | 244 | 221 |
| 1996 | 140 | 161 |
| 2004 | 145 | 138 |
| 2009 | 207 | 116 |
| 2014 | 44 | 282 |
| 2019 | 53 | 303 |





## सियासत के सफर में कई नौकरशाहों ने पार की वैतरणी

- सेवानिवृत्त होने के बाद ज्यादातर नौकरशाहों ने भाजपा को दी तरजीह

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश के विभिन्न जिलों में कलेक्टर और कप्तान बन जिले की कमान संभालने वाले कई अफसर शासन के शीर्ष पदों पर भी विराजमान हुए। लेकिन रिटायरमेंट के बाद भी पद का मोह कम न हुआ। कई सफल हुए तो कई असफल होकर राजनीति से किनारे हो गए। यूपी की राजनीति में नौकरशाहों की उपलब्धियों पर गौर करें तो कई केंद्रीय कैबिनेट तक पहुंचे, कई सांसद और विधायक तक बने। कई प्रसिद्ध नौकरशाह सिर्फ पार्टी के सदस्य बनकर रह गए।

#### इन नौकरशाहों ने पाई सफलता

- पूर्व आईएएस पीएल पुनिया 2009 में बाराबंकी से सांसद बने व केंद्र सरकार में मंत्री पद तक पहुंचे
- पूर्व आईपीएस असीम अरुण वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री हैं
- पूर्व पीपीएस राजेश्वर सिंह वर्तमान बीजेपी सरकार में विधायक हैं
- पूर्व आईपीएस वृजलाल वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं
- पूर्व आईएएस एके शर्मा वर्तमान प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं
- दिवंगत आईपीएस अहमद हसन सपा सरकार में कद्दावर मंत्री रहे हैं
- मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त सतपाल सिंह भारत सरकार में राज्यमंत्री तक पहुंचे

#### इन नौकरशाहों ने बनाई पार्टी

- पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बुंदेलखंड लोकतांत्रिक पार्टी बनाई
- पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने अधिकार सेना नामक पार्टी बनाई
- पूर्व आईएएस चंद्रपाल ने आदर्श समाज पार्टी बनाई
- पूर्व आईएएस तपेंद्र प्रसाद ने बनाई सम्यक पार्टी

#### चुनाव न लड़ पाने वाले नौकरशाह

- आईपीएस सूर्य कुमार शुक्ला सेवानिवृत्ति के बाद बीजेपी में शामिल हुए, लेकिन चुनाव नहीं लड़ सके
- पूर्व आईपीएस महेंद्र सिंह यादव ने कबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बीजेपी में सदस्यता ग्रहण की, लेकिन कोई गुल नहीं खिला सके।
- पूर्व आईएएस नीरा यादव ने भी बीजेपी की सदस्यता ली थी, लेकिन इस क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ सकी
- पूर्व आईएएस देवी दयाल रिटायर होने के बाद कांग्रेस में शामिल हुए
- पूर्व आईएएस उमेश कुमार ने भी कांग्रेस का दामन थामा
- पूर्व आईएएस अनीस अंसारी ने 2017 में कांग्रेस का दामन थामा था
- स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले आईएएस अभिषेक सिंह भी चुनाव लड़ने के इच्छुक

# रोजगार का दमखम, फिर भी युवा बेदम

### पहाड़ के काम न आ सकी जवानी और यहां का पानी

**अल्मोड़ा संसदीय सीट**

- मुद्दा बनाकर गुमराह करना बना राजनैतिक दलों का शगल

रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** कहते हैं पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी कभी यहां के काम नहीं आती। इस कहावत को चरितार्थ देश के हिमालयी रीजन के पहाड़ी जिले करते हैं। बीते 75 सालों में देश के सियासतदार और नीति नियंता इस कहावत को झुठलाने में लगातार नाकाम साबित हुए हैं। आजादी के बाद हर चुनावों में रोजगार सिर्फ एक सियासी मुद्दा बनकर रह जाता है। सियासतदार बेरोजगारी नाम की इस नाव पर पांव रख अपनी वैतरणी तो पार कर लेते हैं। लेकिन युवाओं की उम्मीदें कभी परवान चढ़ती नहीं दिखती। 2024 के चुनावों में एक बार फिर राजनैतिक दल रोजगार देने का दम खम तो भर रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि इन चुनावी वायदों के बीच आज पहाड़ का युवा बेदम हो चला है।

बात अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र की करें तो आजादी के बाद अब तक यहां अब तक कुल 18 और राज्य गठन के बाद से चार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं और हर चुनावों में दलों ने बेरोजगारी को अपनी जीत के लिए ब्रह्मास्त्र की तरह प्रयोग किया। लेकिन चुनाव जीतने के बाद पहाड़ की जवानी की फिक्र करना हर कोई भूल गया। नतीजतन पहाड़ की जवानी के पास पहाड़ के बजाय महानगरों में पसीना बहाने के अलावा कोई चारा बाकी नहीं रहा।

पिछले 18 लोकसभा चुनावों के परिणामों पर नजर डालें तो यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच रहा और बेरोजगारी के मुद्दे को भुनाकर कई सियासतदारों ने फर्श से अर्श तक सफर भी तय कर लिया। लेकिन नहीं बदली तो यहां के बेराजगारों की किस्मत। इस लोकसभा के चार पहाड़ी जिलों की बात करें तो यहां सिर्फ सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या करीब एक लाख अस्सी हजार के आसपास है। जबकि हजारों युवा ऐसे भी हैं जिन्होंने कभी सेवायोजन कार्यालय में अपने आप को पंजीकृत ही नहीं कराया। बीते पांच सालों में इनमें से अगर कुछ युवाओं को रोजगार मिला भी होगा तो वह संख्या चंद युवाओं की है। बाकी युवा या तो महानगरों में रोजी रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, या फिर पहाड़ों में अस्थायी रोजगार कर जैसे-तैसे अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब जबकि चुनाव एक बार फिर दहलीज पर हैं, सत्ताधारी भाजपा बेरोजगारी दर कम होने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का दम भर कर मैदान में उतरी है तो वहीं कांग्रेस पार्टी युवाओं को फिर रोजगार की गारंटी का शगूफा दिखाकर अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रही है।

वर्तमान में इस सीट पर करीब 47 प्रतिशत युवा मतदाता हैं। जो रोजगार के मुद्दे पर सियासतदारों की शतरंत की मोहरों को भली भांति समझ भी रहे हैं। ऐसे में अब युवा मतदाता अपने बेहतर भविष्य के लिए किस पर अपना विश्वास जताएंगे। यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

**बेरोजगारों का जिलेवार आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अल्मोड़ा | 72,053 |
| बागेश्वर | 33,104 |
| पिथौरागढ़ | 56,596 |
| चंपावत | 17,838 |

(यह आंकड़े जनवरी 2024 के हैं जो सेवायोजन कार्यालयों से लिए गए हैं)

#### सेना की सेवा से भी हुआ मोहभंग

उत्तराखंड प्रदेश का सेना से गहरा नाता रहा है। एक दौर वह भी था कि जब पहाड़ के अधिकांश घरों का एक सदस्य सेना में जरूर भर्ती होता था। तब पहाड़ के युवाओं के लिए सेना भर्ती रोजगार का बेहतर अवसर भी हुआ करता था। लेकिन वर्तमान दौर में सेना की सेवाओं में आई तमाम तब्दीलियों के कारण अब सेना से भी युवाओं का मोहभंग होता जा रहा है। जिस कारण रोजगार के इस जरिए से भी उम्मीदें कम होती जा रही हैं।

### 10 वर्षों में हुए विकास के कई कार्य, फिर भी हाशिए पर रह गईं जिले की अहम समस्याएं

# खूब हुए काम, इस बार भी हो रही विकास की बात

- मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में दिलाई थी पहचान
- राजा दिनेश के अलावा किसी को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह नहीं

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** पिछले एक दशक में जिले के विकास की रफ्तार तेज हुई है। केंद्र की सत्ता संभालने के बाद भाजपा सरकार ने जिले में कई ऐसे विकास कराए हैं जो काफी समय से लंबित थी। इनमें शहर के महराजा देवी बक्श सिंह स्वशासी मेडिकल कालेज निर्माण से लेकर इटियाथोक के भवनियापुर में बने राजकीय डिग्री कालेज तक की सौगात शामिल है।

शिक्षा व स्वास्थ्य के अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। गांव गांव तक बिजली की लाइन पहुंचाने से लेकर पावर स्टेशन तक का निर्माण कराया गया है। जिले की प्रमुख सड़कों के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी सड़क नेटवर्क मजबूत हुआ है। बावजूद इसके शहर में सीवर लाइन निर्माण से लेकर रिंग रोड निर्माण तक कई समस्याएं ऐसी हैं जिनका समाधान अभी शेष है। इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल की दरकार है। इस बार के लोकसभा चुनाव में यही समस्याएं मुख्य चुनावी मुद्दा होंगी और जनहित के यह मुद्दे लोगों के सिर चढ़कर बोलेंगे।

#### कई अहम मुद्दों पर फोकस करती यह रिपोर्ट



शहर में लगा भीषण जाम (फाइल फोटो)। अमृत विचार

#### शहर के भीतर सीवर लाइन का निर्माण

**मुद्दा 1** शहर में सीवर लाइन न होना प्रमुख समस्या है। जल निकासी की समस्या से निजात के लिए वर्ष 2012 में तत्कालीन जिलाधिकारी डा रोशन जैकब ने शहर में सीवर लाइन निर्माण का प्लान तैयार किया था। इस सीवर लाइन को बहराइच रोड से गुरु नानक चौराहा होते हुए मेवातियान से कटहा घाट तक जोड़ा जाना था। लेकिन उनके तबादले के बाद यही प्लान ठंढे बस्ते में चला गया। कई बार स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों से सीवर लाइन का निर्माण कराने की मांग की लेकिन इस पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। सीवर साइन न होने से हर साल बरसात में शहर जलमग्न हो जाता है। पिछले वर्ष बरसात में पूरा शहर तालाब बन गया था। शहर के गली मोहल्ले से लेकर प्रमुख सड़कें तक जलमग्न हो गयी थी। इस बार के चुनाव में सीवर लाइन निर्माण का मुद्दा मतदाताओं की जबान पर है।

#### राज्य विश्वविद्यालय का निर्माण

**मुद्दा 2** प्रदेश की योगी सरकार ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में जिले के राज्य विश्वविद्यालय की सौगात दी थी। विश्वविद्यालय निर्माण के लिए परसपुर ब्लाक के डोमाकल्पी गांव में प्रशासन ने जमीन भी चिन्हित कर ली थी और वर्श 2023 में तत्कालीन जिलाधिकारी उज्जवल कुमार ने विश्वविद्यालय निर्माण के लिए भूमि पूजन भी कर दिया था लेकिन ऐन वक्त पर यह राज्य विश्वविद्यालय यहां से खिसक कर बलरामपुर चला गया। विश्वविद्यालय जिले में बने इसके लिये छात्रों, युवाओं और सामाजिक संगठनों ने सड़क पर उतरकर आंदोलन तक किया लेकिन जन प्रतिनिधि इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रहे।

#### रिंग रोड का निर्माण

**मुद्दा 3** शहर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहर के बाहर से रिंग रोड निर्माण कराए जाने की घोषणा की थी। सीएम की घोषणा के बाद इसके निर्माण के लिए सर्वे भी हुआ था लेकिन यह प्रस्ताव अब तक धरातल पर नहीं उतर सका है। जबकि शहर में जाम की समस्या प्रतिदिन बढ़ रही है।

#### सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण

**मुद्दा 4** गोंडा बलरामपुर मार्ग पर स्थित सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाला जाम भी जिसे की बड़ी समस्या है। क्रॉसिंग के बगल ही सुभागपुर रेलवे स्टेशन और रेलवे का माल गोदाम है। इससे प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में मालगाडियों का आवागमन रहता है। रेलवे गेट बंद हो जाने पर गेट के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। आगे निकलने की होड़ में कई दफा तो वाहन चालकों के बीच मारपीट तक हो जाती है। इस गेट पर ओवर ब्रिज निर्माण की मांग काफी समय से हो रही है लेकिन अब तक इसका कोई ठोस समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम की समस्या से निजात के लिए ओवरब्रिज निर्माण आवश्यक है।

#### कुंदुरखी चीनी मिल के गन्ना किसानों का बकाया भुगतान

**मुद्दा 5** बजाज कुंदुरखी चीनी मिल में किसानों के बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान न होना चुनाव का प्रमुख मुद्दा है। तमाम धरना प्रदर्शन करने के बनी बावजूद चीनी मिल किसानों को समय पर भुगतान नहीं कर रही है। हालांकि इस वर्ष सरकार की सख्ती के बाद चीनी मिल ने पिछले सत्र का बकाया भुगतान किया है लेकिन अभी भी चीनी पर किसानों का 2 अरब 35 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य बाकी है।

#### फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| लोकसभा सीट- | गोंडा |
| विधानसभा क्षेत्र- | पांच |
| कुल मतदाता- | 1838295 |
| महिला - | 852422 |
| पुरुष- | 985846 |
| अन्य- | 75 |

#### विधानसभावार मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मेहनौन | 378547 | 175126 | 203414 | 07 |
| गोंडा सदर | 360423 | 168753 | 191639 | 31 |
| मनकापुर | 338771 | 158730 | 180035 | 00 |
| गौरा | 333641 | 154046 | 179588 | 07 |
| उतरौला | 426913 | 195767 | 231116 | 30 |
| योग- | 1838295 | 852422 | 985846 | 75 |

जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य व इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कई कार्य कराए गए हैं। इनमें राजकीय मेडिकल कालेज, अटल आवासीय विद्यालय, राजकीय डिग्री कालेज जैसे कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से तमाम निर्धन परिवारों को बेटियों का विवाह करने में सहूलियत मिली है। उज्जवल गैस योजना से महिलाओं को लाभ मिला है। बाकी के कार्यों के लिए भी प्रयास चल रहा है। सीवर लाइन व रिंग रोड का प्रस्ताव भी है।



कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया, सांसद/प्रत्याशी 59 लोकसभा क्षेत्र, गोंडा

# क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन वृद्धा से ठगे 8.49 लाख

## पीड़ित महिला की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद कार्यालय

- **800 करोड़ के मनी लांड्रिंग केस में संदिग्ध बताकर महिला को कर लिया था हाउस अरेस्ट**

**अमृत विचारः** शातिर ठग ने मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर बुद्धि विहार की उर्मिला पांडेय से 8.49 लाख रुपये की ठगी कर ली। उन्होंने 800 करोड़ की मनी लांड्रिंग के मामले में उर्मिला पांडेय को संदिग्ध बताकर हाउस अरेस्ट कर लिया था। वह उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन में प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हैं। पीड़िता की तहरीर पर साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र में बुद्धि विहार आवास विकास निवासी उर्मिला पांडेय ने बताया कि सात मार्च को दोपहर 2:30 से तीन बजे के बीच मेरे मोबाइल नंबर पर एक काल आई। काल करने वाले ने बताया गया कि आपके आधार नंबर के द्वारा एक मोबाइल नंबर 15 फरवरी को 2024 को खरीदा गया। इसका पता 69-ए, रोड नबंर- चार, विजय नगर कालोनी, जेबी नगर अंधेरी ईस्ट है। जिससे फंड ट्रांसफर से संबंधित टैक्स मैसेज किये जा रहे हैं। उसने कहा कि मैं मुंबई क्राइम ब्रांच से अधिकारी राकेश मिश्रा बोल रहा हूं। आपके प्रकरण में जांच करने पर पाया गया है कि मुंबई जेल में बंद संदीप सोढ़ी जिसके पास से कई एटीएम, पांच आइडी प्राप्त हुई है। उसमें आपकी आइडी मिली है। जिससे आपके मोबाइल नंबर पर लगातार पैसों के ट्रांसफर की सूचना भेजी जा रही है। यह केस 800 करोड़ की मनी लांड्रिंग से संबंधित है। साइबर ठगों ने उर्मिला को मनी लांड्रिंग का अर्थ भी बताया। कहने लगे आपकी काल रिकार्डिंग पर है। आरोप है कि ठगों ने पूरे विश्वास में लेने के बाद खाते की डिटेल मांगी। फिर मुझे अपने बैंक खाते की धनराशि ट्रांसफर करने के लिए कहा। इसके लिए उन्होंने मुंबई के पंवई स्थित पीएनबी का खाता नंबर दिया। साइबर ठगों में से एक अभिजीत खुद को अधिकारी बता रहा था, वह जो निर्देश दे रहा था उसके मुताबिक उर्मिला पांडेय ने 8,49,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## संभल में पॉलीथिन से ढकी गईं मस्जिदें

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :** होली पर निकलने वाले रंग चौपाई जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। न सिर्फ संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की तैनाती की गई है बल्कि मस्जिदों को भी पालीथिन से ढक दिया गया है। इस बीच डीएम और एसपी ने भी संभल पहुंचकर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया और अधीनस्थों को निर्देश दिए। होली पर निकलने वाले चौपाई जुलूस के दौरान मस्जिद पर रंग डल जाने को लेकर विवाद न हों, इसलिए पुलिस प्रशासन ने खास सतर्कता बरती है। इस बार जुलूस मार्गों पर आने वाली मस्जिदों को पॉलीथिन से ढकवाया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं दूसरे प्वाइंटों पर भी पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारियों ने अधीनस्थों को कड़ी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। संभल नगर के साथ ही सरायतरीन में भी मस्जिदों को पालीथिन से ढकवाया गया है।

# मनाली से नेपाल जा रही मिनी बस पेड़ से टकराई, नौ घायल

संवाददाता, बीसलपुर



हादसे के बाद खड़ी क्षतिग्रस्त मिनी बस।

**अमृत विचारः** मनाली से नेपाल जा रही मिनी बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। यह हादसा बीसलपुर इलाके में ब्रेक पाइप फटने से हुआ। प्राथमिक इलाज के बाद तीन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। रविवार सुबह ग्राम मंडरा सुमन में हुए हादसे से हड़कंप मचा रहा। उधर, पूरनपुर में चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

मनाली से एक मिनी बस सवारियां लेकर नेपाल जा रही। बस में 15 से अधिक लोग सवार थे। रविवार सुबह करीब पांच बजे बीसलपुर इलाके से गुजरते समय बस का ब्रेक पाइप टूट गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर पेड़ से टकरा ही गई। बताते है कि उस वक्त अधिकांश सवारियां सो रही थी। हादसे के बाद बस में चीख पुकार मच गई। घायलों में ग्राम कोली (नेपाल) निवासी बहादुर, दियुघाट (नेपाल) निवासी बेल बहादुर, निवासी सुरखित (नेपाल) के निवासी भीम बहादुर , दाग जटिरा (नेपाल) निवासी गोविंद नेपाली, कटरई पटली कोहर (नेपाल ) निवासी विनंदर ठाकुर, सुरखित (नेपाल) निवासी चंद्र प्रसाद बागली, शांति पत्नी लाल बहादुर, मंसाराम निवासी सेक्टर 55 पंनसोरा चंडीगढ़ (मूल निवासी नेपाल), सावित्री पुत्री मनीराम निवासी गोरही लक्ष्मीपुरथर्ड बंनगडी (नेपाल) समेत नौ लोग घायल हो गए। चालक मंसाराम को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## सार-संक्षेप

### करीब सौ साल से यहां नहीं होता होलिका पूजन

**संभल, अमृत विचार :** संभल जनपद के गुन्नौर तहसील क्षेत्र में एक गांव ऐसा भी है जहां करीब सौ साल से होलिका पूजन नहीं होता। रजपुरा विकास खंड के गांव भगता नगला के ग्रामीणों के मुताबिक गांव में करीब सौ साल पहले महामारी के दौरान दुखद घटनाएं हुई थीं। उसके बाद से ही ग्रामीण इस गांव में होली पूजन नहीं करते हैं। हालांकि होली के दिन महिलाएं चामुंडा माता की पूजा अर्चना कर गांव में सुख-शांति की कामना करती हैं। बुजुर्ग ग्रामीणों के अनुसार करीब सौ साल पहले होली के समय महामारी से मौतों के बाद गांव में होली नहीं मनाई गई। गरुण पुराण में उल्लेख है कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उस घर में चूल्हा जलाने से उस व्यक्ति की आत्मा को दुख पहुंचता है। इसलिए घरों में 13 दिनों तक चूल्हा नहीं जला और पूजा नहीं हुई। हालांकि वह घटना किस साल हुई थी, इसकी जानकारी उनको भी नहीं है। आज भी गांव की महिलाएं होली के दिन घरों में पूजा नहीं करतीं। अब, महिलाएं गांव के बाहर चामुंडा पर पूजा करती हैं।

### पिकअप की टक्कर से दिहाडी श्रमिक की मौत

**रायबरेली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर जोगमगदीपुर मोड़ के पास पिकअप ने साइकिल सवार दिहाड़ी श्रमिक को टक्कर मार दी । जिससे श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर मौत हो गई। रविवार को हरीलाल पुत्र भगवान दीन (60) निवासी हरिजन का पुरवा थाना जगतपुर, ऊंचाहार थाना क्षेत्र कैथवल के एक ईट भट्टे पर दिहाड़ी श्रमिक है। होली के पर्व पर साइकिल से अपने घर वापस आ रहा था। जैसे ही लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर जोगमगदीपुर मोड के पास पहुंचा तभी पिकअप ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा एंबुलेंस की मदद से जगतपुर सीएससी में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टर ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। सीएचसी के डॉक्टर मनीष मिश्रा ने बताया कि अधेड़ की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई है। मृतक की पत्नी का दो वर्ष पहले ही निधन हो चुका है।

### बीमारी से तंग आकर युवक ने लगाई आग

**रोजा, अमृत विचार :** बीमारी से परेशान युवक ने आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे युवक को परिवार वाले जिला अस्पताल ले गये। जहां उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। जनपद हरदोई के बधौली के गांव करना मसीत निवासी रामनरेश पुत्र मूलचंद गत वर्षों से रोजा क्षेत्र के आईटीआई कॉलोनी में परिवार के साथ किराये के मकान में रहकर मेहनत-मजदूरी करता था। बताया जाता है कि रामनरेश दो सालों से बीमार चल रहा था। जिसके कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। शनिवार की शाम उसने घर में ही खुद को आग लगा ली। परिवार वालों ने किसी तरह आग को बुझा दिया। इसके बावजूद रामनरेश गंभीर रूप में झुलस गया। परिवार के लोग उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल ले गए। जहां देर रात उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस घटना की जानकारी मृतक के बेटे ने पुलिस को दी। सूचना के आधार पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हादसे में महिला की मौत, पति घायल, लगाया जाम

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर रविवार पूर्वाहन करीब 11:30 बजे प्राइवेट बस ने जखिया गांव के पास बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया। घटना के कुछ ही देर बाद गुस्साए लोग ईट-पत्थर लाठी डंडा लेकर स्टेट हाईवे पर पहुंच गए और जाम लगा दिया। गुस्साए लोगों ने शव को भी उठने नहीं दिया। उत्तेजित लोग चालक पर कार्रवाई व मुआवजे की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर एसडीएम और कई थानों का पुलिस फोर्स भी पहुंच गया। रिपोर्ट दर्ज होने व चालक की गिरफ्तारी के आश्वासन पर दो घंटे बाद बमुश्किल जाम खुला। चचेरे भाई महेश वर्मा ने प्राइवेट बस के चालक के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को हिरासत में ले लिया है। कलान क्षेत्र के गांव नानकपुर निवासी नेकसू वर्मा अपनी पत्नी श्रीदेवी उर्फ गुड्डी के साथ बाइक से कलान बाजार में होली पर सामान की खरीददारी करने आए थे। कलान से बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे से होते हुए गांव लौट रहे थे।

### सीतापुर के गैंग ने पूर्व विधायक के घर की थी चोरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर के गांव बेल्तुआ में धौरहरा के पूर्व भाजपा विधायक और लखीमपुर शहर के मोहल्ला राजाजीपुरम निवासी कर्नल के घर से हुई लाखों रुपये की चोरी मामले का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया। पूर्व विधायक के मामले में पुलिस ने सोनार समेत सीतापुर जिले के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान कर दिया है। पुलिस लाइन सभागार में एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पत्रकारों के सामने चोरियों का खुलासा किया। बताया कि धौरहरा के पूर्व भाजपा विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के गांव बेल्तुआ स्थित फार्म हाउस पर चोर 14 मार्च की रात घुस गए थे और 30 लाख रुपये और लाखों के जेवर चोरी कर ले गए थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सिंगावर गांव के पास सुबह करीब 05.30 बजे सीतापुर के थाना तंबौर के गांव कोलागढ़ निवासी बच्छराज चौहान, थाना सकरन के गांव सरजूपुरवा निवासी शिवा चौहान, थाना रेऊसा के गांव ढेनुवा निवासी शर्मा चौहान, थाना तंबौर के गांव ठकुरनपुरवा निवासी दीपक वर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

# बाजार जा रही 10 वर्षीया बच्ची से युवक ने की दुष्कर्म की कोशिश

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** बाजार जा रही 10 साल की बच्ची को एक युवक अपनी बाइक पर बैठाकर ईंट भट्ठा की ओर ले गया। जहां उसे दुष्कर्म की कोशिश की। राहगीरों के आने पर आरोपी बच्ची को छोड़कर भाग गया।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना सेहरामऊ क्षेत्र की रहने वाली 20 वर्षीय बालिका शुक्रवार शाम पड़ोस के गांव की बाजार पैदल जा रही थी। उसके गांव से बाजार की दूरी करीब एक किमी है। गांव के बाहर पहुंचने पर उसे गांव का युवक जुगेंद्र मिल गया। उसने बाजार छोड़ने की बात कहकर बच्ची को अपनी बाइक पर बैठा लिया। आरोप है जुगेंद्र बच्ची को बाजार के बजाय ईंट भट्ठा की ओर ले गया और अश्लील हरकतें शुरू कर दी। आरोप है कि उसने दुष्कर्म करने की कोशिश की। राहगीरों के आने पर आरोपी बच्ची को धमकी देकर भाग गया। घबराई बच्ची दौड़कर अपने घर पहुंची और घटना के बारे में मां को बताया। इसके बाद परिवार वाले बच्ची को लेकर थाने गए और तहरीर दे दी। इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कर ली गई है। हैं।

## पहली बार लाट साहब के जुलूसों का होगा सीधा प्रसारण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सोमवार को होली पर निकाले जाने वाले छोटे और बड़े लाट साहब जुलूस के लिए प्रशासन ने और कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। जुलूस के साथ चलने वाले हुड़दंगियों और जुलूस देखने के लिए उमड़ने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखने के लिए जहां वीडियोग्राफी कराई जा रही है, वहीं अब तीसरी आंख यानि सीसीटीवी कैमरे भी कड़ी नजर रखेंगे। इसके लिए नगर निगम ने लाट साहब के रूट पर 200 सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं।

# भाजपा नेता पर इंग्लैंड भेजने के नाम पर ठगी का आरोप, एफआईआर दर्ज

संवाददाता, पूरनपुर

- **पुलिस ने एसपी के आदेश पर की कार्रवाई, पत्नी भी आरोपी**

**अमृत विचारः** इंग्लैंड भेजने के नाम पर आइलेटस संचालक भाजपा नेता व उनकी पत्नी प पांच लाख रुपये की ठगी करने का आरोप। एसपी के आदेश पर पुलिस व भाजपा नेता व उनकी पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

नगर के रहने वाले जगजीवन सिंह बाजवा भाजपा में शोध विभाग प्रमुख ब्रज क्षेत्र अल्पसंख्यक मोर्चा के पद पर हैं। वह कैंडिड कैरियर आईलेट्स सेंटर चलाते हैं। जनपद लखीमपुर के थाना फूलबहेड के गांव अटकोना गांव निवासी जगदीश सिंह ने अपने बेटे जसकरन सिंह को इंग्लैंड भेजने के लिए जगजीवन सिंह बाजवा से बात की। जगजीवन ने इसका खर्च 13.5 लाख रुपये बताया। साथ ही जसकरन को दिसंबर 2023 तक इंग्लैंड भेजने का भरोसा दिया। इस पर जगदीश सिंह ने मार्च 2023 में उसे ढाई लाख रुपये नकद दिए। जगजीवन के कहने पर निरवैर सिंह के खाते में 2.5 लाख रुपये भेज दिए। रूपेंद्र कौर और जगजीवन सिंह को कुल पांच लाख रुपये जगदीश सिंह ने दिए। रुपये देने के महीने भर बाद जसकरन को इंग्लैंड नहीं भेजा गया। इसके बाद से जगदीश सिंह आइलेटस सेंटर के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनके बेटे को इंग्लैंड नहीं भेजा गया। 28 फरवरी को जगदीश सिंह ने जगजीवन सिंह से अपने रुपए वापस मांगे। आरोप है जगजीवन सिंह ने गाली गलौज कर उनके साथ मारपीट की कोशिश की। दोबारा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

# पीलीभीत में दो दशक से मेनका, वरुण रहे भाजपा का चेहरा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



वरुण गांधी।



जितिन प्रसाद।

- **भाजपा ने वरुण गांधी का टिकट काट जितिन पर जताया भरोसा**

**अमृत विचार :** करीब 35 साल बाद पीलीभीत लोकसभा सीट पर गांधी नाम नजर नहीं आएगा। इनमें करीब दो दशक ये दोनों भाजपा का चेहरा रहे। इस बार पार्टी ने वरुण गांधी का टिकट काटकर पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है।

1989 के बाद हुए नौ चुनाव में आठ में मेनका गांधी और वरुण गांधी ही जीते। 1991 में मेनका गांधी को भाजपा के परशुराम गंगवार ने हरा दिया था। 2004 से 2019 तक के चार चुनावों में दो बार मेनका गांधी और दो बार वरुण गांधी भाजपा प्रत्याशी रहे। इससे पहले 1989, 1996 के चुनाव में मेनका गांधी जनता दल से लड़ीं तो भाजपा का समर्थन मिला। यही स्थिति 1998 और 1999 में स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर मेनका गांधी के चुनाव में रही। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट मेनका गांधी और वरुण गांधी की वजह से हाईप्रोफाइल रही है। यहां पहले चरण में मतदान 19 अप्रैल को होना है। नामांकन प्रक्रिया भी बुधवार से शुरू हो चुकी है। जिसमें सिर्फ दो दिन यानी 26 व 27 मार्च बाकी है। बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को प्रत्याशी बनाया। मना जा रहा था कि समाजवादी पार्टी पहले भाजपा की सूची का इंतजार कर रही है। मगर इन अटकलों को भी उस वक्त विराम लग गया जब समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार के नाम की घोषणा कर दी। कांग्रेस समेत गठबंधन में शामिल दल सपा प्रत्याशी को ही लड़ाएंगे। शनिवार रात हुई हाईकमान की बैठक के बाद रविवार सुबह से ही चर्चा तेज हो गई थी कि इस सीट पर निवर्तमान सांसद वरुण गांधी का टिकट कटेगा। सुबह से ही कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद को टिकट मिलने की चर्चा होने लगी थी। सोशल मीडिया पर इसे लेकर मैसेज भी वायरल हो गए थे। मगर आधिकारिक घोषणा का इंतजार किया जा रहा था। देर शाम भाजपा की ओर से लिस्ट जारी कर दी गई जिसमें वरुण गांधी का टिकट कट गया। उनकी जगह अब जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। करीब 35 साल बाद पीलीभीत में गांधी नाम के लिए वोट नहीं मांगे जाएंगे। हालांकि वरुण गांधी के समर्थक पिछले दिनों जिस तरह गांव-गरंव घूम रहे थे। उससे संभावना जताई गई कि टिकट कटने की स्थिति में वह निर्दलीय ताल ठोंक सकते हैं।

## 23 वनकर्मी करेंगे पीटीआर की सुरक्षा

**पीलीभीत, अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व लोकसभा चुनाव के दौरान महज 23 वन कर्मियों के हवाले रहेगा। पीटीआर के सभी पांच रेंजों के क्षेत्राधिकारियों और वन कर्मियों समेत 72 लोगों की ड्यूटी मतदान में लगा दी गई। ऐसी स्थिति में जंगल से बाहर घूम रहे बाघ और जंगलों में होने वाली आग की घटनाओं से निपटेगा मुश्किल होगा। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर ने डीएम को पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया है।




## उत्तराखंड

# कच्ची शराब के धंधे में लिप्त महिला सहित चार को धरा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कच्ची शराब के धंधे में लिप्त एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने कुल 247 लीटर कच्ची शराब व एक बाइक बरामद की है, जबकि एक आरोपी के पास से पुलिस ने चाकू बरामद किया है। पुलिस ने फौजा सिंह निवासी मंगल बाजार आलू फार्म के कब्जे से लगभग 80 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

उधर, राजाजीपुरम कॉलोनी हेमपुर इस्माइल के पास से यहीं की निवासी बबीता देवी के कब्जे से लगभग 47 लीटर और पुरानी नमक फैक्ट्री के पास से ग्राम कटैया निवासी अभिषेक कुमार के कब्जे से एक मोटरसाइकिल से तस्करी हो रही करीब 120 लीटर कच्ची शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

उधर पुलिस ने चैती मंदिर के सामने स्थित मैदान से आकाश निवासी द्रोणा सागर के पास से एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान किया है।

## ढोल-दमाऊ पर थिरके धामी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री आवास में रविवार को होली उल्लास के साथ मनाई गई। पारंपरिक गीत आयो बसंत बहार, शिव शंकर खेलें होली, फागुन में खेला होली आदि गाए गए। ढोल-दमाऊ बजाकर पारंपरिक गीतों पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी खूब थिरके। अबीर-गुलाल लगाकर सभी को होली की शुभकामनाएं दी। सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट आदि शामिल हुए।

## फिर से बदलेगा मौसम तापमान में आएगी गिरावट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मौसम में एक बार फिर से परिवर्तन होने की संभावना है। खासतौर से पर्वतीय इलाकों में झमाझम बारिश हो सकती है। साथ ही मैदानी इलाकों में भी हल्की बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने अनुमान जताया है कि राज्य में एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। 29 से लेकर 31 मार्च तक मौसम में परिवर्तन रहेगा। पहाड़ों में रिमझिम बारिश होगी। साथ ही मैदानी इलाकों में भी हल्की बारिश हो सकती है। मार्च के अंतिम सप्ताह में तापमान में गिरावट आएगी।

# 11 करोड़ के बजट से होगा नैना देवी मंदिर का कायाकल्प

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** 51 शक्तिपीठों में शुमार मां नैना देवी मंदिर का कायाकल्प होने जा रहा है। जल्द ही मंदिर नए स्वरूप में नजर आयेगा। मानसखंड मंदिर माला प्रोजेक्ट के तहत मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 11 करोड़ के बजट को स्वीकृति मिल गई है।

प्रोजेक्ट के तहत मंदिर की छतों, धर्मशाला के पुनर्निर्माण के साथ ही भव्य गेट निर्मित किया जाएगा। साथ ही मंदिर गेट के सामने की दुकानों को अन्यत्र विस्थापित कर पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। मां नैना देवी मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। इसे देखते हुए सरकार ने मंदिर को मानसखंड मंदिर माला प्रोजेक्ट में शामिल कर इसके कायाकल्प के लिए योजना तैयार की है। अनुबंधित संस्था फोर कंसलटेंट व पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने मंदिर का सर्वे व पदाधिकारियों से वार्ता के बाद सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट तैयार किया है। जिसे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंजूरी दे दी है।

## सार-संक्षेप

### कब्र से बाहर निकाला महिला का शव

**बाजपुर, अमृत विचार :** महिला के मौत के राज को खोलने के लिए संयुक्त टीम ने न्यायालय के आदेश पर कब्रिस्तान में दफन महिला के शव को बाहर निकाला। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस दौरान लोगों के विरोध को देखते हुए मौके पर पुलिस तैनात रही। केलाखेड़ा में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत के मामले में रविवार को पहुंची संयुक्त टीम ने लोगों के हल्के विरोध के बीच कब्रिस्तान में दफन महिला के शव को बाहर निकालकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद महिला की मौत का राज खुलने की सभावना है। केलाखेड़ा के वार्ड नंबर चार निवासी नफीसा पत्नी गुलाम हुसैन की 19 जनवरी को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मौत के बाद परिजनों ने नफीसा के शव को दफन कर दिया था।

### युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया

**किच्छा, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को करीब 6 ग्राम अवैध स्मैक तथा 7120 रुपए की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी सिंचाई विभाग अल्मोड़ा में कनिष्ठ सहायक पद पर तैनात बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। उप निरीक्षक राजेंद्र पंत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान बंडिया चौराहे पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को पकड़ लिया।

# कोचिंग को जा रही छात्रा से तीन युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

## रिपोर्ट दर्ज, एसपी के निर्देश पर तीनों अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जनपद के हंसवर थाना क्षेत्र में कोचिंग जा रही छात्रा से दूसरे समुदाय के तीन युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। जब युवती ने विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने पिटाई कर उसे बंधक भी बनाए रखा। मामले में छात्रा के भाई की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

हंसवर थाना क्षेत्र निवासी 21 वर्षीय युवती बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा है। बीते दिवस पर साइकिल से हीरापुर बाजार में कोचिंग पढने जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में पहले से मौजूद आमिर, फैज, फराज निवासी मुंडेरा ने उसे रोक लिया। जिसके बाद फैज और फराज ने जबरदस्ती युवती को अपने बाइक पर बिठा लिया। इसके बाद गांव से दूर फराज के ट्यूबवेल पर ले गए। कुछ देर बाद आमिर भी साइकिल से वहां पहुंच गया। तीनों ने छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने विरोध करने पर पोडिता की पिटाई भी की। इसके बाद उसे ट्यूबवेल के अंदर बंद कर दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। जिसके बाद पुलिस ने रविवार को तीनों अभियुक्तों मो. आमिर, मो. फैज, मो. फराज निवासी मुंडेरा थाना हंसवर को मुखबिर की सूचना पर पृथ्वीपुर मोड़ हीरापुर बाजार के पास गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि पीडिता के भाई की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा रहा है। वहीं पुलिस द्वारा बालिका का मेडिकल और 164 का बयान व अन्य विधिक कार्रवाई पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले में वैज्ञानिक साक्ष्यों का परीक्षण करते हुए अभियुक्तों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ट्यूबवेल के अंदर आमिर अर्धनग्न मिला आमिर

लोगों की सूचना पर पीडिता का भाई भी मौके पर पहुंचा तो ट्यूबवेल के अंदर आमिर अर्धनग्न अवस्था में मिला, जबकि युवती लहुलुहान होकर मौके पर पड़ी थी। पीडिता ने अपने भाई को आपबीती सुनाई। इसके बाद थाने पहुंचकर पीडिता और उसके भाई ने मामले की शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। वहीं पीडिता को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया है।

# दाऊ जी मन्दिर में होती है देवर-भाभी की अनूठी होली

**मथुरा, एजेंसी :** तीन लोक से न्यारी मथुरा नगरी में बल्देव की होली देवर-भाभी की ऐसी अनूठी होली है जो पारिवारिक एकता का संदेश देती है। इस बार यह होली 26 मार्च को खेली जाएगी। बल्देव की होली को दाऊ जी की होली कहा जाता है। इस होली में जहां श्रद्धा, भक्ति और संगीत की त्रिवेणी प्रवाहित होती है वहीं देवर-भाभी की यह होली मर्यादा बनाये रखने का ज्वलंत उदाहरण पेश करती है। वैसे भी इस होली में मर्यादा इसलिए भी बनी रहती है क्योंकि होली खेलने के समय बल्देव और उनके छोटे भाई कान्हा मौजूद रहते हैं। यह मर्यादा इसलिए भी बनी रहती है क्योंकि इसमें कल्याणदेव के वंशज ही भाग लेते हैं। इस होली के दौरान मन्दिर की छत से अनवरत गुलाल की वर्षा होती रहती है। ब्रज की महान विभूति डा घनश्याम पाण्डे ने बताया कि यहां पर होली केवल टेसू के रंग से खेली जाती है जो 40 फीट लम्बे, तीन फुट चौड़े और पांच फीट गहरे विशाल हौज में तीन दिन में तैयार किया जाता है। हुरंगे के दिन बाल भोग के बाद श्रंगार आरती के दर्शन खुलते हैं।

# दोषसिद्धि न होने पर प्राधिकारी को कटघरे में खड़ा करना अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रतियोगी परीक्षा में हुई अनियमितता के संबंध में दाखिल विशेष अपील पर विचार करते हुए कहा कि सार्वजनिक परीक्षा के मामले में जहां बड़े पैमाने पर भर्ती की जाती है, ऐसी परीक्षाओं में प्रश्नों को सर्वोत्तम ढंग से तैयार करने की जिम्मेदारी परीक्षा प्राधिकारी की होती है। जब तक यह सिद्ध न हो कि प्रश्न गलत है या प्रश्न का सूत्रीकरण ऐसा था कि अभ्यर्थी प्रश्न को समझ नहीं सका, तब तक प्रश्न में हस्तक्षेप करना या परीक्षा प्राधिकारी को कटघरे में खड़ा करना उचित नहीं होगा।अपीलकर्ता नितेश कुमार सिंह यादव की विशेष अपील को न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति सैयद क़मर हसन रिजवी की खंडपीठ ने खारिज कर दिया।

वर्तमान मामले में विवादित प्रश्न मूलतः कन्या विद्या धन योजना से संबंधित था, जिसे शासनादेश दिनांक 22 अगस्त 2012 द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में शुरू किया गया था। कोर्ट ने कहा कि केवल इसलिए कि बाद में शुरू की गई संशोधित योजना में हाईस्कूल पास छात्र को हटा दिया गया है और केवल इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा करने का उल्लेख किया गया है, यह नहीं कहा जा सकता कि प्रश्न संख्या 93 गलत है। संशोधित योजना लाभ देने की सीमा 99 हजार छात्रों तक सीमित करती है और लाभ देने के लिए ऐसे सीमित उम्मीदवारों को चुनने के लिए मानदंड निर्दिष्ट करती है। जिसका स्वरूप इस प्रकार का था, जिसे अपीलकर्ता समझ नहीं सका, लेकिन इसे सिद्ध करने में वह विफल रहा। आयोग ने अपने हलफनामे में कहा कि अपीलकर्ता ओबीसी श्रेणी से है और उसने 78.75 अंक हासिल किए हैं। अपीलकर्ता ने रिट कोर्ट की अस्वीकृति से व्यथित है, जिसमें बुकलेट श्रृंखला 'एफ' के प्रश्न संख्या 78 और 93 के उत्तर को दी गई चुनौती खारिज कर दी थी। जनवरी 2022 में जारी विज्ञापन के अनुसार राजस्व लेखपाल के 8085 पदों के लिए भर्ती की गई थी। परीक्षा जुलाई 2022 में आयोजित की गई थी।

## सार-संक्षेप

### आगरा में नाबालिग छात्रा को बंधक बनाकर दुष्कर्म की कोशिश, पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**आगरा, एजेंसी :** आगरा के खंदौली थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग छात्रा को एक युवक द्वारा जबरन तबेले में बंधक बनाने और कथित तौर पर दुष्कर्म करने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। मामला दो समुदाय के होने की वजह से गांव में तनाव का माहौल है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरा फरार है। पीड़िता के चाचा द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक उनकी 14 वर्षीय भतीजी गांव के ही एक स्कूल में नौवी कक्षा में पढ़ती है और शनिवार की दोपहर अपनी सहेली के घर से किताब लेकर लौट रही थी तभी मोहल्ले का ही जावेद (33) उसे जबरन तबेले में ले गया और इस दौरान जावेद के चचेरे भाई आजाद ने तबेले के मुख्यद्वार को बंद कर दिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक आरोपी ने छात्रा से दुष्कर्म करने की कोशिश की और विरोध करने पर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के मुताबिक तबेले के भीतर चीख पुकार सुनकर वहां से गुजर रहे पीड़िता के मौसा भूरी सिंह ने शोर मचाकर आसपास के ग्रामीणों को एकत्र किया और तबेले का दरवाजा खुलवाया। भीड़ बढ़ता देख आरोपी जावेद फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी आजाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता को चिकित्सा जांच के लिए भेजा गया है और मुख्य आरोपी जावेद की तलाश की जा रही है।

### बिना अनुमति भाषण और नकदी बांटने में एफआईआर

**लखनऊ, अमृत विचार :** आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने के तहत बिना अनुमति के सभा करने, भाषण करने और मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने समेत ऐसे अन्य मामलों में भी नौ एफआईआर दर्ज की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को बताया कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 32,23,023 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 19,73,091 जबकि, निजी स्थानों से 12,49,932 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 2,17,080, पोस्टर के 9,11,438, बैनर के 5,76,531 एवं अन्य 2,68,042 मामलों में कार्रवाई की गयी। इसी तरह निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 1,55,093, पोस्टर के 5,77,235, बैनर के 3,42,182 एवं अन्य 1,75,422 मामलों में कार्रवाई की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 265 मामलों में और लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 640 मामलों में कार्रवाई की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने एवं अन्य मामलों में 09 एफआईआर दर्ज की गयी।

### जिलाधिकारी के आदेश पर कब्र से निकलवाया शव

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के आदेश पर दफनाई गई लाश कब्र से निकाली गयी। मृतक की मां ने जताई है बेटे की संदिग्ध मौत की आशंका। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। मामला थाना क्षेत्र धनपतगंज के पूरे हेम सिंह पुरवा का है। गांव निवासी मृतक विनोद फरीदाबाद में नौकरी करता था। जंहा उसकी पत्नी पिंकी भी साथ रह रही थी। 13 मार्च को विनोद की मौत हो गयी तो पत्नी पिंकी पति के शव को एम्बुलेंस से अपने गांव हेम सिंह पुरवा लेकर पंहुची और विनोद की मृत्यु को स्वाभाविक बताते हुये दफना दिया गया। लेकिन इसी दौरान मृतक विनोद की मां की नजर बेटे के शव पर पडी और शरीर पर चोट के पडे निशान से कुछ शंका हुई, तो उसने जिला अधिकारी सुलतानपुर को शिकायती पत्र देकर बेटे के स्वाभाविक मृत्यु पर सवाल खडा करते हुये संदिग्ध मौत की आशंका जताई और लाश का पोस्टमार्टम कराये जाने की मांग की। जिला अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने मां की शिकायत को गंभीरता से लेते हुये लाश को कब्र से निकलवा कर शव का पोस्टमार्टम कराये जाने का बल्दीराय एसडीएम विदुषी सिंह को आदेश दिया। स्थानीय पुलिस की कडी सुरक्षा के बीच शव को कब्र से निकाल रविवार पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया।

# स्टेशन पर भीड़ के धक्के से प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच फंसी युवती, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पति-बेटे व बहन के साथ त्योहार पर अपने गांव कन्नौज जा रही थी
- शिवली रोड पर रहती थी, पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार :** कल्याणपुर स्टेशन पर भारी भीड़ के बीच ट्रेन पकड़ने के लिए दौड़े यात्रियों का धक्का लगने से एक युवती ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच गिरकर फंस गई। जब तक ट्रेन रोकी गई, युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

होली पर घर जाने वाले यात्रियों की भीड़ रविवार सुबह से ही कल्याणपुर स्टेशन पर थी। कन्नौज से फर्रुखाबाद जाने वाली पैसेंजर सुबह 5.20 बजे कल्याणपुर स्टेशन पहुंची तो ट्रेन में चढ़ने के लिए भीड़ दौड़ पड़ी। मूलरूप से कन्नौज निवासी अवधपाल अपनी 22 वर्षीय पत्नी अंशु यादव, चार वर्षीय बेटे यश व साली राखी के साथ घर जाने के लिए स्टेशन पर बैठे थे। ट्रेन रुकते ही वह भी सामान लेकर ट्रेन पर चढ़ गए। अंशु चढ़ रही थी कि तभी ट्रेन चलने लगी। इसी बीच ट्रेन पकड़ने के लिए दौड़ रहे यात्रियों का धक्का अंशु को लग गया और वह प्लेटफार्म व ट्रेन के बीच गिरकर फंस गई। हो-हल्ला होने पर जब तक ट्रेन रुकी, अंशु गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पुलिस उसे समीप के एक अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों के अनुसार एक दिन पहले ही घर जाने का प्लान था, मगर खरीदारी व अन्य कारणों से नहीं जा सके। क्या पता था त्योहार के दिन ऐसा हो जाएगा।

# इलेक्टोरल बांड के जरिए पूरे देश में लूट का रिकॉर्ड बना



**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का आरोप है कि भाजपा सभी लोकतांत्रिक मूल्यों का नष्ट करने पर तुली है। विपक्षी नेताओं को फर्जी केसों में फंसाने का काम किया जा रहा है। इलेक्टोरल बांड के जरिए पूरे देश में लूट का रिकॉर्ड बन गया है। अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय पर रविवार को कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा भाजपा की नीतियों और कार्यों से लोकतंत्र शर्मसार हो रहा है। जनता के पास 2024 का लोकसभा चुनाव ही बड़ा अवसर है जब वह अपने वोट से अपना भाग्य बदल सकती है। यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सन् 2024 का लोकसभा चुनाव देश के लिए निर्णायक सिद्ध होगा।

# असम पुलिस की पकड़ में आए आतंकी से यूपी एटीएस भी करेगी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- फिलहाल एनआईए कर रही पूछताछ, खंगाले जा रहे सूत्र
- हारिस ने उप्र. व उत्तराखंड में बम धमाकों की साजिश भी रची थी




**अमृत विचार :** बीते दिनों असम पुलिस की पकड़ में आए आतंकी संगठन आईएस के भारत प्रमुख हारिस फारूकी से एनआईए के बाद यूपी एटीएस भी अपनी हिरासत में लेगी। एटीएस अदालत की अनुमति से रिमांड पर लेकर अलीगढ़ मॉड्यूल के बारे में पूछताछ करेगी।

इतना ही नहीं इस दौरान शाहनवाज, वजीहुद्दीन समेत इस मॉड्यूल के अन्य सदस्यों के बयानों के आधार पर भी उससे पूछताछ की जानी है, जिससे पता लगाया जा सके कि उप्र. के कौन-कौन से शहर उसके निशाने पर थे।

दरअसल, हारिस फारूकी सीरिया और इराक बार्डर पर आईएस के डिटेंशन सेंटर के लिए चंदा भी जुटा रहा था। इसमें उसकी मदद झारखंड का शाहनवाज और अलीगढ़ का प्रो. वजीहुद्दीन कर रहा था। हारिस ने उप्र. और उत्तराखंड में बम धमाकों की साजिश भी रची थी, ताकि बाद में उसे सांप्रदायिक रंग दिया जा सके। हालांकि उसके मंसूबे सफल नहीं हुए और शाहनवाज की गिरफ्तारी के बाद उसे बांग्लादेश भागना पड़ा।

सूत्रों की मानें तो हारिस फारूकी ने हल्द्वानी रेलवे स्टेशन को निशाना बनाने के लिए आईईडी डिवाइस वाले बम का प्रयोग भी किया था। एटीएस को आशंका है कि बांग्लादेश भागने से पहले वह भारी मात्रा में विस्फोटक उप्र. या उत्तराखंड में छिपाकर रखे थे। इसलिए एटीएस उसे रिमांड पर लेने की तैयारी में है ताकि सूत्र खंगाले जा सके।

# सौहार्द, शांति और समता के प्रतीक होने चाहिए त्योहार : मुख्यमंत्री

संवाददाता, गोरखपुर


मुख्यमंत्री गोरखपुर के पांडेयहाता में आरती के बाद फूलों की होली खेलते हुए।

**अमृत विचार :** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों को होली की मंगलमय शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे त्योहार सौहार्द, शांति और समता के प्रतीक होने चाहिए। कहीं कोई भेदभाव न हो, सभी एकजुट रहें। यही होली का भी संदेश है। शक्तिशाली समाज और समर्थ राष्ट्र के लिए आवश्यक है कि समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव न रहे, सबके बीच मतभेद समाप्त हो।

सीएम योगी रविवार शाम पाण्डेयहाता में होलिका दहन उत्सव समिति की ओर से आयोजित होलिका दहन शोभायात्रा के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब हम एकजुटता की भावना से देश हित के लिए सक्रिय होते हैं तो पर्व-त्योहारों के उमंग और उत्साह का लाभ अनंत काल के लिए प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री ने होलिका दहन और होली को सत्य, न्याय व धर्म की विजय के उल्लास का पर्व बताते हुए कहा कि जहां भक्ति होती है वहां स्वतः शक्ति आ जाती है। भक्ति और शक्ति का यह समन्वय होलिका दहन के रूप में देखने को मिलता है। होलिका दहन में यह संदेश निहित है कि अन्यायी और अत्याचारी कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, उसका अंत सुनिश्चित होता है। होलिका दहन सन्मार्ग पर चलने वाले भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार का तथा अन्यायी हिरण्यकश्यप और होलिका के नष्ट होने का स्मरण पर्व है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा कि ने होली जैसे पर्व हजारों वर्षों की विरासत हैं। सतयुग के जिस कालखंड को जिसे दुनिया जानती तक नहीं, उसे हम संजोते हुए अगली पीढ़ी को सौंपते हैं। हमारा दायित्व है कि हम विरासत का संरक्षण करते हुए पर्व पर परम्पराओं की पवित्रता बनाए रखें। सीएम योगी ने होलिका दहन उत्सव समिति की इस बात के लिए सराहना की कि यह समिति 97 वर्षों से विरासत को संजोकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने लंबे समय तक समिति का नेतृत्व करने वाले स्मृति शेष ओमप्रकाश पटवा को भावभीनी श्रद्धांजलि भी दी।

### जब भी अन्याय होगा तो उसका दहन भी होना तय

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुराई की प्रतीक होलिका के दहन से यह संदेश भी मिलता है कि जब भी अन्याय होगा, पक्षपात होगा तो उसका दहन भी होना तय है। होलिका का दहन और हिरण्यकश्यप का वध उसी परम्परा का हिस्सा है जिसमें हम प्रतिवर्ष अन्यायी रावण का पुतला भी जलाते हैं। सकल सनातनी हजारों वर्षों की अपनी इस विरासत को उत्साह और उमंग से मनाते हैं। मुख्यमंत्री ने होलिका दहन और होली को लेकर लोगों से यह अपील भी की कहीं ऐसा कोई कृत्य नहीं होना चाहिए जिससे उत्साह, उमंग बाधित हो। कहीं कोई टकराहट नहीं होनी चाहिए।

### भक्त प्रहलाद की आरती उतार सीएम योगी ने खेली फूलों की होली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन के उपरांत होलिका दहन शोभायात्रा के लिए सजाए गए रथ पर अवस्थित भक्त प्रहलाद की आरती उतारी। उनके चित्र पर फूल बरसाने के बाद बड़े ही उमंग से उपस्थित जनसमूह पर पुष्प वर्षा करते हुए फूलों से होली खेली। शोभायात्रा को लेकर लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, पूर्व पार्षद आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-20

**बाएं से दाएं**

1. ऐसा व्यक्ति जिसकी पीठ पर कूबड़ निकल आया हो, वह जो पीठ के टेढ़ी होकर पीछे की ओर निकल जाने वाले रोग से पीड़ित हो।
4. जिसे जीत लिया गया हो, विजित।
5. 1. किसी वस्तु के अंशों का वितरण करना या बांटना 2. किसी वस्तु के आवश्यकतानुसार अलग-अलग अंश या विभाग करना, अंशों का विभाजन करना
7. 1. कबूतरों के रहने का दरबा, कपोत पालिका 2. वह गद्देदार कपड़ा जिसपर रोटियां रखकर तंदूर में डालते हैं।
9. जहाज़ चलाने का काम।

**ऊपर से नीचे**

1. कुरैश समुदाय से संबंध रखने वाला।
2. 1. नाम, संज्ञा 2. कथन, उक्ति 3. उपाधि
3. जिसकी बुद्धि नष्ट हो गई हो, जड़मति, हतबुद्धि, किंकर्तव्यविमूढ़।
5. 1. जल में उत्पन्न होने वाली अर्थात कमलिनी 2. कुमुदनी 3. एक रागिनी 4. (पुराण) लक्ष्मी का एक नाम।
6. वनस्पति जो सब्ज़ी के रूप में प्रयुक्त होती हो, साग, तरकारी
8. 1. धरती से फूट पड़ने वाली तेज़ धारा 2. एक तरह का उपकरण जिससे पानी को पतली धार या फुहार के रूप में चारों ओर गिराया जाता है, जलयंत्र 3. पानी या किसी तरल पदार्थ की पतली तेज़धार।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | 4 | | | |
| | ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 5 | 6 | | | ■ | |
| 7 | | | ■ | ■ | 8 | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | 9 | | | | |

### वर्ग पहेली -19 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ट | ह | ■ | 2 बा | ■ | 3 भ |
| टा | ■ | ■ | 4 ब | हु | ज | न |
| न | ■ | 5 द | ■ | ब | ■ | भ |
| ■ | 6 ठे | ल | ठा | ल | ■ | न |
| 7 हो | ■ | ना | ■ | ■ | 8 फू | ■ |
| ट | ■ | य | ■ | 9 ढा | ल | ना |
| 10 ल | श | क | री | ■ | ना | ■ |

## सुडोकू -99

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 | | 6 | | 8 |
| | | 9 | 1 | | | 4 | | |
| | 8 | | | 7 | | | 1 | |
| | 1 | 6 | | | | 3 | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | | 5 | | 6 | | 7 | | |
| | 5 | | | 4 | | | 9 | |
| | | 3 | | | 5 | 2 | | |
| 4 | | 1 | | 3 | | | | |

### सुडोकू -98 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 | 9 | 2 |
| 2 | 7 | 1 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 12 .29 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष** – आज शुगर के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या होगी। परिजनों के साथ नोंक-झोंक हो सकती है। शत्रुओं के साथ सुलह होने की संभावना है। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी परेशानियां हो सकती हैं। व्यवसाय में नए विरोधी सक्रिय हो सकते हैं।

**वृष** – आज नई तकनीक सीखने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में बिक्री बढ़ने के योग बन रहे हैं। घरेलू कलह का निवारण होगा। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरपूर रहेगा। आपकी बातों से लोग आकर्षित रहेंगे। प्रेम संबंधों में गलतफहमियां न आने दें।

**मिथुन** – आज सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। मित्र आपसे नाराज हो सकते हैं। भारी उद्योग से जुड़े लोगों को मशीनरी को लेकर समस्या हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। मेहनत से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** – आज सोशल मीडिया के माध्यम से शुभ सूचना मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर के बड़े बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। परिवार में अनुशासन बनाए रखें। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें।

**सिंह** – आज आवश्यक कार्यों को दिन के पहले भाग में ही पूर्ण कर लेना हितकर होगा। बच्चे मस्ती के मूड में रहेंगे। पारिवारिक विवादों का निपटारा हो सकता है। जीवनसाथी के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। परिवार में उत्सव की धूम रहेगी।

**कन्या** – आज रचनात्मक योजनाओं से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन को लेकर थोड़ी परेशानियां रहेंगी। पैर और कमर दर्द की शिकायत हो सकती है। आपके काम समय पर पूरे हो जाएंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

**तुला** – आज लंबी दूरी की यात्रा करने से बचें। प्रेमी जन के ऊपर धन खर्च करेंगे। नशे से दूरी बनाकर रखें। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज मन में पुरानी स्मृतियां दोबारा ताजा होंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दिन खुशियों और उत्साह से भरपूर रहेगा। अविवाहित लोगों को विवाह के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु** – आज आपकी सेहत थोड़ी प्रतिकूल हो सकती है। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। दोस्तों के साथ पार्टी के लिए जा सकते हैं। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत सुखद है।

**मकर** – आज रुका हुआ धन मिलने में कठिनाई होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपका सम्मान और यश बढ़ेगा। दिखावे के चक्कर में आप थोड़ी गलतियां करेंगे। धर्म-कर्म पर धन खर्च होगा।

**कुंभ** – आज मित्रों के व्यवहार से आपको दुख हो सकता है। व्यवसाय में आपकी अपेक्षा के अनुसार बिक्री न होने से मन अप्रसन्न हो सकता है। अपना खानपान संतुलित रखें। पाचन बिगड़ने से आप परेशान रहेंगे। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं।

**मीन** – आज का दिन बहुत सुखद रहेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। आप मित्रों के साथ कहीं घूमने जाने का विचार बनाएंगे। परिवार के साथ आप बहुत अच्छा समय बिताएंगे।

## आज का पंचांग

गु. 1 | बु. रा. सू. 12 | श. मं. शु. 11 | 10 | 2 | 3 | 9 | 6 | के. चं. | 4 | 5 | 7 | 8

त्योहार/व्रत/दिवस– वसंत पूर्णिमा, होली।
दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–वसंत।
चन्द्रबल–मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–उत्तराफाल्गुनी 10 .38 तक तत्पश्चात हस्त।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
जिस देश में गंगा रहता है – सुबह : 10 .22
कर्तव्य – रात : 07 .00


**&pictures**
कूगल कुट्टप्पा – सुबह : 11 .09
अंतिम – शाम : 05 .11

**Sony Pix**
स्पाइडर मैन – सुबह : 09 .40
ग्रैन टूरिस्मो – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
परदेस – सुबह : 10 .30
क्रांति – रात : 07 .40

**Colors Cineplex**
विजय राघवन – सुबह : 10 .30
भोला शंकर – रात : 07 .33

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर शाम : 05 .11 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू– ओए तूने लाली के साथ होली क्यों नहीं खोली?
पिंकू–अरे यार, उसका कोई बॉयफ्रेंड नहीं था।
टिंकू– तो उसमें क्या था, तू बन जाता उसका बॉयफ्रेंड!
पिंकू– नहीं यार, जो आज तक किसी की न हो सकी, वो भला मेरी क्या होगी।

पप्पू– यार होली आ गई है।
गप्पू–हां यार सही बोला
पप्पू– होली पर एक आवश्यक सूचना है।
गप्पू– क्या?
पप्पू–होली में इतने भी पुराने कपड़े मत पहन लेना कि जिससे कोई तुम्हें रोटी हाथ में थमाकर चला जाए।

# 272 का आंकड़ा पार करेंगे : जयराम

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने प्रधानमंत्री मोदी के भ्रष्टाचार के आरोप को खोखला बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश का कहना है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ''पलटी मारने'' और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के अकेले लड़ने के बावजूद विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' एकजुट है और यह (बहुमत का) 272 का आंकड़ा पार करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विपक्ष के खिलाफ भ्रष्टाचार के विमर्श को ''खोखला'' करार देते हुए खारिज किया।



रमेश ने पत्रकारों के साथ बातचीत में यह भी कहा कि विपक्ष एकजुट होकर चुनाव में 272 का आंकड़ा पार करेगा और भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगा। उन्होंने चुनावी बॉण्ड, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले झामुमो नेता हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी सहित कई मुद्दों पर बात की। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा के क्रमशः अमेठी और रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों पर भी अपने विचार साझा किए। बुनियादी ढांचा संबंधी ठेके मिलने के बाद एक भाजपा सांसद द्वारा चुनावी बॉण्ड खरीदे जाने का दावा करते हुए रमेश ने कहा- चुनावी बॉण्ड योजना के काम करने के तरीके को देखें। 4,000 करोड़ रुपये के बॉण्ड सीधे तौर पर चार लाख करोड़ रुपये के ठेकों से जुड़े हुए हैं। चुनावी बॉण्ड और ठेके देने के बीच एक स्पष्ट संबंध है।

उन्होंने कहा कि उनके पास इस बात के सबूत हैं कि भाजपा के पक्ष में कई कंपनियों द्वारा खरीदे गए 4,000 करोड़ रुपये के बॉण्ड सीधे तौर पर ठेके देने और उनके खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों द्वारा शुरू की गई कार्रवाई से जुड़े हैं।

### विपक्षी गठबंधन की अंतरात्मा मर चुकी: अन्नामलाई



नई दिल्ली/चेन्नई। तमिलनाडु के मंत्री अनिता राधाकृष्णन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी गठबंधन की ''अंतरात्मा मर चुकी है''। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कर निचले स्तर के व्यवहार का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस मामले को निर्वाचन आयोग और पुलिस महानिदेशक के समक्ष उठाएगी और राधाकृष्णन के खिलाफ ''कड़ी और तत्काल कार्रवाई'' की मांग करेगी। अन्नामलाई ने अपनी पोस्ट में कहा- द्रमुक के पास आलोचना करने के लिए कुछ नहीं है, तो उसके नेता इस स्तर तक गिरते जा रहे हैं।

### दिल्ली की फैक्ट्री में भीषण आग, दमकल की 25 गाड़ियां पहुंचीं

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के नरेला इलाके के डीएसआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशनों से आग बुझाने वाली आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियां रवाना कर दी गई हैं। आग बुझाने में अभी लंबा वक्त लग सकता है। डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एस के दुआ सहित 100 से ज्यादा फायर कर्मियों की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई हैं। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। आग किस वजह से लगी है, अभी पता नहीं चल पाया है। फिलहाल मौके पर आग बुझाने का काम जोर-जोर से किया जा रहा है। दिल्ली अग्नि सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि आग बुझाने का काम अभी जारी है।

## दो भाइयों सहित 5 की डंपर से कुचलकर हत्या

कोटा (राजस्थान), एजेंसी

- हत्यारोपी फरार, दो के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

राजस्थान के झालावाड़ जिले में पगारिया इलाके में विवाद को लेकर डंपर से कुचलकर दो भाइयों समेत पांच लोगों की हत्या कर दी गई।

पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार देर रात हुई और मामले के दो आरोपी रणजीत सिंह और डुंगर सिह अपराध को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। पीड़ितों की पहचान बिन्नायगा फांटा गांव के भरत सिंह, धीरज सिंह, तूफान सिंह, गोवर्धन सिंह और बालू सिंह के रूप में की गई है। भरत और धीरज भाई हैं। पगारिया के थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात रणजीत सिंह एवं डुंगर सिंह और भरत सिंह एवं अन्य के बीच विवाद हुआ था। विवाद नहीं सुलझ पाने पर भरत सिंह, उसके भाई और तीन अन्य लोग दो मोटरसाइकिल से थाने के लिए रवाना हुए थे। बमुश्किल से आधा किलोमीटर का रास्ता तय किया था कि रणजीत सिंह और डुंगर सिंह ने एक डंपर दोनों मोटरसाइकिल पर चढ़ा दिया, जिससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पांचवें की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं क्षेत्राधिकारी प्रेम कुमार ने कहा कि विवाद का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। यह पता चला है कि शुरुआत में पीड़ितों और आरोपियों के बीच कोई दुश्मनी या प्रतिद्वंद्विता नहीं थी। उन्होंने कहा कि आरोपियों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

### द्रमुक सांसद गणेशमूर्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया

इरोड। तमिलनाडु के इरोड से लोकसभा सदस्य ए. गणेशमूर्ति को रविवार को यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। पुलिस ने बताया कि सुबह लगभग साढ़े नौ बजे गणेशमूर्ति को बेचैनी हुई और उनके परिवार के सदस्यों ने उन्हें यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

गणेशमूर्ति यहां से 2019 के लोकसभा चुनाव में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टिकट पर चुने गए थे। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद उन्हें गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया और वेंटिलेटर पर रखा गया है। जब उन खबरों के बारे में पूछा गया कि क्या सांसद ने आत्महत्या का प्रयास किया है, तो निजी अस्पताल के अधिकारियों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

**एक नजर**

### लोक कलाकार की नृत्य प्रस्तुति के दौरान करंट लगने से मौत

जयपुर। राजस्थान के सीकर जिले के सदर थाना क्षेत्र में बीती रात एक लोक कलाकार रविन्द्रनाथ (24) की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नृत्य के समय लोक कलाकार के सिर पर रखा पाइप ऊपर से गुजर रहे 11 किलोवाट के बिजली के तार के संपर्क में आ गया जिससे करंट लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई।

### दिल्ली में चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर इलाके में ट्यूशन शिक्षक के भाई द्वारा कथित तौर पर चार साल की एक बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया और लोगों ने कुछ वाहनों में तोड़फोड़ की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि माहौल को खराब करने के लिए सोशल मीडिया मंच 'व्हाट्सऐप' के माध्यम से मामले के बारे में भड़काऊ संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने का आग्रह किया है।

## जगदलपुर में पुलिस से मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ में आज एक नक्सली मारा गया। नक्सली के शव के साथ हथियार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि मारे गए नक्सली की पहचान आवलम सन्नू गंगालूर एरिया कमेटी का कमांडर के रूप मे हुई है। उन्होंने बताया कि जगरगुंडा गोंड़पल्ली इलाके में आज नक्सली मुठभेड़ बस्तर फाइटर, कोबरा एसटीएफ, और डीआरजी के जवानों के साथ हुई। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल से नक्सली का शव और भारी मात्रा में विस्फोटक, नक्सली सामग्री बरामद की गई है।

## लद्दाख को राज्य का दर्जे देने की मांग को लेकर भूख हड़ताल

करगिल, एजेंसी

- केडीए ने करगिल में रखी चार-सूत्रीय मांग

लद्दाख को राज्य का दर्जा देने एवं संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने सहित अपनी चार-सूत्रीय मांगों के समर्थन में करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) की तीन-दिवसीय भूख हड़ताल रविवार को यहां शुरू हुई, जिसमें केंद्र सरकार के खिलाफ सांकेतिक विरोध प्रदर्शन में विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। इससे इतर, लेह में जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में भूख हड़ताल 19वें दिन में प्रवेश कर गई।

उन्होंने लेह एपेक्स बॉडी (एलएएच) और सरकार के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत में गतिरोध के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के 'विश्वासघात' पर नाराजगी व्यक्त की। केडीए और एलएएच, दोनों जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के अलग-अलग समूह, संयुक्त रूप से अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं।

## दिल्ली पुलिस ने चार लोगों को पकड़ा तीन करोड़ रुपये नकद बरामद किए

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने दक्षिण पश्चिम दिल्ली में झरेरा फ्लाईओवर से चार लोगों को हिरासत में लिया और उनके पास से करीब तीन करोड़ रुपये की नकदी बरामद की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ''हमें एक खुफिया सूचना मिली कि चार पुरुष दो मोटरसाइकिल पर बड़ी मात्रा में नकदी ले जा रहे हैं। सुब्रतो पार्क पुलिस चौकी के एक दल ने इलाके में अवरोधक लगाए और वाहनों की तलाशी लेनी शुरू कर दी।'' उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोगों को रोका जो दो बड़े काले झंडे लेकर जा रहे थे। दल ने दो बैग से करीब तीन करोड़ रुपये बरामद किए।

## जद(यू) ने बिहार के लिए 16 उम्मीदवारों की सूची जारी की

पटना, एजेंसी

- सूची में दो मौजूदा सांसदों का टिकट कट गया

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाली जद (यू) (जनता दल-यूनाइटेड) ने गठबंधन के तहत अपने खाते में आईं राज्य की सभी 16 लोकसभा सीट के लिए रविवार को उम्मीदवारों की घोषणा की, जिसमें पार्टी के समर्थक कहे जाने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता दी गई है।

जद(यू) कार्यालय में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह और संजय कुमार झा की उपस्थिति में सार्वजनिक की गई सूची के अनुसार, पार्टी के 12 मौजूदा सांसदों को इस बार भी टिकट दिया गया है। हालांकि सीतामढ़ी से मौजूदा सांसद सुनील कुमार पिंटू का टिकट काटकर विधान परिषद के अध्यक्ष देवेश चंद्र ठाकुर को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि सीवान सीट पर वर्तमान सांसद कविता सिंह के स्थान पर विजय लक्ष्मी देवी को टिकट दिया गया है, जो एक दिन पहले अपने पति रमेश सिंह ठाकुर के साथ जद(यू) में शामिल हुई थीं। झा ने कहा-सभी उम्मीदवारों पर फैसला मुख्यमंत्री ने किया है। हमने अधिकांश मौजूदा सांसदों पर भरोसा जताया है, लेकिन कुछ बदलाव हुए हैं, इस सप्ताह की शुरुआत में घोषित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के फॉर्मूले के अनुसार, जद (यू) को राज्य की 40 में से 16 सीटें दी गई हैं, जबकि पिछले चुनाव में उसे 17 सीट दी गई थीं, जिनमें से 16 पर उसने जीत हासिल की थी।

### नाले में गिरने से एक मजदूर की मौत, चार लोग घायल

मुंबई। मुंबई के सेवरी इलाके में रविवार को मरम्मत के दौरान खुले नाले में गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई और उसके चार सहयोगी घायल हो गए। एक नागरिक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह सेवरी गाडी बंदर इलाके के पास हुई। मुंबई अग्निशमन दल के अधिकारी के अनुसार, उस समय बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के 'स्टॉर्म वॉटर' विभाग के निर्देशन में एक "बॉक्स ड्रेन" की मरम्मत की जा रही थी। उन्होंने बताया कि ठेकेदार 'एम/एस एक्यूट डिजाइन' द्वारा काम पर लगाए गए पांच मजदूर नाले में गिर गए। स्थानीय लोगों ने सभी को नाले से निकाला और उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उनमें से एक महबूब इस्माइल (19) को मृत घोषित कर दिया गया।

## जवानों की होली, सीमा पर खूब उड़ा अबीर-गुलाल

लेह, एजेंसी

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लेह में जवानों के साथ खेली होली
- लद्दाख को बताया भारत के साहस और वीरता की राजधानी



लेह में सैनिकों के साथ होली खेलते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह। ● एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लेह में सेना के जवानों के साथ होली मनायी और खराब मौसमी परिस्थितियों से जूझते हुए दुश्मनों से देश की रक्षा करने के लिए उनकी प्रशंसा की। सिंह पहले होली दुनिया की सबसे ऊंची रणभूमि सियाचिन में मनाने वाले थे लेकिन खराब मौसम के कारण उनका दौरा रद कर दिया गया।

रक्षा मंत्री सिंह के साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और जनरल ऑफिसर कमांडिंग (फायर एंड फ्यूरी कोर) लेफ्टिनेंट जनरल रशीम बाली थे। रक्षा मंत्री सिंह ने सैनिकों के माथे पर 'गुलाल' से तिलक किया। उन्होंने यहां युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और ड्यूटी के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

रंगोत्सव मनाने के बाद सैनिकों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि लद्दाख साहस और बहादुरी की राष्ट्रीय राजधानी है। कहा कि जैसे कि दिल्ली हमारी राष्ट्रीय राजधानी है, मुंबई आर्थिक राजधानी है और बेंगलुरु प्रौद्योगिकी राजधानी है, उसी तरह लद्दाख भारत की साहस और बहादुरी की राजधानी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब हर कोई खराब मौसम के कारण अपने घरों में छिपना चाहता है तो आप अटूट इच्छाशक्ति के साथ दुश्मनों से देश की रक्षा करने के लिए डटे रहते हैं।

उन्होंने कहा कि देश सैनिकों के समर्पण व सेवा के लिए हमेशा उनका ऋणी रहेगा। मंत्री ने कहा कि ऊंचाई वाले स्थानों पर तैनात सैनिकों की प्रतिबद्धता शून्य से नीचे के तापमान से भी अधिक मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि आप उत्कृष्ट काम कर रहे हैं।

# कारोबार/कृषि

**एक नजर**

### विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर 642.5 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में जबरदस्त बढोतरी होने से 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर लगातार चौथे सप्ताह चढ़ता हुआ 642.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया! इसी तरह इसके पिछले सपताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.03 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 568.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### राजस्थान में चना और सरसों की समर्थन मूल्य पर की जाएगी खरीद

अजमेर। राजस्थान में चना और सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीद की जायेगी। अजमेर जिले में किसानों का पंजीयन रविवार से शुरू कर दिया गया। सहकारिता विभाग के सहायक रजिस्ट्रार निरुपम पांडे एवं राजेंद्र दायमा ने बताया कि सरसों 5650 रुपये प्रति क्विंटल तथा चना 5440 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदे जाएंगे। यह खरीद प्रारंभ करने की प्रस्तावित दिनांक एक अप्रैल 2024 है। समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के लिए अजमेर एवं केकड़ी जिले में भी किसानों के पंजीयन करना शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि एक जनाधार से एक ही पंजीयन होगा। एक पंजीयन से अधिकतम 25 क्विंटल जिंस की खरीद की जाएगी।

### मारुति, हुंदै, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स आगामी वर्षों के लिए कर रहीं हैं तैयारी

## कई बड़ी कंपनियां उतारेंगी नए इलेक्ट्रिक वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी


सरकार द्वारा नई नीति के अनावरण के जरिए पर्यावरण अनुकूल परिवहन को प्रोत्साहन देने की वजह से आज भारतीय वाहन उद्योग तेजी से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल उतारने की तैयारी कर रहा है। वाहन क्षेत्र की मारुति सुजुकी, हुंदै, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स जैसी बड़ी कंपनियां विभिन्न खंडों की मांग को पूरा करने के लिए नए बिजलीचालित मॉडल लाने की तैयारी में हैं।

महिंद्रा एंड महिंद्रा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वाहन क्षेत्र नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा कि कंपनी आने वाले वर्षों में पांच नए बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी। इसकी शुरुआत जनवरी, 2025 से होगी। उन्होंने कहा-ये इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) महिंद्रा के नवोन्मेषी आईएनजीएलओ मंच पर बनाए जाएंगे। हमारा लक्ष्य 2027 तक हमारे पोर्टफोलियो का 20 से 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों का होगा।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा कि हम बिजलीचालित वाहन क्षेत्र में 'गंभीर' निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा-हम वित्त वर्ष 2024-25 में 550 किमी रेंज के साथ ईवी के रूप में नए सिरे से डिज़ाइन हाई-स्पेक बिजलीचालित वाहन का उत्पादन शुरू करेंगे। अगले सात-आठ साल में हमारे छह इलेक्ट्रिक वाहन होंगे।

हुंदै मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने कहा कि हम देश में पहले मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) में से है जिसने पूर्ण लंबी रेंज वाली एसयूवी 'कोना' 2019 में उतारी थी। पिछले साल कंपनी ने अपनी प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी आईओएनआईक्यू 5 पेश की थी। गर्ग ने कहा कि कई उद्योग अनुमानों के अनुसार, ईवी का 2030 तक भारत के वाहन बाजार में हिस्सा लगभग 20 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा।

### घरेलू बाजार में बड़े पैमाने पर चीनी कंपनियों का प्रवेश संभव



देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के विनिर्माण को बढ़ावा देने पर भारत सरकार के जोर से घरेलू बाजार में बड़े पैमाने पर चीनी वाहन कंपनियों का प्रवेश हो सकता है। शोध संस्थान जीटीआरआई की एक रिपोर्ट में रविवार को यह बात कही गई। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि चीन में पर्याप्त सरकारी समर्थन से वहां इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी में तेजी से विकास हुआ है, जिससे वह ईवी और संबंधित कलपुर्जों का अग्रणी निर्यातक बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को ई-वाहन विनिर्माण का केंद्र बनाने के लिए नए सिरे से नीतिगत प्रोत्साहन देने और निजी क्षेत्र के आगे आने से चीन के वाहन कलपुर्जा आयात पर निर्भरता तेजी से बढ़ेगी।

### बैंक कर सकते 15,000 करोड़ से अधिक का लाभांश भुगतान

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) लाभप्रदता में सुधार के बीच चालू वित्त वर्ष में 15,000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभांश भुगतान कर सकते हैं। चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में सभी 12 पीएसबी ने कुल 98,000 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के मुकाबले सिर्फ 7,000 करोड़ रुपये कम है।

पीएसबी ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1.05 लाख करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक कुल शुद्ध लाभ दर्ज किया था। वित्त वर्ष 2021-22 में यह आंकड़ा 66,539.98 करोड़ रुपये था। बीते वित्त वर्ष में सरकार को 13,804 करोड़ रुपये का लाभांश मिला, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8,718 करोड़ रुपये से 58 प्रतिशत अधिक था।

## आईआईएफएल फाइनेंस, जेएमएफपीएल का विशेष ऑडिट करेगा आरबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- रिजर्व बैंक ने ऑडिटर की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की



आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जेएमएफपीएल) को नियामकीय उल्लंघन के मामले में एक विशेष ऑडिट का सामना करना पड़ेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ऑडिटर की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। रिजर्व बैंक ने इन दोनों गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के विशेष ऑडिट के लिए ऑडिटर की नियुक्ति के लिए दो अलग-अलग निविदाएं जारी की हैं। फॉरेंसिक ऑडिट के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा सूचीबद्ध ऑडिट फर्म निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकती हैं। निविदा दस्तावेज के अनुसार बोली जमा करने की अंतिम तिथि आठ अप्रैल है। बोली दस्तावेजों के अनुसार, चयनित कंपनियों को 12 अप्रैल, 2024 को काम सौंपा जाएगा। इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय बैंक ने नियामकीय दिशानिर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर इन दोनों इकाइयों पर अंकुश लगाया था। केंद्रीय बैंक ने आईआईएफएल फाइनेंस को उसके स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में कुछ पर्यवेक्षी चिंताओं के बाद स्वर्ण ऋण स्वीकृत करने या वितरित करने से रोक दिया था। रिजर्व बैंक ने कहा था कि 31 मार्च, 2023 तक आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में कंपनी का निरीक्षण किया गया था।

### डीपीआई, कर संहिता से भारत आकर्षक निवेश गंतव्य बना

नई दिल्ली। दिवाला कानून और कराधान संहिता जैसे नीतिगत बदलावों तथा डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई) की वजह से भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए आकर्षक निवेश गंतव्य बन गया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वित्तीय और मौद्रिक प्रणाली केंद्र के प्रमुख मैथ्यू ब्लेक ने साक्षात्कार में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाजारों में एक है और निवेशकों ने यहां पैसा बनाया है। ब्लेक ने यह भी जोड़ा कि बाजार हमेशा एक दिशा में नहीं चलते हैं, और यहां उतार-चढ़ाव की संभावना रहती है।

## डीपफेक के लिए दंडात्मक प्रावधान लोगों को कर सकते हैं हतोत्साहित

नई दिल्ली, एजेंसी

डीपफेक और गलत सूचना को रोकने के लिए दंडात्मक प्रावधान लोगों को हतोत्साहित कर सकते हैं। वैश्विक शोध संस्थान कट्स इंटरनेशनल ने कहा कि एआई-जनित सामग्री के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप की मदद लेनी चाहिए।

कट्स इंटरनेशनल के अनुसंधान निदेशक अमोल कुलकर्णी ने बताया कि इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को सामग्री की सच्चाई का पता लगाने के लिए पर्याप्त अवसर की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस तरह चुनावी मौसम में भरोसेमंद तथ्य जांचकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। कुलकर्णी ने कहा कि हालांकि पारदर्शिता अच्छी है, लेकिन उपयोगकर्ताओं पर सूचना की बौछार उनके अनुभव की गुणवत्ता को कम कर सकती है। उन्होंने कहा कि डीपफेक और गलत सूचना की समस्या से निपटने में सही तकनीकी और जवाबदेही वाले समाधानों से मदद मिल सकती है। सरकार ने एक मार्च को सोशल मीडिया और अन्य मंचों पर परीक्षण के अधीन चल रहे एआई मॉडल के बारे में बताने और गैरकानूनी सामग्री को रोकने के लिए एक परामर्श जारी किया था।

### ईपीएफओ ने जनवरी में 16.02 लाख नए सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने जनवरी 2024 में शुद्ध रूप से 16.02 लाख नए सदस्य जोड़े। रविवार को जारी पेरोल के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में रविवार को कहा कि जनवरी 2024 में पहली बार लगभग 8.08 लाख सदस्यों का नामांकन किया गया। मंत्रालय ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अनंतिम पेरोल आंकड़ों के मुताबिक ईपीएफओ ने जनवरी 2024 में शुद्ध आधार पर 16.02 लाख सदस्यों को जोड़ा है।

## एफपीआई ने अब तक 38,000 करोड़ रुपये डाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- मजबूत वृहद आर्थिक परिदृश्य के बीच कर रहे शेयर में निवेश



विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 38,000 करोड़ रुपये से अधिक डाले हैं। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सुधार और घरेलू मोर्चे पर मजबूत वृहद आर्थिक परिदृश्य के बीच एफपीआई भारतीय शेयर बाजारों में निवेश कर कर रहे हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में एफपीआई ने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। कुल मिलाकर इस साल अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार में 13,893 करोड़ रुपये डाल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने ऋण या बॉन्ड बाजार में 55,480 करोड़ रुपये का निवेश किया है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा-एफपीआई मार्च में उल्लेखनीय खरीदारी कर रहे हैं। वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर सुधार और भारत के सकारात्मक वृहद आर्थिक परिदृश्य की वजह से एफपीआई भारत जैसे ऊंची वृद्धि वाले बाजारों का रुख कर रहे हैं। इसके अलावा बाजार में हालिया 'करेक्शन' से भी उन्हें निवेश का अवसर मिला है। हालांकि, पिछले सप्ताह एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने 31.4 करोड़ डॉलर के शेयर बेचे। इसकी वजह यह है कि उन्होंने सतर्कता का रुख अपनाया। शेयरों के अलावा एफपीआई ने इस महीने में 22 मार्च तक ऋण या बॉन्ड बाजार में 13,223 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# काम नहीं आई राहुल और पूरन की पारी, राजस्थान ने दी मात


## 20 रनों से हारी लखनऊ सुपर जायंट्स, संजू सैमसन ने बनाए ताबड़तोड़ 82 रन

**जयपुर, एजेंसी**

कप्तान संजू सैमसन की नाबाद 82 रनों की अर्धशतकीय और रियान पराग के 43 रनों की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रविवार को खेले गये चौथे मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 20 रन से हरा दिया है।

194 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 11 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट क्विंटन डिकॉक चार रन, देवदत्त पड़िक्कल शून्य और आयुष बदोनी एक रन के विकेट गंवा दिये। हालांकि सलामी बल्लेबाज कप्तान के एल राहुल एक छोर थामे रहे। उन्होंने 44 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। दीपक हुड्डा 13 गेंदों में 26 रन और मार्कस स्टॉयनिस तीन रन बनाकर आउट हुये। निकोलस पूरन आखिर तक टीके रहे उन्होंने 41 गेंदों में चार चौके और चार छक्के की मदद से नाबाद 64 रनों की पारी खेली। क्रुणाल पंड्या तीन रन पर नाबाद रहे। लखनऊ की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन ही बना सकी और मुकाबला 20 रन से हार गई। आरआर की ओर से ट्रेंट बोल्ट को दो विकेट मिले। नांद्रे बर्गर, रवि अश्विन, युजवेंद्र चहल और संदीप शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए 194 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसंन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज जॉस बटलर 11 रन का विकेट खो दिया। उसके बाद यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन ने संभलकर खेलते हुए अभी दूसरे विकेट के लिये 36 रन ही जोड़े थे कि मोहसिन खान ने उन्हें 24 रन पर क्रुणाल पंड्या के हाथों कैच आउट करा दिया। 15वें ओवर में नवीन उल हक ने डी जे हुड्डा के हाथों रियान पराग को कैच आउट कराकर उनकी संजू सैमसन के साथ चल रही साझेदारी को तोड़ा। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिये 93 रन जोड़े। रियान पराग ने 29 गेंदों में एक चौके और तीन छक्कों की मदद से 43 रन बनाये। अगले ही ओवर में बिश्नोई ने शिमरॉन हेटमायर पांच रन पर निपटा दिया।

संजू सैमसन ने 52 गेंदों में तीन चौके और छह छक्कों की मदद से नाबाद 82 रनों की पारी खेली। वहीं ध्रुव जुरेल 20 रन पर नाबाद रहे। आरआर ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 193 रन का स्कोर खड़ा किया। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से नवीन उल हक को दो विकेट मिले। मोहसिन खान और रवि बिश्नोई ने एक-एक विकेट लिया।



संजू सैमसन

- राजस्थान की ओर से रियान पराग दूसरे हाईस्कोरर रहे
- लखनऊ के केएल राहुल ने 58 व निकोलस पूरन ने 64 रन बनाए

**राजस्थान 193/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का क्रुणाल बोल्ड मोहिसिन | 24 | 12 | 3/1 |
| बटलर का राहुल बोल्ड नवीन उल हक | 11 | 09 | 2/0 |
| संजू सैमसन नाबाद | 82 | 52 | 3/6 |
| पराग का सब.(डी जे हुड्डा) बोल्ड नवीन | 43 | 29 | 3/1 |
| हेटमायर का राहुल बोल्ड बिश्नोई | 05 | 07 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 20 | 12 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** मोहसिन खान 4-0-45-1, नवीन उल हक 4-0-41-2, क्रुणाल पंड्या 4-0-19-0, रवि बिश्नोई 4-0-38-1, यस ठाकुर 3-0-43-0, आयुष बदोनी 1-0-6-0

**लखनऊ 173/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटोन डिकॉक का बर्गर बो बोल्ट | 04 | 05 | 1/0 |
| केएल राहुल का जुरेल बो संदीप | 58 | 44 | 4/2 |
| देवदत्त पड्डिकल बो बोल्ट | 00 | 03 | 0/0 |
| आयुष बडोनी का बटलर बो बर्गर | 01 | 05 | 0/0 |
| दीपक हुड्डा का जुरेल बो चहल | 26 | 13 | 2/2 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 64 | 41 | 4/4 |
| मार्कस स्टोइनिस का जुरेल बो अश्विन | 03 | 04 | 0/0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 03 | 05 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-35-2, बर्गर 3-0-30-1, अश्विन 4-0-35-1, आवेश 3-0-21-0, चहल 3-0-25-1, शर्मा 3-0-22-1



# गेंदबाजों के दम पर छह रनों से जीता गुजरात

**अहमदाबाद, एजेंसी**

साई सुदर्शन 45 रन और कप्तान शुभमन गिल की 31 रनों की पारियों और उसके बाद आखिरी ओवरों में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पांचवें मुकाबले में रविवार को मुंबई इंडियंस छह रन से हरा दिया है। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज इशान किशन का विकेट खो दिया। वह अपना खाता भी नहीं खोल सके। उन्हें उमरजई ने साहा के हाथों कैच आउट कराया।

इसके बाद तीसरे ही ओवर में उमरजई ने नमन धीर 10 गेंदों में 20 को पगबाधा आउट कर मुंबई को दूसरा झटका दिया। तीसरा विकेट कप्तान रोहित शर्मा के रूप में गिरा उन्हें 13वें ओवर में साईकिशोर ने पगबाधा आउट किया। रोहित ने 29 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रनों की पारी खेली। एक समय जब रोहित और डेवाल्ड बल्लेबाजी कर रहे थे तो ऐसा लग रहा था कि मुंबई आसानी से मुकाबला जीत लेगा। लेकिन रोहित और डेवाल्ड के आउट होने के बाद मुम्बई की पारी बिखर गई और कोई भी बल्लेबाज आखिरी ओवरों में टिक कर बल्लेबाजी नहीं कर सका। डेवाल्ड ब्रेविस ने 38 गेंदों में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 46 रन बनाये। तिलक वर्मा 19 गेंदों में 25 रन, टिम डेविड 11 रन, कप्तान हार्दिक पांड्या 11 रन, गेराल्ड कोएत्जी एक रन बनाकर आउट हुये। मुंबई की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 162 रन ही बना सकी और मुकाबला छह रन से हार गई। गुजरात टाइटंस की ओर से अजमतउल्लाह उमरजई, उमेश यादव, स्पेंसर जॉनसन और मोहित शर्मा ने दो-दो विकेट लिये।



साई सुदर्शन

**गुजरात 168/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 12

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋद्धिमान साहा बो बुमराह | 19 | 15 | 4/0 |
| शुभमन का रोहित बो चावला | 31 | 22 | 3/1 |
| सुदर्शन का तिलक बो बुमराह | 45 | 39 | 3/1 |
| उमरजई का तिलक बो कोएत्जी | 17 | 11 | 1/1 |
| मिलर का हार्दिक बो बुमराह | 12 | 11 | 1/0 |
| विजय शंकर नाबाद | 06 | 05 | 0/0 |
| तेवतिया का नमन बो कोएत्जी | 22 | 15 | 2/1 |
| राशिद खान नाबाद | 04 | 03 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** हार्दिक पांड्या 3-0-30-0, ल्यूक वुड 2-0-25-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-14-3, शम्स मुलानी 3-0-24-0, पीयूष चावला 3-0-31-1, नमन धीर 1-0-13-0, गेराल्ड कोएत्जी 4-0-27-2

**मुंबई 162/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान किशन का साहा बो उमरजई | 00 | 04 | 0/0 |
| रोहित शर्मा पगबाधा बो साइ किशोर | 43 | 29 | 7/1 |
| नमन धीर पगबाधा बो उमरजई | 20 | 10 | 3/1 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का और बो शर्मा | 46 | 38 | 2/3 |
| तिलक वर्मा का मनोहर बो जॉनसन | 25 | 19 | 1/1 |
| टिम डेविड का मिलर बो शर्मा | 11 | 10 | 1/0 |
| हार्दिक पंड्या का तेवतिया बो यादव | 11 | 04 | 1/1 |
| गेराल्ड कोएत्जी का और बो जॉनसन | 01 | 03 | 0/0 |
| शम्स मुलानी नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |
| पीयूष चावला का राशिद बो यादव | 00 | 01 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** उमरजई 3-0-27-2, उमेश 3-0-31-2, राशिद 4-0-23-0, साइ किशोर 4-0-24-1, जॉनसन 2-0-25-2, मोहित 4-0-32-2

## खेल डायरी

### श्रीकांत सेमीफाइनल में हारे, भारतीय अभियान खत्म

**बेसिल।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को स्विस ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। शनिवार को भारतीय शटलर श्रीकांत को ताइवान के लिन चुन-यी से 21-15, 9-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज क्वार्टरफाइनल में जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को भी क्वार्टरफाइनल में हार कर बाहर हो गई थी।

### मोहम्मद आमिर ने संन्यास का फैसला बदला

**कराची।** पाकिस्तान के बायें हाथ के विवादित तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदल लिया है और वह जून में होने वाले टी20 विश्व कप में चयन के लिये उपलब्ध होंगे। आमिर को स्पॉट फिक्सिंग के आरोपों में 2010 से 2015 के बीच प्रतिबंध झेलना पड़ा था और वह कुछ समय के लिये जेल भी गया था। उसने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। वह दुनिया भर में टी20 लीग खेल रहा है और अब मोहसिन नकवी की अध्यक्षता वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उसे वापसी के लिये मना लिया है ।

### लिखित माफीनामे के बाद रऊफ का अनुबंध बहाल

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने तेज गेंदबाज हारिस रऊफ द्वारा लिखित में अपनी गलती स्वीकार करने के बाद उनका केंद्रीय अनुबंध बहाल कर दिया। पीसीबी ने फरवरी की शुरुआत में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की शुरुआत से पहले पाकिस्तान के न्यूजीलैंड दौरे के बाद रऊफ का केंद्रीय अनुबंध समाप्त कर दिया था। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन ने कहा, ''उनका लिखित जवाब मिलने के बाद बोर्ड ने उनका केंद्रीय अनुबंध बहाल करने का फैसला किया है।''

# पंजाब के खिलाफ गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन पर लगी हैं आरसीबी की निगाहें

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 चरण में सिर्फ एक ही मैच खेला है लेकिन इसने उनकी गेंदबाजी की कमजोरी को उजागर कर दिया है जिससे सोमवार को यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच में उन्हें गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की जरूरत होगी।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ इस चरण के शुरूआती मैच में तेज गेंदबाज आंख बंद करके शॉर्ट पिच गेंद फेंकने की रणनीति पर डटे रहे जबकि चेपॉक की पिच पर स्पिनरों के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। आरसीबी के तीन स्पिनरों मयंक डागर, कर्ण शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल ने मिलकर पांच ओवर फेंके और वे बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके। इन तीनों ने मिलकर 37 रन देकर महज एक विकेट झटका। वहीं अगर सीएसके के दो स्पिनरों रविंद्र जडेजा और महेश तीक्ष्णा की बात की जाये तो उन्होंने मिलकर आठ ओवर फेंके तथा 57 रन देकर चार विकेट झटके जबकि इस दौरान बल्लेबाजी करना बहुत आसान था। इसलिये आरसीबी के स्पिनरों को यहां छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड पर मुश्किल परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। इस स्टेडियम में ज्यादातर मौकों पर टीम ने एक पारी में 200 से अधिक रन जुटाये हैं और ऐसा 27 दफा हो चुका है तथा इस पिच पर आईपीएल में पहली पारी का औसत स्कोर 172 रहा है। इससे पंजाब किंग्स के खिलाफ आरसीबी के तेज गेंदबाजों को भी जिम्मेदारी से खेलना होगा। मोहम्मद सिराज, अल्जारी जोसफ और यश दयाल ने सीएसके के खिलाफ एक ओवर में दो बाउंसर डालने के अपने कोटे का पूरा इस्तेमाल किया लेकिन इस दौरान वे अपनी लाइन एवं लेंथ पर लगाम खो बैठे। यह उनके रन देने की गति से भी साफ दिखा। चौथे तेज गेंदबाज कैमरून ग्रीन ने कटर गेंदों का इस्तेमाल किया जिससे उन्हें दो विकेट मिले।




## चैम्पियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में ही होगी: पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को पूरी उम्मीद है कि वह अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने में कामयाब होगा क्योंकि आईसीसी का एक दल इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए चल रही तैयारियों का मुआयना करने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंचने वाला है। आईसीसी दल में एक सुरक्षा विशेषज्ञ भी शामिल होगा जो सभी प्रस्तावित स्थलों विशेषकर कराची, लाहौर और रावलपिंडी का दौरा करेगा। पाकिस्तान ने 1996 में भारत के साथ विश्व कप की सह मेजबानी की थी और इसके बाद उसे पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने का काम सौंपा गया है। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने रविवार को कहा, ''दल को तैयारियों के बारे में जानकारी दी जायेगी।''

# रोहित शर्मा को उम्मीद नये चेहरे छाप छोड़ेंगे

**मुंबई, एजेंसी**


मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद है कि इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी चरण के लिए उनकी टीम में शामिल किए गए नए खिलाड़ी शुरू से ही छाप छोड़ने में कामयाब होंगे क्योंकि फ्रेंचाइजी का लक्ष्य नये कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुआई में रिकॉर्ड छठा खिताब हासिल करना है।

पांच बार की आईपीएल चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने इस बार दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी, अंडर-19 विश्व कप के अनकैप्ड स्टार क्वेना मफाका, इंग्लैंड के ल्यूक वुड, श्रीलंका के नुवान तुषारा, वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को शामिल किया है। भारतीयों में श्रेयस गोपाल को भी शामिल किया गया है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका के बाहर होने के बाद मफाका पिछले हफ्ते मुंबई शिविर में शामिल हुए जबकि वुड को आस्ट्रेलिया के चोटिल गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ की जगह शामिल किया गया। रोहित ने मुंबई इंडियंस द्वारा पोस्ट किये गये वीडियो में कहा, ''हमने बहुत सारे खिलाड़ी नीलामी में खरीदे। उम्मीद है कि वे शुरू से ही अपनी छाप छोड़ सकते हैं।''



## बॉलीवुड हलचल

# सीरियल किसर की इमेज ने इमरान को नुकसान पहुंचाया



**मुंबई, एजेंसी।** सीरियल किसर के नाम से बॉलीवुड में जाने पहचाने जाने वाले अभिनेता इमरान हाशमी का 45वां बर्थडे है। इमरान 21 साल से फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। पिछले साल वो सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में दिखे थे। आने वाले दिनों में वो फिल्म ओ जी से साउथ सिनेमा में डेब्यू करने वाले हैं। इमरान के पिछले 10 साल के करियर पर नजर डालें, तो उनकी सिर्फ 13 फिल्में रिलीज हुई हैं। इनमें से सिर्फ एक फिल्म टाइगर 3 हिट रही और दूसरी फिल्म बादशाहो बॉक्स ऑफिस पर अपनी लागत निकालने में कामयाब रही। बाकी फिल्मों का हाल बेहद खराब रहा। इमरान हीरो नहीं बनना चाहते थे, लेकिन मुकेश भट्ट उन्हें फिल्मों में लाए। पहली ही फिल्म में उनकी एक्टिंग इतनी खराब थी कि चंद सीन्स की शूटिंग के बाद उन्हें निकाल दिया गया। वहीं, कम हाइट होने की वजह से बिपाशा बसु ने इमरान के साथ काम से इनकार कर दिया था। पिछले 10 साल में इमरान हाशमी की 13 फिल्में रिलीज हुई हैं। सिर्फ 2018 और 2022 में उनकी कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई है। इनमें से लगभग सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरीं। एक मात्र 2023 की फिल्म टाइगर 3 ही हिट रही। 300 करोड़ में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 466 .63 करोड़ की कमाई की थी। यह अब तक इमरान की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। दूसरी 2017 की फिल्म बादशाहो ने बॉक्स ऑफिस पर एवरेज कमाई की। 90 करोड़ में बनी फिल्म ने 125 .44 करोड़ की कमाई की थी।



# अब राजनीति में किस्मत आजमाएंगी नेहा शर्मा?

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 सात चरणों में होगा। इसकी तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। ऐसे में बिहार की भागलपुर सीट काफी चर्चा में बनी हुई है। यहां पर अभी तक आरजेडी और कांग्रेस के बीच सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है। इसी बीच चर्चा जोरों पर है कि बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा भागलपुर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं। आपको बता दें कि नेहा बॉलीवुड एक्ट्रेस होने के साथ-साथ बिहार के कांग्रेस नेता और विधायक अजीत शर्मा की बेटी हैं। ऐसे में उन्होंने बेटी के चुनाव लड़ने पर रिएक्शन दिया है। चलिए बताते हैं आखिर अजीत शर्मा ने क्या कहा। अजीत शर्मा ने एक्ट्रेस बेटी नेहा शर्मा के चुनाव मैदान उतरने को लेकर संकेत दिए थे। इसके बाद एक्ट्रेस के चुनाव लड़ने का बाजार गर्म हो गया था। लगातार कयास लग रहे थे कि वो कांग्रेस के टिकट पर भागलपुर से चुनावी मैदान में उतर सकती हैं। अजीत शर्मा ने कहा था कि अगर कांग्रेस पार्टी को भागलपुर सीट गठबंधन में मिलती है तो वो चाहेंगे कि उनकी बेटी नेहा शर्मा यहां से चुनावी मैदान में आएं। हालांकि, उन्होंने ये भी बताया कि पार्टी चाहती है कि अजीत ही यहां से चुनाव लड़ें तो वो ऐसा ही करेंगे। वो पहले से ही यहां के विधायक हैं।

# कृति बोलीं - 'हल्दी सेरेमनी में मुल्तानी मिट्टी का यूज किया'

**मुंबई, एजेंसी।** कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट ने बीते 15 मार्च को शादी की है। अब कपल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हल्दी सेरेमनी के फोटोज शेयर किए हैं। इस सेरेमनी से कपल ने एक नया ट्रेंड शुरू किया है। शेयर किए गए फोटोज में कृति और पुलकित एक दूसरे को हल्दी के बजाय मुल्तानी मिट्टी लगाते नजर आ रहे हैं। हल्दी सेरेमनी की इन फोटोज में कृति और पुलकित जमकर एंजॉय करते नजर आ रहे हैं। एक तरफ जहां मेहमान उन्हें हल्दी लगाते नजर आए वहीं दूसरी तरफ पुलकित डांस करते भी दिखे। एक फोटो में कृति पुलकित का कुर्ता फाड़ती भी नजर आ रही हैं। हल्दी सेरेमनी के लिए पुलकित ने येलो कलर का फ्लोरल प्रिंट कुर्ता चूज किया जिसे उन्होंने व्हाइट पायजामा से पेयर किया। वहीं, कृति ऑरेंज को-ऑर्ड सेट में नजर आईं। उन्होंने मांग टीका और इयररिंग्स से अपना लुक कम्पलीट किया। इन फोटोज को शेयर करते हुए कृति ने कैप्शन में लिखा, 'हमारी हल्दी थोड़ी अनकन्वेंशनल थी। हमने मुल्तानी मिट्टी के पैक में शगुन के लिए एक चुटकी हल्दी का यूज किया। यह पैक खास तौर पर पुलकित और मेरी स्किन को ध्यान में रखते हुए बनाया गया था, क्योंकि दूल्हा और दुल्हन को चमकना है ना। नोट : उस व्यक्ति की आभार जिसने मुझे पीछे से पकड़ लिया जब बाकी लोगों ने पुलकित को पूल में फेंक दिया। मैं आभारी हूं।'




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# बांग्लादेशी मुसलमानों को मूल निवासी का दर्जा चाहिए...तो सरकार की शर्तें माननी होंगी

गुवाहाटी, एजेंसी

- मुख्यमंत्री हिमंत बोले-बंगाली भाषी प्रवासियों को छोड़नी होंगी बहुविवाह की रीतियां



असम में मौजूद बांग्लादेश मूल के बंगाली भाषी प्रवासी मुसलमानों को मूल निवासी का दर्जा चाहिए तो उन्हें हिमंत सरकार की कुछ शर्तें माननी होंगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि अगर बंगाली भाषी प्रवासी मुसलमानों को भारतीय नागरिकता चाहिए तो उन्हें दो से अधिक बच्चे पैदा करना बंद करना पड़ेगा।

वहीं, एक से अधिक शादी पर रोक लगानी होगी क्योंकि ये असमिया लोगों की संस्कृति नहीं है। सीएम हिमंत सरमा ने पहले भी इन सामाजिक बुराइयों के लिए राज्य के बंगाली भाषी मुस्लिम समुदाय को जिम्मेदार ठहराया था, जिनमें से अधिकांश की जड़ें बांग्लादेश में हैं। सीएम ने आगे कहा, यदि बांग्लादेशी मुसलमान भारतीय बनना चाहते हैं तो वे अपनी नाबालिग बेटियों की शादी नहीं कर सकते हैं। हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार (23 मार्च) को कहा कि मिया (बंगाली भाषी मुस्लिम) स्वदेशी हैं या नहीं, यह एक अलग मामला है। हम जो कह रहे हैं वह यह है कि अगर वे 'स्वदेशी' बनने की कोशिश करते हैं, तो हमें कोई समस्या नहीं है। लेकिन इसके लिए उन्हें बाल विवाह छोड़ना होगा, बहुविवाह और महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि असमिया लोगों की एक संस्कृति है जिसमें लड़कियों की तुलना 'शक्ति' (देवी) से की जाती है और दो-तीन बार शादी करना असमिया संस्कृति नहीं है।

सीएम ने कहा, "मैं उनसे हमेशा कहता हूं, 'मिया' के स्वदेशी होने में कोई समस्या नहीं है, लेकिन वे दो-तीन पत्नियां नहीं रख सकते। यह असमिया संस्कृति नहीं है। कोई सत्रा (वैष्णव मठ) भूमि का अतिक्रमण कैसे कर सकता है और स्वदेशी रहना चाहता है? सीएम ने कहा, अगर बांग्ला भाषी मुसलमान असमिया रीति-रिवाजों का पालन कर सकते हैं, तो उन्हें भी 'स्वदेशी' माना जाएगा।

# एअर इंडिया, इंडिगो हर सप्ताह बेड़े में शामिल कर रहीं 1 विमान

*भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता एविएशन मार्केट है। बीते साल जापान को पीछे छोड़कर भारत तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक एविएशन मार्केट बन गया। हालांकि इंटरनेशनल एविएशन में इसकी रैंकिंग अब भी 18वीं हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले 5 वर्षों में भारत ब्रिटेन को पीछे छोड़कर दुनिया का ओवरऑल तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बन जाएगा। इसे देखते हुए भारत की बड़ी विमान कंपनियां हर हफ्ते एक विमान खरीद रही हैं। देश की एयरलाइंस ने करीब 12 अरब डॉलर (1 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा कीमत के 1,100 नए विमानों का ऑर्डर दिया है।*

### 10 वर्षों में दोगुनी हुई हवाई अड्डों की संख्या

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुताबिक घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक सालाना 30 करोड़ हो सकती है। 2023 में इनकी संख्या 15 .30 करोड़ थी। 10 वर्षों में देश में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी से ज्यादा हो गई है।

### इंडिगो का प्लान



देश की सबसे बड़ी एयरलाइन ने अगले साल हर हफ्ते बेड़े में एक से ज्यादा विमान शामिल करने का लक्ष्य रखा है। 29 फरवरी तक कंपनी ने 366 विमानों के माध्यम से फ्लाइट सर्विस दी। इसके अलावा 960 विमान ऑर्डर पर थे। इंडिगो ने 1 अप्रैल से शुरू हो रहे वित्त वर्ष में क्षमता और यात्री संख्या में 10-12% तक बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है। विस्तार योजना के तहत इंडिगो ने टर्किश एयरलाइंस के साथ पार्टनरशिप की है। यह यात्रियों को भारत से इस्तांबुल और यूरोप से बाहर ले जाने में मदद करेगा। भारत या विदेश में यात्रा करने के इच्छुक यात्रियों के लिए बड़ी संभावनाएं हैं।

**3** फीसदी आम आबादी ही नियमित हवाई यात्रा करती है

**15** करोड़ से ज्यादा सालाना घरेलू हवाई यात्री हैं देश में अभी

- भारत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक है। विमान निर्माता कंपनी बोइंग का अनुमान है कि देश में अगले दो दशकों में लगभग 2,210 नए विमानों की जरूरत होगी और साथ ही 2041 तक घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में लगभग 7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि होगी।



### एअर इंडिया की योजना

टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी ने एयरबस और बोइंग को 470 नए विमानों का विशाल ऑर्डर दे रखा है। बीते छह महीने से कंपनी हर 6 दिन में एक विमान की डिलीवरी ले रही है, यह सिलसिला 1 साल जारी रहेगा। सीईओ कैंपबेल विल्सन के मुताबिक, इस साल मार्च में एअर इंडिया ने करीब 39 नए विमानों की डिलीवरी ली।

## एक नजर

### मध्यप्रदेश में सड़क हादसा, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**मंडला।** मध्यप्रदेश के मंडला में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी और उनकी दो नाबालिग बेटियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना शाम छह बजे बम्हनी थाना क्षेत्र के अहमदपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-40 पर हुई है। पुलिस ने कहा, पीड़ित परिवार होली के त्योहार में शामिल होने के बाद वापस घर लौट रहा था। अंजनिया पुलिस चौकी प्रभारी लाखन सिंह राजपूत ने कहा, ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मरने वालों की पहचान लक्ष्मीकांत यादव (35), उनकी पत्नी ज्योति यादव (30) और बेटियों सलोनी यादव (6) और वैशाली यादव (13) के रूप में हुई है।

### राजस्थान में दो दिन से धधक रही पहाड़ियां, लगी भीषण आग



**कुंभलगढ़।** गर्मी की दस्तक शुरू होते ही क्षेत्र की कई पहाड़ियों में आग धधकने लगी है। हालांकि कुंभलगढ़ रेंज में इसका असर कम है। लेकिन मारवाड़ के सादड़ी रेंज में कई जगह आग धधक रही है। इस दौरान वन्यजीवों के लिए खतरा पैदा हो गया है। जंगल में सूखे पेड़ होने की वजह से आग बढ़ गई। वहीं, वनकर्मी सहित श्रमिकों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। वहीं रविवार को वापस आग लग गई।

### ब्रेक फेल होने से खाई में गिरी बस 2 लोगों की मौत और 20 घायल

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। राज्य परिवहन की एक बस खाई में गिर गई और एक पेड़ से टकरा गई, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। अमरावती के पुलिस अधीक्षक विशाल आनंद ने कहा कि यह दुर्घटना मेलघाट इलाके में दोपहर के आसपास हुई। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस में लगभग 36 लोग सवार थे जो पराथवाड़ा से अमरावती के धरनी जा रहे थे। उन्होंने बताया कि ब्रेक फेल होने के कारण बस जवाहर कुंड इलाके में खाई में गिर गई और एक पेड़ से टकरा गई।

### गाजा में युद्धविराम की अपील, दौरे पर पहुंचे यूएन महासचिव गुटेरेस

**राफा।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को कहा गाजा में दुनिया ने यहां युद्ध की भयावहता देखी है। उन्होंने संघर्षविराम की अपील की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गाजा के दौरे पर पहुंचे गुटेरेस ने कहा- वैश्विक नेताओं की अपील के बावजूद जमीनी संघर्ष जारी है। बता दें, गाजा के अधिकांश लोगों ने राफा क्रॉसिंग पर शरण ली है। गुटेरेस ने कहा, गाजा में बच्चे, महिलाएं, पुरुष भूखमरी का सामना कर रहे हैं।

# अफगान तालिबान ने तबाह कीं 12 पाकिस्तानी चौकियां, तनाव बढ़ा

## पाक एयर स्ट्राइक के बाद हमले की तैयारी में तालिबान-टीटीपी के 30 हजार लड़ाके

काबुल, एजेंसी

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। पांच दिन पहले पाक एयर स्ट्राइक से गुस्साए अफगान तालिबान ने पाकिस्तान की 12 फौजी चौकियों को तबाह कर दिया। अफगान तालिबान और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 30 हजार से ज्यादा लड़ाकों ने कमांडर हाफिज गुल बहादुर के नेतृत्व में पाकिस्तान की सैन्य छावनी मीर अली कूच का ऐलान किया है। हमले की तैयारी में कई अफगान सैनिक भी शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब तक हजारों लड़ाके पाक सीमा पर एकत्रित हो गए हैं। 26 मार्च के बाद पाक के खिलाफ अभियान के लिए कई और लड़ाके पहुंच सकते हैं। पाकिस्तान ने पिछले सप्ताह वजीरिस्तान में हाफिज गुल बहादुर के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इनमें 18 आतंकवादी मारे गए। हाफिज गुल 2006 से 2009 के बीच पाक सेना के समर्थन वाला कमांडर था। लेकिन बाद में गुल ने पाक सुरक्षा बलों पर ही हमले शुरू कर दिए थे। जून 2009 से पाक सेना ने उसके खिलाफ अभियान शुरू किया था। जानकार कहते हैं कि पाक जानता है कि अफगानिस्तान में कूटनीतिक पकड़ बनाए रखने की उसकी नीति विफल रही है।

अफगानिस्तान को लेकर पाकिस्तान अब नीति बदल रहा है। पाक अफगान आतंकियों से लड़ने के साथ काबुल से वार्ता चैनल भी सक्रिय कर रहा है। रिपोर्ट हैं कि अफगान तालिबान ईरान से निगरानी व लड़ाकू कामिकेज ड्रोन खरीदने पर जोर दे रहे हैं। ये ड्रोन पेलोड के साथ हमले करते हैं। जानकारों का कहना है कि अगर यह डील होती है तो यह पाकिस्तान लिए बहुत बड़ी चिंता की बात हो सकती है।

### पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच तनाव के दो बड़े कारण



1. **टीटीपी : पाक का आरोप है कि आतंकी संगठन :** टीटीपी को अफगानिस्तान की तालिबान सरकार का संरक्षण है। 2023 में टीटीपी ने पाकिस्तान में 789 आतंकी हमले किए थे।
2. **डूरंड लाइन :** पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच 2640 किमी इस सीमा को अफगानिस्तान काल्पनिक रेखा करार देता है। जबकि पाक का कहना है कि यहां से अफगान

### तनाव के बीच आज व्यापारिक वार्ता करेंगे दोनों देश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के आपसी संबंधों में तनाव के बीच दोनों देश व्यापार से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस सिलसिले में पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्रालय का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अफगानिस्तान का दौरा करेगा। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि व्यापार संबंधी मामलों पर चर्चा के लिए सोमवार को अफगानिस्तान की दो दिवसीय यात्रा करेंगे। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ व्यापार और आपसी संबंधों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। अफगानिस्तान ने भी यात्रा की पुष्टि की है।

### भारत के साथ व्यापारिक संबंध फिर से बहाल करना चाहता है पाकिस्तान: विदेश मंत्री इशाक डार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री मुहम्मद इशाक डार ने भारत के साथ व्यापार संबंधों को बहाल करने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ व्यापार संबंधों को फिर से बहाल करने पर विचार कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ब्रसेल्स में परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्री मुहम्मद इशाक डार ने लंदन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि नकदी संकट से जूझ रहे उनके देश का व्यापारिक समुदाय भारत के साथ व्यापारिक गतिविधियां फिर शुरू करना चाहता है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा आर्टिकल 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द करने के बाद पाकिस्तान ने नई दिल्ली के साथ अपने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया है। पाकिस्तान ने कहा कि इस फैसले ने पड़ोसियों के बीच बातचीत के माहौल को कमजोर कर दिया है।

### पीटीआई को चुनावी धांधली के खिलाफ प्रदर्शन की नहीं मिली अनुमति

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई आठ फरवरी को हुए चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ 30 मार्च को इस्लामाबाद में विरोध रैली की तैयारी कर रही है। इस बीच, पाकिस्तानी अधिकारियों ने पार्टी के प्रदर्शन करने के प्लान को बड़ा झटका दिया है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों के चलते पीटीआई को विरोध रैली करने की अनुमति नहीं दी। गौरतलब है कि पीटीआई ने 30 मार्च को एक विरोध रैली आयोजित करने की अनुमति मांगी दी।

# जम्मू-कश्मीर में दिखने लगा है बदलाव: जयशंकर

सिंगापुर, एजेंसी

- सिंगापुर में विदेश मंत्री ने गिनाए आर्टिकल 370 हटाने के फायदे



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को सिंगापुर में अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान कहा कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी उपाय था और इसने देश के प्रगतिशील कानूनों को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में लागू होने से रोक है।

सिंगापुर में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बदलाव के फायदे अब दिखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 भारतीय संविधान का एक अस्थायी उपाय था और इसे आगे बढ़ाने से दो चीजें हुईं। इससे एक देश के रूप में हमें नुकसान हुआ।

उन्होंने कहा, सबसे पहले अनुच्छेद 370 से अलगाववाद, हिंसा और आतंकवाद को बढ़ावा मिला, जिससे यह पूरे देश की सुरक्षा के लिए समस्या बन गया। दूसरा इससे देश के प्रगतिशील कानूनों को उस समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में लागू होने से रोक दिया।

बता दें कि 5 अगस्त 2019 में भारत सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था। जम्मू और कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को रद्द कर दिया और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया। उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आज जो बदलाव हुआ है उसका फायदा आप देख सकते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर शनिवार से तीन दिवसीय दौरे पर सिंगापुर में हैं।

## आसमान से बरसी राहत...



**गाजा :** गाजा में मानवीय सहायता की उम्मीद में बैठे लोगों के लिए रविवार को विमान से मदद पहुंचाई गई। विमानों ने युद्धग्रस्त गाजा में पैराशूट के माध्यम से खाने के पैकट गिराए। बता दें, गाजा में एक चौथाई आबादी अकाल से बस एक कदम दूर है। फिलहाल गाजा में भुखमरी और गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है। डब्लूएचओ ने कहा- अस्पतालों में दवाईयां, मेडिकल सप्लाई, खाना और ईंधन लेकर जा रहे काफिले को भूख से परेशान लोग रास्ते में ही लूट रहे हैं, जिससे उनकी सप्लाई बाधित हो रही है।

### आईएसआईएस से संबंध रखने पर आईआईटी गुवाहाटी का छात्र गिरफ्तार

**गुवाहाटी, एजेंसी।** तीन दिन पहले आईएसआईएस इंडिया के प्रमुख हारिस फारूकी उर्फ हरीश अजमल फारुखी को गिरफ्तार किया गया था। मामले में ताबड़तोड़ छानबीन के बीच आईएसआईएस से संबंध के आरोप में आईआईटी का छात्र तौसीफ अली फारूकी गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब है कि आरोपी तौसीफ अली फारूकी, जो आईआईटी गुवाहाटी में बायोसाइंस के चौथे वर्ष का छात्रा है, उसे शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। असम पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के महानिरीक्षक पार्थसारथी महंत ने बताया कि उससे पूछताछ के बाद हमें आईएसआईएस के साथ उसके संबंधों के विश्वसनीय सबूत मिले। जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पार्थसारथी ने कहा कि आरोपी छात्र को अदालत में पेश किया, जिसे 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। हमने आईआईटी-गुवाहाटी परिसर के अंदर उसके छात्रावास के कमरे में भी तलाशी ली है, छानबीन कर रहे हैं।

# अमेरिका में एक और भारतवंशी की मौत, हादसे में गई महिला की जान

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय वाणिज्य दूतावास ने दी जानकारी, साल 2024 में अब तक आठ भारतीयों की मौत

अमेरिका में भारतीय मूल की 21 वर्षीय महिला की मौत हो गई। न्यूयॉर्क स्थिक भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर बताया कि पेंसिल्वेनिया में हुए कार हादसे में भारतीय मूल की महिला अर्शिया जोशी की मौत हो गई। दूतावास द्वारा अर्शिया जोशी के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई है।

वाणिज्य दूतावास ने बताया कि वह लगातार अर्शिया जोशी के परिवार और स्थानीय नेताओं के संपर्क में है। दूतावास द्वारा अर्शिया के पार्थिव शरीर को भारत वापस लाने के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया है। एक्स पर की गई पोस्ट में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने बताया कि 21 मार्च को पेंसिल्वेनिया में एक दुखद कार दुर्घटना हुई, जिसमें अर्शिया जोशी की मौत हो गई। अर्शिया के परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदना है, उनकी आत्मा को शांति मिले। आगे लिखा है कि आर्शिया के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत लाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

इस साल यानी 2024 में अमेरिका में आठ भारतीय और भारतीय मूल के लोगों की मौत हो चुकी है। उधर भारतवंशियों पर लगातार हमले की घटनाएं भी सामने आई हैं। इस वजह से वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों में डर का माहौल है। मार्च 2024 में वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के छात्र और कुचुपुड़ी डांसर अमरनाथ घोष को सेंट लुइस में गोली मार दी गई थी। पश्चिम बंगाल के रहने वाले अमरनाथ घोष साल 2023 में अमेरिका चले गए थे।

**अध्ययन** 20 देशों में किए गए सर्वे में हुआ खुलासा, अवसर बढ़ने के साथ लड़कियां ज्यादा उदार हो रहीं

# शिक्षा-नौकरी में पिछड़ने से युवाओं का बदल रहा व्यवहार

न्यूयॉर्क, एजेंसी

लड़के-लड़कियों के पालन-पोषण में अलग-अलग अनुभवों की वजह से जीवन को देखने का नजरिया अलग होता है। बीते 20 वर्षों में दोनों की सोच में फासला तेजी से बढ़ा है। अवसर और शिक्षा के बढ़ते स्तर के साथ लड़कियां दो दशक पहले की तुलना में ज्यादा खुले विचारों वाली हो गई हैं।

वे राजनीति में उदारवादी पार्टियों को ज्यादा पसंद करने लगी हैं। वहीं, लड़के उग्र दक्षिणपंथी नेताओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। 20 समृद्ध देशों में हुए एक सर्वे में दोनों की सोच का यह अंतर 27% तक बढ़ गया है। महिलाओं के बढ़ते अधिकारों को लेकर लड़के ज्यादा आलोचनात्मक हो रहे हैं। उनका कहना है कि 'फेमिनिज्म' की बात कुछ ज्यादा ही हो गई है। ब्रिटिश लड़कों का मानना है कि उनके लिए जिंदगी मुश्किल हो गई। वहीं, लड़कियां हिंसा, कठोर गर्भपात कानून, वेतन में भेदभाव और घर के काम में ज्यादा भागीदारी को लेकर चिंतित हैं। चीन में 35,000 लोगों पर सर्वे किया गया। इसमें ज्यादातर लड़कों ने कहा, 'लड़कियों को पहले घर पर ध्यान देना चाहिए' और 'कॉस्ट कटिंग में पहले महिला कर्मचारियों को निकालना चाहिए।' वहीं, बराबरी के हक पर लड़कियां अपनी मां की तुलना में ज्यादा मुखर हैं। वे ऐसा जीवनसाथी चाहती हैं जो घर के कामों में बराबर हाथ बंटाए और उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता दे। हालांकि ज्यादातर लड़कियों का मानाना है कि उन्हें ऐसी सोच वाले लड़के नहीं मिल रहे हैं। विचारों में इस फासले का असर केवल निजी संबंधों पर ही नहीं है, बल्कि राजनीतिक सोच, परिवार की संरचना और सामाजिक मूल्यों पर भी पड़ रहा है। इससे भविष्य में यह टकराव और बढ़ सकता है।

विशेषज्ञ का कहना है कि यह गैप लड़कियों की साक्षरता में बढ़ोतरी, घटते लैंगिक भेदभाव और सोशल मीडिया पर ध्रुवीकरण से बढ़ा है। उनका मानना है कि लड़कों के लिए कुछ ऐसी नीतियां लानी होंगी। बेहतर शिक्षा से लड़के कम उग्र होंगे और संभवतः महिला साथी से उनके विचारों का गैप कम हो। लड़कों को नौकरी में मदद की जरूरत होगी। नर्सिंग जैसे उन क्षेत्रों में वोकेशनल शिक्षा दी जा सकती है, जिनमें पारंपरिक रूप से महिलाएं हावी हैं।

### यूरोप में 46 फीसदी लड़कियां उच्च शिक्षा ले रही हैं जबकि लड़के 35 फीसदी ही हैं



यूरोपीय संघ में, 46% युवा लड़कियां उच्च शिक्षा ले रही हैं, जबकि केवल 35% युवा लड़के इसे हासिल कर पा रहे हैं। इसका मतलब यह है कि लड़कियां ज्यादा शिक्षित हो रही हैं और खुली सोच रखती हैं, जबकि लड़के पीछे रह जा रहे हैं। अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया जैसे 20 विकसित देशों में, 28% लड़के स्कूली शिक्षा भी। पूरी नहीं करते हैं। वहीं, महज 18% लड़कियां ही स्कूल छोड़ती हैं। शिक्षा और नौकरी में महिलाओं के बढ़ते रोल से लड़कों में असंतोष पैदा हा रहा है। लड़के अपने नुकसान का दोष भी लड़कियों पर लगा रहे हैं।

### वयस्कों पर टीबी एमटीबीवैक वैक्सीन का ट्रायल शुरू

**नई दिल्ली।** भारत में वयस्कों पर तपेदिक वैक्सीन एमटीबीवैक का क्लिनिकल ट्रायल शुरू हो गया है। स्पैनिश बायोफार्मास्युटिकल कंपनी, बायोफैब्री द्वारा मानव स्रोत से प्राप्त तपेदिक के खिलाफ यह पहला टीका होगा। भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड ने रविवार को इसकी जानकारी दी है।

कहा गया है कि माउंटबवैक को दो उद्देश्यों के लिए विकसित किया जा रहा है। सबसे पहले नवजात शिशुओं के लिए बीसीजी (बैसिलस कैलमेट गुएरिन) की तुलना में अधिक प्रभावी और संभावित रूप से लंबे समय तक चलने वाला टीका होगा। वहीं, दूसरा यह वयस्कों और किशोरों में टीबी की रोकथाम के लिए होगा, जिनके लिए वर्तमान में कोई प्रभावी टीका नहीं बना है। यह ट्रायल भारत बायोटेक द्वारा बायोफैब्री के सहयोग से किए गए हैं।

# मुइज्जू जिद्दी न बनें, भारत से मतभेद सुलझाएं: पूर्व राष्ट्रपति

माले, एजेंसी



भारत और मालदीव विवाद पर राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को उन्हीं के देश के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति मुइज्जू को जिद्दी होना नहीं चाहिए, बल्कि वित्तीय चुनौतियों से पार पाने के लिए पड़ोसी राष्ट्रों के साथ बातचीत करनी चाहिए।

माफन्नू में चार निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी(एमडीपी) के संसदीय उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने के लिए माले में एक कार्यक्रम में बोलते हुए सोलिह ने कहा कि मैंने कई मीडिया रिपोर्ट्स देखी है, जो बताती है मुइज्जू ऋण पुनर्गठन के लिए भारत से बात करना चाहता है। सोलिह ने कहा कि मालदीव पर चीन का 18 बिलियन एमवीआर का कर्ज है, जबकि भारत का 8 बिलियन एमवीआर का कर्ज है और भुगतान की अवधि 25 वर्ष है।

सोलिह ने कहा कि हालांकि, मुझे विश्वास है कि हमारा पड़ोसी देश मदद करेगा। हमें जिद्दी होना बंद करना चाहिए और बातचीत करनी चाहिए। कई पार्टियां हैं जो हमारी मदद कर सकती हैं। लेकिन मुइज्जू समझौता नहीं करना चाहते हैं। हालांकि अब वह स्थिति को समझने लगे हैं। पूर्व राष्ट्रपति सोलिह ने कहा कि सरकार जनता को धोखा दे रही है और एमडीपी सरकार द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं को दोबारा शुरू कर रही है।

### रूस ने यूक्रेन पर दागीं मिसाइलें, 30 सैनिकों की मौत

**कीव।** रूस ने पिछले चार दिन में यूक्रेन पर तीसरा बड़ा मिसाइल हमला किया है। अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन की राजधानी कीव और ल्वीव के पश्चिमी क्षेत्र पर रविवार तड़के बड़े पैमाने पर रूसी हवाई हमला किया गया। इस बीच, पोलैंड की सेना ने कहा कि पश्चिमी यूक्रेन में दागी गई मिसाइलों में से एक रविवार को उसके हवाई क्षेत्र में घुस गई।

कीव के सैन्य प्रशासन ने कहा कि रूस ने टीयू-95एमएस रणनीतिक बमवर्षकों से दागी गई क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि हमले में 30 यूक्रेनी सैनिकों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। नाटो के सदस्य पोलैंड की ऑपरेशन कमान ने एक बयान में कहा कि पश्चिमी यूक्रेन के शहरों के खिलाफ रूस द्वारा दागी गई क्रूज मिसाइलों में से एक ने सुबह पोलैंड के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया।